an>

Title: Further discussion on Budget (General) for 2015-2016, Demands for grants on Account (General) for 2015-2016 and supplementary demands for grants in respect of Budget (General) for 2014-15.

HON. SPEAKER: Now we will take up Item Nos. 12 to 14 together.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: There will be no 'Zero Hour' today. Shri Veerappa Moily to speak.

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** वीरप्पा जी, एक मिनट रुकिए। आज जीरो ऑवर नहीं होगा। मैं एक बात सबको कहना चाहूंगी कि जो बारिश हुई है, ओले गिरे हैं, बहुत सारे लोग मेरे पास आए थे, उसके संदर्भ में चाहे राजस्थान हो या कोई और हो, हर प्रदेश से आए थे। हम एग्रेरियन क्राइसिस पर चर्चा ले ही रहे हैं, इसलिए मैं आप सबको कहूंगी कि उस दौरान या कल समय मिला तो कल भी आप इस विषय को उठा सकेंगे। धन्यवाद।

वीरप्पा मोइली जी।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** इसे कल करेंगे। मैंने बोला है, इस विषय पर आप सबको कल मौका दूंगी।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने खुद बोला है, यह सब जगह हुआ है, सब प्रदेशों में हुआ है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I have called Shri Veerappa Moily. Only Shri Moily's speech would go on record and nothing else will go on record.

...(*Interruptions*) *â€¦

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने खुद बोला है, सब प्रदेशों में नुकसान हुआ है। जहां नुकसान नहीं हुआ था, वह बीते दो दिन में हुई बारिश और ओले से नुकसान हुआ है। सब प्रदेश वाले कहीं न कहीं इस बात से चिंतित हैं। मगर इस पर चर्चा एग्रेरियन क्राइसिस में भी होनी है। I am sorry.

SHRI M. VEERAPPA MOILY (CHIKKABALLAPUR): Respected Speaker, I am thankful for the opportunity given to me to initiate the debate on Budget.

We have an excellent Minister in Shri Arun Jaitleyji and that is why I was more serious in going through this Budget as also the philosophy, the ideology and also the strategy. Now that the din and buzz about the Budget has subsided, it would be useful to make a reality check on its contribution to fiscal consolidation and enhancing private and public investment. The favourable environment for fiscal consolidation was created by the low oil prices and postponement of fiscal consolidation target by one year is bound to be looked at with skepticism by the rating agencies as also by all of us. That is why, I have been very careful in analyzing the Budget in the background of economic environment in the country.

When you have a closer look at the numbers, they show that relaxation in the fiscal target has not added much to the investment expenditure. The capital expenditure of the Government is at the same level as was budgeted for 2014-15 at 1.7 per cent. One can also question the wisdom of adding to the existing subsidies and transfer for schemes which are in the State List such as housing for all, 24 hour supply of power, water, rural connectivity, electrification, good health, education and enhancing agricultural productivity. The Government would do well to focus on efficient delivery of public services under the Union and Concurrent Lists.

While the prevailing low oil prices have helped to contain subsidies and the direct benefit transfer is a reform for the future, of course, all of these measures and initiatives had started from the time of the UPA. You have given us the advantage of a *Shayari*. I was going through that. But when I talked to my friends, they had one thing to substitute, that is the last paragraph of your Budget speech. I am not well versed in Hindi, but I am making an attempt. "कुछ तो फूल खिलाएं हम, और कुछ फूल खिलाने हैं, मुश्किल है यह बाग में, अब तक सिर्फ कांटे हैं। " But I think, that has been substituted by some of my friends as सब कागज के फूल निकाले।

A close look at the Budget allocation reveals that the Union Government has cut down the block grants given by the Planning Commission. In the year 2014-15, this amounted to Rs. 58,355 crore, equivalent to 5.5 per cent of the divisible pool. In addition, the various sectoral grants for education, environment, upgradation of Judiciary and other discretionary grants given by the 13th Finance Commission for 2014-15 works out to be about Rs. 15,000 crore, inclusive of all cuts, which is about 1.5 per cent of the divisible pool. The grants subsumed in the higher education is about 7 per cent of the pool, which means the additional devolution works out to just about three percentage points.

At the same time, this provides an opportunity for the Union Government to rationalise the Centrally-sponsored schemes which has not been done. In the current Budget, for example, the allocation for various schemes such as in agriculture it has been reduced to Rs. 5000 crore, in National Rural Drinking Water programme, it has been reduced by Rs. 6700 crore. In elementary education, it has been reduced by about Rs. 9,500 crore. In ICDS, which has been meant for the children, it has been reduced by Rs. 8,300 crore and together these constitute to another 2.8 per cent of the divisible pool. So, there has not been much of change in total transfer to States, even though we found a lot of advertisements by some of the Chief Ministers of the BJP ruled States. All the Chief Ministers of BJP ruled States thanked the Central Government for giving more devolution. But ultimately not even a percentage has been changed. Only 32 per cent was the untied grant earlier and now another 10 per cent was only the untied grant. Now, what the Government has done is that they have made everything untied. Not even a pie has been increased. I think, now all these Chief Ministers should give a revised statement that they had given a wrong advertisement earlier and that not even a pie has been increased in this

Budget. I do not know how they got that impression.

What is important is that the States have got greater flexibility to make applications now. I know it very well. It is because of the 14th Finance Commission. The gift is from the 14th Finance Commission. The 14th Finance Commission was constituted by the UPA-II Government. The Commission gave a report and it became very handy for this Government and in that sense this Government is lucky. Lower crude prices and the recommendations of the 14th Finance Commission have become very handy to this Government. But only one recommendation has been implemented and with regard to the rest of the recommendations, the Government will, of course, take its own time to implement them.

In fact, on the tax side, the reforms are totally disappointing. Additional investment allowance, depreciation allowance for the new set up in the notified areas of Andhra Pradesh and Telangana is no doubt welcome. But does the Government know about the implications? There will be a flight of capital in all the neighbouring States like Karnataka, Kerala and Bihar. There should be a method followed. While giving some incentives to one State ...(*Interruptions*) I think you have not heard me. We welcome that but while doing it, you should also ensure that there should not be a flight of capital. I do not know whether MPs are hearing me or not. All of them will go and invest and there is nothing wrong in it. But the question is, how you can create this kind of an inequality and inequity between one State and the other State. It is a major issue. After all, you are an arbitrator. Sitting in the Government of India, you will have to look after the interests of every State.

There are a number of legislations made here. While creating Telengana and Andhra Pradesh, there were a number of packages which were proposed. You could have given them. That would have highly benefited them. You do not do that. But you are doing things which discriminate the rest of the States by means of flight of capital. Perhaps, many of the States are yet to realize the gravest implications of this aspect.

In fact, it would be unwise to have a duty structure based on the end use commodity. You have done that. That is not going to help. For example, cement continues to be taxed at a specified rate. As far as housing is concerned, you have given encouragement but taxation does not take care of housing and at the same time, you say 'Housing for All'. There is an absolute contradiction. More than that, while the Union Government continues to declare that full-fledged GST will be implemented in April, 2016, how do you appreciate your *bona fides*? You have not spelt out the roadmap for implementation of GST. And standalone assurance will not help any longer. There should be a roadmap. Maybe, while giving the reply to the discussion, you are entitled to give a roadmap.

The Government has increased the surcharge on excise duties and increased the service tax rates mainly by increasing the cesses and surcharges. By this, you are deprived of the resources of the State Governments because cesses and surcharges will not be transferred to the States. On the one hand, you say that everything is given to the State and on the other hand, you take it away by other means.

Euphoria about the Budget on reviving the economy is totally misplaced. Of course, reforms are a process. I can understand and I appreciate them. It is not an event that can be carried out throughout the year. There is plenty which the Government can do in the coming days. I do appreciate it but there is no hope as on today.

You have abolished Planning Commission but the Prime Minister has said that planning process will continue in the 12th Five Year Plan. There is an absolute contradiction here. As regards relevance of planning in India, whether you do it by NITI Aayog or the Planning Commission, it is relevant even today. There is a need for planning in the market economy. I know very well that there is advice from the market economists saying that the word 'planning' itself is abhor but they forget that planning is also relevant for market economy. We cannot sell away our economy to market economists. We will have to be aware and beware of market economists who are making this kind of an advice.

Abolition of planning will remove one of the main instruments of State for pro-active strategic intervention for social transformation, upliftment through central planning, creating an equitable and inclusive society.

In fact, last time also I said that while abolishing certain institutions which are time-tested institutions like the Planning Commission, you should remember that they have built this country. I have read a book wherein it is said that if institutions fail, then nation will fail. Nations will fail because of the collapse of institutions. This has been proved in a number of countries. I can quote them. South Korea and North Korea are the living examples of this. South Korea has succeeded because of the institutions that they have created; and on the other hand, North Korea failed because of the collapse of the institutions and because institutions were not built. That is how its economy has failed. I think these are the living examples which we have.

There is a move to distribute the Planning functions to the Ministry of Finance. There has always been a fight between the Ministry of Finance and the Planning Commission. How can the Ministry of Finance take over the job of allocation of finances? They cannot be objective. In that process, they will distort everything. Ultimately, the Ministry of Finance has succeeded over the Planning Commission. Bureaucracy has succeeded over the Planning Commission. That is the ultimate result.

I have no problem over the creation of NITI Aayog. It was said that the NITI Aayog will also take over the process of Planning Commission.

On inflation, you have made the RBI to target it. But there should be an Expert Committee to examine this matter. Evolve a policy like that, a policy tool that was in vogue globally till 2008. But that has been partially blamed for global great recession and was eventually shunned by many countries because it places blinkers on the Central Bankers.

The Urjit Patel Committee has given a number of recommendations. The decision that you have taken is contrary to the recommendation of that Committee. I do not know from where you got this bright idea. All the Experts Committees have been telling that this should not be done. In fact, the inflation or the monetary policy is evolved in many countries by the Parliament itself. Such an onerous duty has been handed over to the RBI. But here, the handling of monetary policy, particularly targeting the inflation, has been taken over by the RBI.

You are not in a position to reduce the interest rates even till today, even though every other country, like Japan, China, etc. has done it. But the RBI refuses to do that because they are not in a position to take over the responsibility. They do not want to take over the responsibility. They

may or may not be right. But ultimately they shirk taking the responsibility. This is a major issue.

The *Economic Survey* says, 'From the macro economic perspective the worst is clearly behind us. The latest indicators emerging from the recently revised estimates of the national income brought out by the Central Statistical Office points to the fact that the revival of growth has started in 2013-14 and retained further vigour in 2014-15." This is your own document. But you claim that you are building the economy of the country on the ruins of the earlier Government. It is not supported by your own document, by your own evidence. It is also said, 'Factors like steep decline in oil prices, plentiful flow of funds from the rest of the world and the potential impact of the reform measure initiatives of our Government at the Centre along with this commitment to calibrated fiscal management and consolidation bode well for the growth prospects". It is not correct. Macro economic factors are big concerns. There is an economic stagnation. The growth of manufacturing in July – September, 2014 was 0.1 per cent. There is a reduction in the growth of manufacturing sector from 5.6 per cent in 2013-14 to 5.4 per cent. These are all facts. The growth in investment, the foundation of future production, was virtually zero. There has been massive reduction in growth in agriculture, forestry from 3.4 per cent in 2013-14 to 1.4 per cent. Where are the parameters? There is no perception in saying that the earlier Government has failed and you have succeeded in that. I can understand that 10 months or one year is too short a period but the perception has been created. You have been talking about it everywhere. The manufacturing sector grew by 5.9 per cent between Q3 2012-2013 and Q3 2013-2014. Between Q3 2013-14 and Q3 2014-15, the said sectors grew by 4.2 per cent. Had the base price of 2004-05 been taken, the growth of the manufacturing sector would have been lower in each of the quarters as opposed to the growth calculated by using 2011-12 as the base price.

The changing fortunes of India have been nothing short of being dramatically positive. Inflation has declined by over 6 percentage points since 2013, not 2014. The Current Account Deficit has shrivelled from a peak of 6.7 per cent of GDP in 2012-13. In the nearly 12 quarter phase of deceleration, economic growth averaged 6.7 per cent but since 2013-2014, it has been growing at 7.2 per cent on an average, the latter based on the new growth according to the revised one.

I am telling you about deflation which is knocking at your door. John Maynard Keyens, the great Economist said:

"The evil of deflation is that it retarded the creation of new wealth by destroying jobs and incomes."

That is why, now, you do not find any increase in jobs. You do not find any increase in income either through taxation or non-tax revenues.

Deflation can be defined when the economy experiences negative inflation with further expectation of prices to fall and therefore consumers prefer to postpone purchases leading to a fall and contraction in the aggregate demand for goods and services. This hits the industry in a way that creates idle capacity and in turn leads to losses and job cuts which further enhances the negative sentiment in the economy. We are in that precipice. While inflation is a measure signifying an increase in prices, deflation is just the opposite and indicates a contraction in demand for goods and services and hence a fall in price. I think the Finance Minister will have to be very cautious about this. I am quoting this because there is a background.

Coming to the Indian scenario, the latest research note released by Morgan and Stanley say and I quote:

"India has now entered the deflation club in (Asia outside of Japan) the region where 7 of the 10 countries already have (producer price indexes) in the deflation territory."

It is according to Morgan and Stanley. They say that you have already entered the territory. What is there to prevent it? I do not think there are any words in the Budget Speech. The Budget has not mentioned this. It has not taken care of this or addressed this question.

What has the Budget 2015-16 given? All the grants by the Planning Commission have been cut down. Take any item for that matter. The sectoral grants have been discontinued but money saved is 1.5 per cent of the divisible pool. As a proportion to the divisible pool plan, the grant will work out to be 5.5 per cent. Overall devolution to the States remains at 62 per cent only. There is absolutely not even a paisa of increase. The untied devolution was 32 per cent and tied was 10 per cent. Now, everything is untied – 42 per cent. The Budgetary grants have been cut down. I have already said about agriculture. ICDS, Health are all crucial sectors. So, no additional money is going to the States. If you are generous enough, if you are true to your words, maybe out of 58 per cent which the Government of India is getting, if you had at least parted with 5 to 10 per cent, then, we would have appreciated you. What is the generosity? What is the generosity in giving back their money, their own share? You want to be patted on the back. There are people who pat you on the back. There is very great funding gap now with the State Governments. The fiscal deficit of 2014-15 was Rs.16,18,000 crore.In 2015-16, it is Rs.17.77 lakh crore. This is continuously happening. We could see revenue cut down. We could see removing of concessions in corporation tax in the next four years. Which are the concessions? Where is the roadmap? It is absolutely not clear. The GST is supposed to be brought in 2016-17, which I had mentioned already. No roadmap has been set out. To what extent State Governments are involving in this? Have you initiated or entered into any agreements with the State Governments? What is the guarantee that States would agree? How can you determine the target date without working out a roadmap? Have you fixed any month-wise target? Where is the roadmap?

I am illustrating a few of the items. Sir, 12 schemes have been abandoned now – 6,000 model schools. Backward districts grants are curtailed. Development is very important in creating equity among the States. The abandoned schemes include the scheme meant for the Scheduled Tribes. Sir, accelerated water scheme is abandoned. This would give rise to inequality in India. There have been heavy cuts in the programmes meant for children, women, and SCs and STs.

During the UPA Government, we have extended the benefit to 24.6 crore people; zero accounts were maintained. Now, you talk about *Jan Dhan* Scheme. What you have done is only 12 crore. Even this 12 crore may be within 24.6 crore; zero accounts, which was maintained by the UPA Government. We have the National Skill Development Corporation headed by Shri Ramadorai. The same person is presiding, which we had started during the UPA regime; there is nothing new. During 2013-14, our achievement was 6.9 per cent plus one quarter. Now, it is 7.4 per cent, according to the Revised Estimates.

On black money, not even a single name has been added to what we have got. Not even a single case more than what we had filed against them. Then, how do you say that this is our achievement? The UPA Government had launched prosecution on 17 persons. Have you added at least one person? You can tell us. You claimed that you signed the agreement. Ultimately, in the earlier meeting, you had produced the minutes. But minutes was signed when the UPA Government was there, as far as black money is concerned. You have hidden that fact.

There is one more dangerous proposition, which your Government is doing. While doing ease of business, the Centre intends to start ranking States on the ease of business, and getting clearances, quietly pushing cooperative federalism. On cooperative federalism, the Prime Minister said that they are pushing it up to the State Governments. This is what it contains. Can you club all the States together in this country? There are States and States where the GDP is the lowest; the percentage is the lowest. What will be the equity? With this grading, you would be denying many of the States the advantage which otherwise they would have got it in the earlier parlance.. This is a very dangerous trend and proposition.

As far as job creation is concerned, there are 700 million people living without dignity, who need to be lifted out of their desperation. In fact, 13 million young people will enter the workforce every year. During 2009-10, 2011-12, the UPA Government added 13.9 million persons to the workforce. What is the current result? Within three months of launch of `Make in India' campaign, the response was very good. Sir, 4,896 applications were filed.

13.00 hrs.

But, there is high-profile campaign; nothing has gone beyond that. Firms find it difficult to commit for R&D in the absence of a guaranteed order whether it is Defence or anything. Baba Kalyani, an industrialist said: "We have got a lot of people who have come and evinced interest. But, at the end of the day, they will say that India is the largest importer. If India is not buying, why should I?"

There should be a proper package. Merely declaring a policy will not take you anywhere unless there is proper marketing created in the country itself. That has not been done. In fact, as far as manufacturing sector is concerned, it could not pick up. The only problem in India is the cost of conducting business there in terms of spectrum, tax challenges and everything. Vodafone CEO said: "It is not possible or there is a court case and somebody has gone against you."

There is no respite to investors from tax tangles. Nothing has been done. There are a number of things which will hinder it. Even Deepak Parekh gave a statement that the investors are tired of waiting till today. It is another factor whether you will improve it or not. But till today, it has been there.

There is an important thing like the Special Economic Zones. I do not find even a minimum mention of it in your Budget Speech. There is nothing to encourage investment. There is total uncertainty in the investment. The Reserve Bank Governor himself says, that runs in terms of the poor risk appetite. You know, this perception should have lifted that. That is still at the lowest ebb. The current strategy to get embroiled in the high-profit, high-risk world of finance may turn out to be a dangerous game for the economy.

Our PSU Banks are not performing well. All put together, NPAs or distressed loans, it comes to around 20 per cent. Maybe that, even in 2008, at the worst crisis, none of our banks suffered; none of the banks were closed. But now the thing has come to that precipice that maybe the banks will suffer very heavily. World-over they suffered, but in India they did not suffer. Now it seems that our banks will suffer.

In fact, I, as a Petroleum Minister, had prepared a roadmap for making this country self-sufficient in crude oil by 2030. None of the initiatives that were taken have been taken forward. No initiatives have been taken to take it further whether it is the Coal-Bed Methane (CBM) or the Shale Gas.

In fact, fiscal deficit and low income constrain India's rating. India's rating is very low. This is the S&P rating. In fact, looming shadow of the Budget will dominate trading decisions. They are not going to help at all.

I know, our friends will definitely talk about other things. As far as MGNREGA is concerned, there is a total fall in the job creation, a total fall in the allocation both in 2014-15 and also even now the Budget has not done anything to improve that.

HON. SPEAKER: Leave something for your colleagues also.

SHRI M. VEERAPPA MOILY : No, I am leaving. I am coming to a close. In fact, spending on health care in India is already one of the lowest even in the developing world. There is no improvement. Why is it so? If the MGNREGA is bad and it is only on the ruins of the UPA regime, why should the Prime Minister in his previous avatar as Chief Minister implement the MGNREGA in a big way? Now, it has also come down very badly. In fact, the MSP has come down drastically. You have not done much to improve it. Franklin D. Roosevelt said:

> "â€¦The test of our progress is not whether we add more to the abundance of those who have much; it is whether we provide enough for those who have too little."

But here you have added more to the persons who are much richer. In fact, we have a great window of opportunity in a demographic dividend for another 30 years. I thought that you will definitely do that. I would again like to quote one sloka which is more relevant, particularly, at this juncture.

"ॐ सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु ।
सह वीर्यं करवावहै, तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ।
ॐ शान्तः शान्तः शांतः।।"

(May God protect us together! May He accept us together! May we pray together! May wisdom illumine our minds! May be we free from all discord! Let there be peace, peace, peace.)

This is one piece of advice which I would like to give to the Government. This is the environment which we need to create.

Thank you very much.

श्री हुकमदेव नारायण यादव **(मधुबनी) :** अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात कहने से पहले अपने दल के नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने आम बजट की सामान्य चर्चा पर मुझे बोलने का प्रथम अवसर दिया है। मैं स्वभाव से ही गांव का किसान हूं। गांव में पैदा हुआ, गांव में पला, गांव में बड़ा हुआ। किसी तरह से राजनीति की धारा में चलते-चलते यहां तक मैं पहुंच गया। लेकिन जब मैं कभी बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो मेरी नज़र वहीं रहती है। चौधरी चरण सिंह जब भारत के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने मुझे एक बार कहा था कि हुकमदेव मैं भारत का प्रधानमंत्री हूं लेकिन दिन में एक बार मेरी नज़र अपने गांव की तरफ चली जाती है। वही कच्ची दीवार , फूस का छप्पर, कच्चा कुआं, गाय, भैंस, बकरी, ज्वार, बाजरा दिखाई देता है। अध्यक्ष जी, आप तो संस्कृत के विद्वान हैं, जो जहां पैदा होता है, जिस संस्कार में पलता है, मनुष्य सब कुछ भूल सकता है लेकिन जिस संस्कार में पला है, बड़ा हुआ है, उसे वह कभी नहीं भूल सकता है। मैं तो गांव के संस्कार में पला हूं, वहीं बड़ा हुआ हूं। मैंने गोबर देखा, मैंने बकरी की गनती की, मैंने भैंस की गिनती की और जब से लोकसभा में आया हूं तो आंकड़ों की गिनती करनी पड़ती है, फिसकल डेफिसिट, रेवेन्यु डेफिसिट, मुझे समझ नहीं आता है कि बकरी गिनूं या भैंस गिनूं या डेफिसिट गिनूं।

माननीय अध्यक्ष **:** आप यहां डेफिसिट गिनिए।

श्री हुकमदेव नारायण यादव **:** हम तो केवल वही खोजते हैं, जैसे लंका विजय के बाद जब वानर-भालू के बीच मणि की माला वितरित की जा रही थी, तब सभी मणि को बंदर तोड़-तोड़ कर देख रहे थे। सब बड़े लोग हंस पड़े कि आखिर यह बंदर तो बंदर ही है। उससे पूछा कि आखिर यह माला क्यों तोड़ रहे हो तो उसने जवाब दिया कि मैं हर दाने में सीता-राम की मूर्ति देखना चाहता हूं और जिस दाने में सीता-राम की मूर्ति नहीं है, वह मेरे लिए निरर्थक है। मैं बजट के हर पन्ने को पढ़ता हूं तो देखता हूं कि उसमें किसान कहां है, मजदूर कहां है, गांव कहां है, उसमें हमारे गाय-भैंस के चारा-दाना के लिए कुछ है या नहीं है, इसमें गांव की गरीब औरतें जो खेत में काम करती हैं, पसीना बहाती हैं, मिट्टी-पानी में काम करती हैं, उनके शरीर से बदबू आती है, उनको जीवन में कभी एक बार भी लक्स और रेक्सोना साबुन, लिपिस्टिक और पाउडर लगाने के लिए नहीं मिलता है। क्या उसकी दुनिया को इन्होंने देखा था, मैं उन्हीं से पूछना चाहता हूं, आप बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

"आगे दिन पीछे गए, गुरू से किया न हेत,
अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गयी खेत। "

जिस समय आपको गांव को देखना था, किसान को देखना था, मजदूर को देखना था, गरीब को देखना था, पिछड़े को देखना था, दलित को देखना था, गांव की सड़कों को देखना था, गलियों को देखना था, कुएं को देखना था, क्या आपने देखा था? आप कहीं और देखते रह गए। एक ही हिन्दुस्तान में आपने दो हिन्दुस्तान बना दिए। एक है भारत, दूसरा है इंडिया, दैट इज कॉल्ड हिन्दुस्तान। यह आपने बनाया है। मैं आज भी कहता हूं कि अगर मेरे गांव के किसी को उठाकर लाइए, उसकी आंख पर पट्टी बांध दें, हिन्दुस्तान के किसी भी गांव का हो, ओडिशा का हो, पश्चिम बंगाल का हो, किसी किसान को आंख पर पट्टी बांधकर लाएं और इंडिया गेट के पास खड़ा करके उसकी आंख खोल दें, तो उसे लगेगा कि पता नहीं मैं स्वर्ग में चला आया, बैकुण्ठ में चला आया या इन्द्रपुरी चला आया। दोनों जगहों में इतना ज्यादा अंतर है। मैं वर्ष 1977 में एमपी बनकर आया, इंडिया गेट के पास पैदल टहल रहा था। एक बड़ी गाड़ी में एक बड़ा सा कुत्ता जा रहा था, वह अपने अपने मुंह को निकालकर अपनी जीभ लपलपाते हुए जा रहा था। मैं गांव का आदमी खड़ा होकर सोचने लगा कि यह कुत्ता जरूर कुछ कह रहा है। मैंने पहले कभी दिल्ली देखा नहीं था, मुझे लगा कि यह कुत्ता कह रहा है कि हे, गांव के किसान, गरीब, मजदूर, पिछड़ा, दलित, तुम जन्म लेकर क्या करने आए हो, तुमसे मैं ज्यादा सौभाग्यशाली हूं। देखो, मैं ठण्डा-गर्म गाड़ी में बैठा हूं, केक खाता हूं, आमलेट-कटलेट खाता हूं, गद्दे पर सोता हूं। क्या तुमने हिन्दुस्तान देखा है? तुमसे अच्छा मैं हूं। उस दिन मुझे लगा कि इस देश के बड़े लोगों के कुत्ते भी मुझसे अच्छी जिन्दगी जी रहे हैं और मुझे उस जिन्दगी जिलाने वाले कोई और नहीं है, आप लोग हैं। आपने राज किया है, मैंने आन्दोलन किया, जेल में गये, मुझे जेल में डाल दिया। आज भी जब पूर्वा हवा चलती है, तो आपकी पुलिस की लाठी से हड्डी में जो चोट आई थी, वह कहीं न कहीं दर्द करने लगती है। तब मुझे ऐसा एहसास होता है कि जिस राज में मुझे इतना कष्ट मिला था, अगर मेरा वश चले तो उस राज को मैं सदा-सर्वदा के लिए हिन्दुस्तान से उखाड़कर, ले जाकर गया जी में उसका पिण्डदान कर दूं ताकि फिर से न निकलने पाए। क्या बात करते हैं साहब? मैं आंकड़ों में नहीं जाउंगा आप योजना आयोग की बात कह रहे थे, मैं अपने गुरू डाक्टर लोहिया की बात को आपके सामने रखना चाहता हूं। मैं नहीं बोलता, मुझे उन्होंने दृष्टि दी थी। इसी लोक सभा में 6 सितम्बर, 1963 को एक बहस हुई थी, जिसने पंडित नेहरू को भी हिला दिया था। वह बहस थी तीन आना बनाम 15 आना की। लोहिया जी ने कहा था कि मैंने 27 करोड़ हिन्दुस्तानियों के लिए तीन आने रोज की आमदनी कही, प्रधानमंत्री ने 15 आने रोज और योजना मंत्री ने साढ़े सात आने रोज की आमदनी कही है। अब प्रधानमंत्री और योजना मंत्री आपस में निपट लें कि दोनों में कौन सही है। यही आंकड़े हैं योजना आयोग के। प्रधानमंत्री कहें 15 आना, योजना मंत्री कहें साढे सात आना, जिस योजना आयोग को यह भी नहीं पता कि 15 आना सही या साढ़े सात आना सही, प्रधानमंत्री सही या योजना मंत्री सही, उस योजना आयोग को क्या हम सिर पर ढोते रहें?

"जो दर्शन करना चाहिए तो दर्पण मांजत रहिए,
जो दर्पण में लागा काई तो दरस कहां से पाई।"

आप क्या बात करते हैं साहब? यहां प्रधानमंत्री जी बैठे हैं, इस हिन्दुस्तान में जिस रोग से मैं पीड़ित हूं, वीरप्पा मोइली जी, कहीं न कहीं उसी रोग से आप भी पीड़ित हैं। आप भी पिछड़े वर्ग से हैं, मैं भी पिछड़े वर्ग से हूं।

का दुख जाने दुखिया की, का दुख जाने दुखिया मार,

जाके पैर न फटे बिवाई, सो क्या जाने पीर पराई।

आपके मल्लिकार्जुन जी भी उसी दलित समाज से हैं। क्या आपने सामाजिक पीड़ा को नहीं झेला है, भोगा नहीं है? इस हिन्दुस्तान में अगर सबसे बड़ा कारण, सबसे बड़ी चीज कोई रही है सनातन काल से, तो वह है हिन्दुस्तान की जाति प्रथा। इस जाति प्रथा के कारण क्या-क्या नहीं भोगा हमने और क्या-क्या नहीं भोगते हैं।

जब लोक सभा के चुनाव हो रहे थे, श्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए कोई कह रहा था कि मैं अपने आफिस के आगे चाय की दुकान खुलवा देता हूं, फुटपाथ पर चाय की दुकान उन्हें अलाट कर देते हैं। लोगों को इसके अलावा और कुछ कहने को नहीं मिलता है, क्यों आप उपहास करते हो? मैं लोक सभा में हूं, अगर कोई ऐसा कहे तो यह ठीक नहीं है। शरद यादव जी जब अमेठी में चुनाव लड़ने के लिए गए लोक दल से तो नारा लगा - शरद यादव वापस जाओ, लाठी लेकर भैंस चराओ। कर्पूरी ठाकुर जैसा नाई का गरीब बेटा, जिसके नेतृत्व में बिहार में इतना परिवर्तन हुआ। वह जब बिहार के मुख्य मंत्री बने तो वहां 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया, मिडिल और हाई स्कूल तक बच्चों की फीस माफ की। इसके अलावा पांच एकड़ तक की मालगुजारी माफ की। उन्हीं कर्पूरी ठाकुर के लिए भी नारा लगा - कर्पूरी ठाकुर दिल्ली जाओ, छूड़ा लेकर सैलून खोलो। क्या-क्या नहीं सहा हमने! क्या-क्या नहीं देखा हमने! इसलिए दिल के अंदर वह दर्द और पीड़ा है। आखिर कहीं न कहीं मुझे यह भी लगता है कि क्या हिन्दुस्तान के पिछड़े और दलित समाज के लोगों ने कोई अपराध किया था कि उसने उसमें जन्म लिया? क्या किसी ने भगवान के यहां दरख्वास्त दी थी कि मुझे तेली बना दो, तुहार बना दो, कुर्मी बना दो, कहार बना दो, मुझे अहीर बना दो, कलवार बना दो। कोई भी व्यक्ति भगवान के यहां दरख्वास्त देकर नहीं आया था।

मैं आज वित्त मंत्री जी को और प्रधान मंत्री जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने बजट में कुछ ऐसी योजनाओं का प्रावधान किया है, जिससे हिन्दुस्तान में जाति प्रथा के बंधन को ढीला करने का अवसर मिलेगा। जब इन लोगों की आर्थिक चेतना बढ़ेगी, आर्थिक विकास होगा, वह कब होगा, वह तब होगा जब गांव में पैसा जाएगा, जब गरीब के हाथ में रोजगार आएगा, जब उनकी आर्थिक उन्नति होगी। तब कहीं जाकर उनके जीवन में विकास होगा। क्या आपने कभी सोचा कि गावं का विकास कैसे होगा? क्या प्रधान मंत्री ग्रामीण सिंचाई योजना कोई मामूली योजना है? खर्च पर सीमा

लगाने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया ने इसी लोक सभा में बहस करते हुए पंडित नेहरू से कहा था कि मैं कुछ नहीं चाहता, यह काम कर दो कि सब लोगों के, खासकर बड़े लोगों के, खर्च पर सीमा लगा दो। आप आय पर नहीं, खर्च पर सीमा लगाओ कि इससे अधिक कोई खर्च नहीं करेगा, उससे जो पैसा आए, उससे सिंचाई योजना बनाओ और 20 साल का बॉंड बनाओ। उन्होंने कहा कि मैं और कुछ नहीं चाहता, सिर्फ हिन्दुस्तान के हर खेत में पानी पहुंचा दो, तो हिन्दुस्तान की तस्वीर बदल जाएगी। यह बात डॉ. लोहिया ने इसी सदन में कही थी। वह तो अग्रवाल थे, बनिया थे, उन्हें क्या जरूरत थी इस बात को कहने की, लेकिन मैं कहता हूं कि हिन्दुस्तान के गरीब, निर्बल और पिछड़ों का इस युग में अगर एकमात्र कोई राजनीतिक मसीहा आया तो वह डॉ. राम मनोहर लोहिया थे, जिन्होंने नेतृत्व को पैदा किया गांव की गली से। इसलिए मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सिंचाई योजना से हर खेत को पानी, हर हाथ को काम मिलेगा। लोहिया जी ने और दीन दयाल उपाध्याय जी ने कहा भी है कि - हर खेत को पानी-हर हाथ को काम एक बीघा जमीन और एक गाय, अपनी खेती अपनी राय। हम तो इस बात को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं और आज यह सपना साकार हो रहा है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि सवाल दृष्टि का है, दिशा का है और संकल्प का है। आपकी दृष्टि कुछ और थी, अब दृष्टि बदली है।

हिन्दुस्तान के गांव के गरीब, पिछड़े और दलितों ने मिलकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, कामरूप से लेकर द्वारका तक इस आशा और अरमान के साथ, आपके शब्दों में, जिन्हें आप अपने आफिस के सामने चाय की दुकान खुलवा रहे थे, वह चाय बेचने वाला, रेलवे स्टेशन के फुटपाथ पर पानी पिलाने वाला गरीब-निर्धन, जिसकी मॉं मजदूरी करती थी, उसके बेटे को भारत का प्रधान मंत्री की कुर्सी पर बिठाया कि नरेन्द्र मोदी आएगा, भारत का प्रधान मंत्री बन जाएगा, गांव, गरीब, किसान और मजदूर का भाग्य चमक जाएगा। उन्होंने इसलिए इस सपने को देखा है...(व्यवधान) क्या यह नौ महीने में पूरा हो जाएगा? आपके नेता बोल रहे थे, मैं सुन रहा था। मुलायम सिंह यादव यह बोल रहे थे, मेरे साथी हैं, बरसों तक समाजवादी आंदोलन से जुड़े रहे हैं, कि नौ महीने में तो बच्चा पैदा हो जाता था। मैंने कहा कि कितनी अवैज्ञानिक बात कर रहे हैं। यह तो वैज्ञानिकता है, प्रकृति का नियम है कि नौ महीने में बच्चा पैदा होता है, लेकिन जो बच्चा पैदा होता है, क्या वह नौ महीने में फिर से बच्चा पैदा कर देगा? कितनी अवैज्ञानिक बात बोल रहे थे। इस सरकार का नौ महीने हुए, दस महीने हुए, सरकार पैदा हुई, अब क्या सोचते हैं? इसलिए आपसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि अभी भी आप सम्भलिए।...(व्यवधान) आप बजट को क्या समझते हैं? मैं वीरप्पा मोइली साहब नहीं हूं। वीरप्पा मोइली साहब आंकड़े बता रहे थे। मैं उन आंकड़ों का जवाब दे रहा हूं कि आप इतने दिन से हमें यह आंकड़े पढ़ा रहे हैं। क्या आपने ये आंकड़े पढ़े थे कि वर्ष 1951 में किसान 71.9 परसेंट थे, लेकिन वर्ष 2011 में, आपके राज में घट कर 45.10 परसेंट हो गए। 26.08 परसेंट किसान गायब हो गए। कहां गायब हो गए? कहीं नहीं गायब हुए। खेतिहर मजदूर 28.1 परसेंट थे और जो घट कर 24.09 हो गए। वे बढ़कर 26.08 हो गए।

अध्यक्ष महोदय, जितना किसान गया,, उतना खेतिहर मजदूर बनाया। क्या ये आंकड़े सही नहीं हैं? आप बजट बनाते रहे, बड़े-बड़े अर्थशास्त्री आए। एक अर्थशास्त्र के विद्वान हार्वर्ड से आए। हमने कहा-कहां से आए, बोले-हार्वर्ड, हमने कहा-यह देश को कर देंगे गड़बड़। हिन्दुस्तानी अर्थशास्त्री चाहिए, अरुण जेटली जी के जैसे। ये सब किसान कहां गए? हिन्दुस्तान के जितने भी ग्रामीण अर्थशास्त्री हुए जे.सी. कुमारप्पा से लेकर चौधरी चरण सिंह तक सभी ने एक ही बात कही कि खेती पर ज्यों-ज्यों भार घटेगा, त्यों-त्यों गांव की उन्नति होगी और किसान खुशहाल होगा। खेती पर से भार कम करो, आपने कम किया। लेकिन हम को क्या बनाया? ऑफिसर बनाते, नौकरी देते, उद्योग लगाते, हाथ को काम देते, साइकिल देते, मोटर साइकिल पर चढ़वाते, तब आपको कुछ समझते। हम किसान थे, हम लोगों को मजदूर बना दिया। झुग्गी-झोंपड़ी में डाल दिया। गंदी जिंदगी जीने के लिए हम को छोड़ दिया। जो गांव में बसने वाले थे, वे 82.7 प्रतिशत थे, वे घट कर 68.08 प्रतिशत हो गए। 14 परसेंट गांव के लोग गायब हो गए। कहां गायब हो गए? वे गायब हो कर आपके यहां दिल्ली में फुटपाथ पर सोते हैं। पेड़ के नीचे सोते हैं, पेड़ के नीचे जन्म लेते हैं, पलते हैं, बढ़ते हैं, पेड़ के नीचे शादी करते हैं, पेड़ के नीचे हनीमून मनाते हैं और वहीं बच्चा पैदा करते हैं और फिर पेड़ के नीचे ही अपना परिवार बसाते हैं। आप हमारे बच्चों को यहां लाए, उनके हाथ में रिक्शा थमाया, ठेला दिया, फुटपाथ पर काम करवाया, गरीबी ने मजबूर किया और कुत्ते जैसी जिंदगी जीने के लिए हमें मजबूर कर दिया और ऊपर से आप बताते हैं कि आपने हम लोगों के लिए क्या दिया? आप कहते हैं कि फूड सिक्योरिटी दे दी। फूड सिक्योरिटी - धान उपजाए हम, गेहूं उपजाए हम, अनाज उपजाए हम, मेहनत करें हम और हमें भिखमंगा समझते हैं। हर आदमी को एक किलो चावल और तीन किलो गेहूं देंगे। आप बड़े बजट बनाने वाले अर्थशास्त्री हैं। महीने में एक किलो चावल खा कर देखो, एक आदमी एक महीने में केवल तीन किलो गेहूं खाकर देखो। यह हमारी गरीबी और निर्धनता पर उपहास है। हमें कहते हैं कि एक महीने में एक किलो चावल देते हैं। रोज की जिसकी आदमनी 26 रुपए से कम है, वह गरीबी रेखा से नीचे है और 70 परसेंट को चावल गेहूं बांटेंगे। आपका क्या आंकड़ा है? क्या आप यही बजट बनाते थे? मैं इसी से कहता हूं यही आपका आंकड़ा है। गरीबों को दिया जाने वाला चावल-गेहूं 70-80 परसेंट को देते हैं और हमें कहते हैं कि गरीबी की रेखा से नीचे 26 परसेंट हैं।

"कबीरा वाचे आखिन देखा, पंडित वाचे पोथिन लेखा।" हम तो आंख से जो देखते हैं, वह बोल रहे हैं। आपने क्या किया? हम को कहते हैं, किसान विरोधी हैं। हिन्दुस्तान में 1990-91 में 185.2 मिलियन हेक्टेअर खेती की जमीन थी और आपके राज में 2011-12 में 182 मिलियन हेक्टेअर हो गई। यह जमीन कहां गई? क्या हम खा गये या हमारे गांवों के लोग खा गये? कौन लोग खा गये? ...(व्यवधान) किसने खाई है लेकिन मैं इतना जानता हूं कि आप हमारी जमीन खा गये और दूसरी तरफ जो गैर-कृषि योग्य भूमि थी, 1990-91 में 21.22 मिलियन हेक्टेअर थी, वही 2011-12 में 26.29 मिलियन हेक्टेअर हो गई। गैर-कृषि योग्य भूमि बढ़ी है। कृषि योग्य भूमि का नुकसान हुआ है। आपने उल्टी बात कही। कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना। न कुछ मिले तो कुछ कहिए। न कुछ मिले तो विरोधी में गये तो कुछ न कुछ तो कहना है नहीं तो दुनिया कैसे देखेगी कि विरोधी का काम कर रहे हैं। इसलिए आपसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि अगर विरोधी का काम करना है तो आप अपने नेताओं को कहिए कि कुछ दिन हमारे पास आएं, 6 महीने ट्रेनिंग दे देंगे कि हम विरोधी थे तो क्या करते थे।...(व्यवधान)

अरे, नाटक भी करिए तो किसी डाइरेक्टर से सीख तो लीजिए। जो गरीबी का डाइरेक्टर है, उससे सीखा नहीं और गरीबी का नाटक खेल रहे हैं।...(व्यवधान) मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। एक गांव में रामलीला होना था और हनुमान जी का पाठ करने वाला नहीं आया। उसने सोचा कि आज तो नाटक नहीं होगा। एक बहुत मोटा-तगड़ा दुकानदार था, उसको पकड़कर ले आया कि तू नाटक कर। केवल खड़े रहना और जब वह खड़ा होकर पार्ट करने लगा तो रावण ने डांटकर कहा कि इसकी पूंछ में तेल डालकर आग लगाओ। उसको लगा कि अब तो हम जलकर मरेंगे। उसने कहा कि हुजूर, हम हनुमान जी नहीं हैं। हम तो बनिया हैं। हम अपनी दुकान चला रहे थे। वैसे ही आप नाटक करिएगा। इसलिए आपसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि इसको देखें। दृष्टि, दिशा यानी जब तक आपके पास दृष्टि नहीं बनेगी तब तक आपकी दिशा ठीक नहीं होगी, आपकी दृष्टि ठीक नहीं थी तो आप संकल्प क्या कर रहे थे? सब चलता है तो आप कहें, हम भी चलें और आपका बजट चला। आपकी अर्थ नीति चली। देश में आर्थिक विषमता, सामाजिक विषमता, राजनीतिक विषमता और पूंजीगत विषमताएं बढ़ी हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आपके बजट ने इन विषमताओं का अंत करने के लिए कोई काम किया? नहीं किया। इसलिए हमारे गुरु डा. लोहिया कहते थे कि हिन्दुस्तान में जब तक जाति प्रथा है और जब तक जाति प्रथा का रोग रहेगा, तब तक हिन्दुस्तान का कल्याण नहीं होगा। भ्रष्टाचार के पीछे भी जाति प्रथा है। माननीय प्रधान मंत्री जी यहां पर बैठे हैं। हिन्दुस्तान के अंदर अगर वह अपने प्रधान मंत्री रहते हुए चाहेंगे कि किसी के साथ कुछ कर दें, क्या है कि कर देंगे क्योंकि जिस जाति का सरकारी नौकर होता है, मैंने भी 54 वर्षों तक राजनीति में रहकर देखा है, जिस जाति का सरकारी नौकर है, यदि उसके ऊपर कलम उठाइए तो उसकी जाति के न जाने कहां कहां से, सभी जगहों से उसको बचाने के लिए लोग आ जाते हैं और उसे जाति पर हमला कह दिया जाता है।

अगर किसी बेईमान पर हमला है तो जाति पर हमला कहलाता है। किसी भ्रष्टाचारी पर हमला है तो माना जाता है कि जाति पर हमला है। इस जाति को तोड़ने के लिए सबसे बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि कुछ योजनाएं ऐसी आई हैं जिससे जाति प्रथा घटेगी। लेकिन मैं एक प्रार्थना करूंगा कि हमसे आरक्षण की बात कही जाती है लेकिन मैं तो शुरु से ही यह कहता हूं कि यदि सदन सहमत हो और आप भी सहमत हों तो प्रधान मंत्री जी से कहिए कि तुरंत लागू करिए लेकिन इसमें सहमति का सवाल है। राष्ट्रीय सहमति, सदन की सहमति और आपकी सहमति का सवाल है। सब आरक्षण खत्म कर दीजिए लेकिन यह कर दीजिए कि सरकारी नौकरी और सरकारी सुविधा दोनों के लिए अन्तर्जातीय विवाह को अनिवार्य करिए। न रहेगी जाति, न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। जातियां टूटेंगी, अन्तरजातीय विवाह के कारण हिन्दुस्तान में एक जाति बनेगी। वह जाति भारतीय बनेगी, वह जाति मानव जाति बनेगी। इन जातियों की सीमा को तोड़िए। इसके लिए अगर आप सहमत हैं तो बोलिए। आप कहते हैं कि गरीब और अमीर का भेद मिटा देंगे लेकिन न्यूनतम और अधिकतम की सीमा अगर यह सरकार तय करना चाहे, नरेन्द्र मोदी जी चुटकी में कर देंगे क्योंकि इनका क्या बिगड़ेगा? इनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। नरेन्द्र मोदी जी अगर न्यूनतम और अधिकतम की रेखा तय करेंगे तो इनका कुछ नहीं जाएगा और न ही इनके परिवार का जाएगा, न बाल-बच्चे का जाएगा, किसी का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है लेकिन हम चिल्लाने लगेंगे। "सौ से कम न हजार से ज्यादा। समाजवाद का यही तकाजा।" बड़े समाजवाद की बात करते हैं। मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहूंगा। मैं समाजवाद की बात अपने गुरु डा. लोहिया जी की बात पढ़कर सुना दूंगा।

हमारे कुछ समाजवादी हैं, अब वे तथाकथित समाजवादी हो गये हैं। समाजवादी तो रहे नहीं, लेकिन तथाकथित हैं। अब मुझे कहेंगे कि आप भाजपा में चले गये। मैं भाजपा में क्यों गया हूं। आपके ऐसे दल बने, इस दल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरे, कोई वहां गिरे। मैं कहां-कहां दौड़ा फिरता, मैं भाजपा में चला आया। मैं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हुकुमदेव नारायण यादव किसी पार्टी को तीन बरस से ज्यादा दुरुस्त नहीं रहने देता था, आज वह बीस बरस से भारतीय जनता पार्टी में अटल और अडिग खड़ा है। इस पार्टी में जब तक कोई ताकत नहीं है, आडवाणी जी में, अटल जी में, नरेन्द्र मोदी जी में, इन सब लोगों में जब कोई गुण नहीं है तो मेरे जैसे उद्दंड समाजवादी को बीस बरस तक अपने पिंजरे में रख लिया, क्या यह कोई साधारण योग्यता है। आप इस बात को समझिये।

महोदया, मैं अंत में कहूंगा कि समाजवाद हर किसी के लिए एक सिद्धांत की तरह है, इसमें एक होता है थोक और एक होता है फुटकर, एक होता है सगुण, एक होता है निर्गुण, एक होता है सिद्धांत, एक होता है कार्यक्रम। समाजवाद से एक सीढ़ी नीचे उतरो तो उस सीढ़ी का नाम है बराबरी, उस बराबरी से एक सीढ़ी नीचे उतरो, आर्थिक बराबरी, सामाजिक बराबरी, राजकीय बराबरी, धार्मिक

बराबरी, उससे एक सीढ़ी और नीचे उतरो तब उसके बाद आयेगा समता, सम्पूर्ण समता, संभव समता, तब एक सीढ़ी और नीचे उतरो तब अधिकतम और न्यूनतम की सीमा लगाओ। धार्मिक बराबरी की बातें भी की गई हैं। अगर धार्मिक बराबरी पर मुझे कहा जाए तो मैं कितनी अपनी पीड़ा सुना दूंगा कि धार्मिक बराबरी इस देश में कैसी है। उसके संबंध में मैं आपके सामने सुना देना चाहूंगा कि समन्वय दो तरह का होता है, एक दास का समन्वय और एक स्वामी का समन्वय। यह मैं नहीं कहता, यह महान समाजवादी, अर्थशास्त्री डा.लोहिया ने इसी सदन में 26 मार्च, 1966 को कहा था, आप गौर से शब्दों को सुनिये - समन्वय दो तरह का होता है, एक दास का समन्वय और एक स्वामी का समन्वय। पिछले हजार वर्ष के इतिहास से हिंदुस्तान ने स्वामी का समन्वय नहीं सीखा, वह एक दास का समन्वय रहा है। मैं श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार से कहूंगा कि पिछले हजार साल में भारत में दासभाव से सांस्कृतिक समन्वय में रहा है। अगर अब स्वामीभाव के समन्वय में भारत आना चाहता है तो क्या अपराध है, इसीलिए उन्होंने यह कहा है। इस संबंध में मैं खाली परदेसियों को ही दोष नहीं देता, उनके सबब से जितने भी इतिहासकार हैं, वे सभी जहर में बिल्कुल घुल जाते हैं। आज भारत के दो इतिहास के स्कूल हैं, एक डा.ताराचंद और दूसरा डा. मजूमदार। दोनों के दोनों इसी समन्वय धारा के हैं, विविधता धारा के हैं। भारत क्या है, उसे भूलकर भारत के जो विभिन्न अंग हैं, उनकी तरफ निगाह चली जाती है।

इसलिए मेरी सदन से विनम्र प्रार्थना है, मैं हाथ जोड़कर सदन से प्रार्थना करता हूं और इस लोक सभा के चैनल को हिंदुस्तान के करोड़ों लोग देख रहे हैं। मैं उन गांवों के गरीबों, किसानों, मजदूरों से कहता हूं, गांव, गरीब, मजदूर, किसान, पिछड़ा, दलित और नौजवान मिलकर देश बनाओ, आओ देश बनायेंगे और नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान रहते हुए एक बार नहीं, अगर हिंदुस्तान में आप जितने दिन रहे, एक बार में थोड़ी सी रेखाएं बनाई जायेंगी, दूसरी बार में मिट्टी डालेंगे, तीसरी बार में पिचिंग करेंगे। हमको भी आप इतना समय दें। मैं गांव, गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित और नौजवान इन सबसे हाथ जोड़कर प्रार्थना करना चाहता हूं, आओ, कदम से कदम मिलाओ, मिलकर हिंदुस्तान को बनाओ। हम समता लायेंगे, आर्थिक समता, सामाजिक समता, राजनीतिक समता। अगर इन्होंने मेरा सालाना 12 रुपये में जीवन बीमा कर दिया तो बड़े लोगों का कलेजा फटने लगा कि यह 12 रुपये में सबका जीवन बीमा कर रहे हैं। खेत में काम करेंगे, बीमार पड़ेंगे, मरेंगे तो एक रुपया महीना, 12 रुपये साल में जीवन बीमा कर दिया। यदि तम्बाकू का गुटखा भी खाते हैं तो तीन रुपये में मिलता है, उससे भी सस्ता जीवन बीमा इस सरकार ने गरीब लोगों को दे दिया, इसलिए कलेजा फट रहा है। कलेजा में दर्द इसीलिए है। इन्होंने जो और योजनाएं चलाई, पशुपालन और गाय के उत्थान की योजना इत्यादि कई योजनाएं हैं, मैं उन्हें क्या गिनाऊं हरी अनंत, हरी कथा अनंता। मुद्रा बैंक बनाए हैं, उसमें छोटी इकाई वाले को कर्ज देंगे। इसलिए आपसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि मैं एक मिनट इस बात को कह कर अपनी बात खत्म करूंगा। राष्ट्रीय नमूना सर्वे के मुताबिक देश में 5.70 करोड़ उद्यमी हैं। इनमें 11 लाख करोड़ रूपये की पूंजि लगी हुई है। इनसे 12 करोड़ लोगों को रोज़गार मिल रहा है। लेकिन इस क्षेत्र के उद्यमियों को पूंजी में कर्ज का हिस्सा केवल 4 फीसदी है। जबकि अनुमान के अनुसार बीते 22 वर्षों में बड़े उद्योगों में 50 से 60 लाख लाख करोड़ रूपये की पूंजि लगी हुई है। इनसे मात्र 22 लाख लोगों को रोज़गार उपलब्ध है। ये छोटे उद्योग हैं, बढ़ई को, लुहार को, कुम्हार हो, हजाम को, ये जो पिछड़ी जातियां हैं, उन्हें कर्ज मिलेगा। हिंदुस्तान में जाति आधारित पेशा है। पेशे के आधार पर जातियां बनाई गई। अब इन रोज़गारों के जरिए उनके हाथों को काम देंगे, उन छोटे उद्यमियों को रोजगार देंगे। इनके कलेजा में दर्द हो रहा है कि नरेंद्र मोदी आया है, मुद्रा बैंक बनाएगा, गांव के गरीबों के हाथ में रोज़गार जाएगा, ये गरीब बनेंगे पहलवान, ये गरीब बनेंगे विद्वान, ये गरीब बनेंगे बुद्धिमान। जब गरीब के हाथ में ताकत आएगी, तब वह आपके आगे शरणम् गच्छामि नहीं होंगे, न फूड सिक्योरिटी खाएंगे और न मनरेगा खाएंगे, बल्कि वे अपने पसीने, पुरूषार्थ और अपनी कमाई से इस देश को बनाएंगे। हम आपके भिखमंगा बन कर जिए हैं, अब हम स्वाभिमान के साथ जिंदा रहना चाहते हैं। इसलिए मैं भारत के प्रधान मंत्री और वित मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Madam Speaker, I thank you, and also my leader *makkal mudhalvar puratchi thalaivi* Amma, for giving me this opportunity to participate in the Budget discussion. I have to raise certain facts. ...(*Interruptions*) Hon. Finance Minister Shri Arun Jaitley *saheb*, please if you are here, I want to raise certain facts which you may listen to. ...(*Interruptions*)

Madam Speaker, our hon. Finance Minister has submitted Budget for the year 2015-16. In his Budget Speech, he has said so many things. Regarding States, he has said that the States have been economically empowered more than ever before. Afterwards, he said that 'domestic and international investors are seeing with renewed interest and hope'. He also said – it is more of an achievement– that 12.5 crore families could have been brought in the financial mainstream through Jan Dhan Scheme. He also mentioned how he is going to implement the GST scheme. Apart from that, he said 'all our schemes should focus on, or centre around, the poor and eliminating absolute poverty'. He also spoke about agriculture and so many other sectors in his speech, but I want to make it very clear that while there are some merits in his Budget, at the same time, there are some lacunae also. Therefore, I want to be on academic side and speak in a critique way this time because this is my duty to highlight certain criticism which our hon. Finance Minister should look into very seriously and think.

इसके साथ-साथ, प्रधानमंत्री जी ने हर लोक महत्व की समस्याओं के समाधान हेतु देश में हर योजनाओं को गरीब जनता के घर-घर तक पहँचाने का काम किया है। जैसे हर गांव में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ गरीबों के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत शौचालयों की व्यवस्था करवाने की घोषणा की भी अति सराहनीय है। अतः 60 वर्षों तक जो सुविधा नहीं मिल पायी है, वह काम आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में इन सब सुविधाओं की कमी है, परंतु प्रधानमंत्री जी की घोषणा के बाद आशा जागी है। हमारे झारखण्ड में प्रधानमंत्री जी ने बार-बार "सबका साथ-सबका विकास" का नारा दिया है। पहले की सरकार ने सिर्फ घोषणा की है, लेकिन यह सरकार इसको कार्य रूप देने एवं सफल करने के लिए प्रबल दृढ़ संकल्प है। देश में हर गरीब के लिए जो शून्य से खाता खुलवाया गया, वह भी काफी सराहनीय कदम है। प्रधानमंत्री जी ने स्मार्ट सिटी बनाने की भी घोषणा की है। झारखण्ड की राजधानी राँची को स्मार्ट सिटी घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री जी से मांग करता हँ।

इसके साथ ही मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि झारखण्ड के किसानों को धान का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। बिचौलिओं द्वारा सस्ते दाम पर धन की खरीददारी हो र ही है, जिससे किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। अतः सरकार समर्थन मूल्य पर खरीददारी की व्यवस्था करें।

स्वर्णरेखा नदी जो झारखण्ड की आस्था का केंद्र है, की सफाई हेतु राज्य सरकार को अधिक से अधिक धनराशि दी जाए एवं अन्य छोटी-छोटी नदियों को जोड़ कर हर खेत को पानी पहुंचाया जाए ताकि किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके।

श्री जगदम्बिका पाल **(डुमरियागंज):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2015-16 के बजट के समर्थन में बोलने का अवसर दिया है। मैं इसलिए इसके समर्थन में खड़ा हूं क्योंकि वर्ष 2015-16 का यह जो बजट है, जिसके बारे में हमारे माननीय सदन के सम्मानित विद्वान सदस्य बोल रहे हैं, यह भारतीय जनता पार्टी-एनडीए की सरकार का पहला बजट है। पिछले दस वर्षों के बजट के साथ इस दस महीने के सरकार की इस बजट से तुलना की जाए। विपक्ष के हमारे सम्मानित साथी लगातार यह कह रहे हैं कि हमने सभी मदों में कटौती कर दी, दस महीने में यह कौन-सी जादू की छड़ी हो गयी, दस महीने में कौन-सा काम कर दिया? मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि हमें जब यह स्थिति मिली है जिसमें इस फाइनैंशिएल ईयर में एक्चुअल एक्सपेंडिचर आज 16.8 लाख करोड़ रुपये है और सरकार के पास कुल प्राप्तियां 11.7 लाख करोड़ रुपये है। आप सोचिए कि क्या हमारा 44औ रेवेन्यू कलेक्शन कम है? जो इन्होंने खर्च किया है, उसका इंटेरेस्ट 4.1 लाख करोड़ रुपये है। इसका मतलब कि पुरानी सरकार द्वारा जो पैसे लिए गए हैं, उसके इंटेरेस्ट के रूप में हमें इतने रुपये देने हैं, जो रेवेन्यू कलेक्शन का 37औ है।

मान्यवर, दस वर्षों में वर्ल्ड की क्राइसिस में जिस तरीके की उन्होंने अपनी जीडीपी सस्टेन की, जिस समय भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार बनी, उस समय पूरे देश में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा कोई अगर था तो केवल महंगाई का था। पूंजी निवेश की बात थी तो निवेश नहीं हो रहा था, चाहे डोमेस्टिक इन्वेस्टर हों, चाहे फॉरेन इन्वेस्टर हों। उस समय वर्ष 2013-14 की स्थिति यह थी, जो कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स है, जो एक पैमाना होता है, तब पूरे देश-दुनिया में चर्चा थी कि भारत में डबल डिजिट महंगाई हो गई। 11.2 परसेंट महंगाई की दर वर्ष 2014 में हो गई थी। आज अगर दस महीने में सरकार 5.1 परसेंट पर महंगाई की दर ले आई है तो निश्चित तौर से सरकार बधाई की पात्र है। यह बात मैं अपनी तरफ से नहीं कह रहा हूं। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स की जानकारी जितनी मुझे है, उससे ज्यादा हमारे माननीय विद्वान सदस्यों को है। करेंट एकाउंट डेफिसिट वर्ष 2013-14 के फर्स्ट क्वार्टर में 4.6 परसेंट जीडीपी का था। आज मैं वित्त मंत्री को बधाई दूंगा कि जो 4.6 परसेंट जीडीपी का करेंट एकाउंट डेफिसिट था, वह 1.3 परसेंट पर लेकर आए हैं। निश्चित रूप से इससे अच्छा बजट क्या हो सकता है।

याद करिए, उस समय न डोमेस्टिक इन्वेस्टर थे, न फॉरेन इनफ्लो हो रहा था। रोज रोजगार की चर्चा होती थी। मैं वर्ष 2014 के मार्च की बात कर रहा हूं, मई में भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार आई है। मार्च, 2014 में कुल 15 बिलियन भारत में बाहर का इन्वेस्टमेंट रह गया था। आज दस महीने में 55 बिलियन का इन्वेस्टमेंट हुआ है, इसके लिए निश्चित तौर से हमारी सरकार बधाई की पात्र है।

जहां जीडीपी 5 परसेंट से नीचे हो गई थी वर्ष 2014 में, तो मैं समझता हूं कि खुले मन से अगर बजट पर चर्चा हो रही है तो निश्चित रूप से इसके लिए बधाई देनी चाहिए। आज जीडीपी 7.4 परसेंट हुई है और अगले 2015-16 में हम 8.5 परसेंट पर जीडीपी की ग्रोथ रेट लेकर जा रहे हैं। यह कैसे हो रहा है, यह इन्वेस्टमेंट से हो रहा है। लोग कहते हैं कि हमने मेक इन इंडिया में क्या किया? लोग कहते है कि मेक इन इंडिया केवल नारा है और मेक इन इंडिया में कौन सा इन्वेस्टमेंट आया? आपने यह कहा कि इतने प्रपोजल्स आए, एप्लीकेशंस आई, लेकिन क्या हुआ? The Government of India has received investment proposals to the tune of Rs. 25, 352 crore for electronic manufacturing in the country. यह कितनी बड़ी उपलब्धि है कि हम दस महीने में 25,352 करोड़ रूपए का इन्वेस्टमेंट भारत में करेंगे और वह मेक इन इंडिया होगा। इसी तरह से मॉडीफाइड स्पेशल इंसेंटिव पैकेज स्कीम में हमें 19,057 करोड़ रूपए का इन्वेस्टमेंट मिला है, इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर्स में 6,295 करोड़ रूपए का मिला है, इसी तरह से इन्फो टेक्नॉलाजी में एक हजार करोड़ रूपए मिले है। इसी तरह से सैमसंग एक बिलियन डॉलर कर रहा है, जिसमें 45 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। माइक्रोमैक्स में 500 करोड़ का इन्वेस्टमेंट है। 300 फॉरेन फर्म्स और 54 मिनिस्ट्रियल डेलीगेशंस डिफरेंट कंट्रीज के लोग ऐयरो इंडिया के लिए और मेक इन इंडिया के लिए आए हैं।

मैं कहना चाहता हूँ कि मेक इन इंडिया नारा नहीं है, मेक इन इंडिया इस देश की जीवन धारा है, जो युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी। यह दस महीने की बात है। अभी इन्वेस्टमेंट शुरू हुआ है। मैं एक बात कहना चाहता हूँ, जिस समय वर्ष 2013-14 का अन्तरिम बजट पेश हो रहा था, हम लोग भी बैठे थे। उस समय जो यूपीए का बजट था, उसमें मैं केवल तीन बातों का उल्लेख करना चाहूँगा। उस समय के योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया जी थे। उन्होंने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा था, उन्होंने खुद एडमिट किया था कि decline in India's growthâ€¦

HON. DEPUTY SPEAKER: I already requested you to take only five minutes. There are many Members who have to speak. You are a senior Member. You have participated many times. Please try to be very brief.

श्री जगदम्बिका पाल : महोदय, दो मिनट भी नहीं हुए हैं। मैं केवल एक बात कहना चाहता हूँ कि देश के विकास की धारा क्या है? ...(व्यवधान) If I am requesting you that I will conclude within two minutes, you must be kind enough and allow me to speak for those two minutes.

लगातार यह कहा गया कि हम तमाम विभागों में कटौती कर रहे हैं। देश का विकास कनेक्टिविटी से होगा। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में जो एक्चुअल वर्ष 2013-14 का था, 1 लाख 39 हजार रूपए का इनका एक्सपेंडीचर था और आज हमने उसमें 86 परसेंट इन्क्रीज किया है, 1 लाख 93 हजार 417 करोड़ रूपए देश की सड़कों को बनाने के लिए हम देने जा रहे हैं। साइंस एंड टेक्नोलॉजी में जहाँ 13 हजार 535 करोड़ रूपए कांग्रेस नीत यूपीए के वर्ष 2014 में था, आज हमने 19 हजार 23 करोड़ यानी 40.54 परसेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बढ़ाया है।

इन्डस्ट्रीज, जिनसे रोजगार मिलेंगे, उसमें 33,433 करोड़ रुपये थे, मैं एस्टिमैंट या रिवाइज बजट की बात नहीं कह रहा हूं, उन्होंने वर्ष 2014 में 33,433 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। हमने उसके 43,113 करोड़ रुपये का एस्टिमैंट रखा है जो बढ़ भी सकता है, जो 28.95 प्रतिशत है। ...(व्यवधान) मैं हेल्थ की बात करके अपनी बात समाप्त करूंगा।

उन्होंने आयुष हेल्थ और जैनरिक मेडिसिन्स के लिए 554 करोड़ रुपये रखे थे, आज हमने उनके लिए 690 करोड़ रुपये रखा है। देश की सीमाओं पर हथियार नहीं थे, हमनें डिफेन्स के लिए भी 10-11 प्रतिशत राशि बढ़ा कर 2,46,727 करोड़ रुपये की है। स्वाभाविक है कि अगर वे बजट नहीं पढ़ेंगे तो उन्हें कहा ये सब दिखाई पड़ेगा कि हमने बजट में कहां-कहां वृद्धि की है। हमने रोड, हेल्थ, साइंस टेक्नोलॉजी और इन्डस्ट्रीज के लिए राशि में वृद्धि की है। हमने निर्भया फण्ड के लिए 1,000 करोड़ की राशि का आवंटन किया है। इसी तरह से हमने रोड सैक्टर और रेलवे सैक्टर को 14,031 करोड़ रुपये और 10,050 करोड़ का बजटरी सपोर्ट दिया है। हमने सोशल सिक्योरिटी में कितना बड़ा काम किया है?

HON. DEPUTY SPEAKER: Please take your seat.

Nothing will go on record.

...(.Interruptions)*

*श्री राकेश सिंह (जबलपुर)ः मैं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी को एक बहुत ही लोकसेवी बजट प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने अपने नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को विकास की राह पर चलने का रास्ता दिखाया है और देश को विकास की राह पर ले जाने का हमारी सरकार का संकल्प इस साल के आम बजट 2015-16 में दिख रहा है।

हमारी सरकार के सामने चुनौतियां आने वाले कल को लेकर जितनी है, उतनी ही हमारे देश के बीते कल की हैं। मैं समझता हूं कि हमारे वित्त मंत्री जी को जिस हालत में देश की अर्थव्यवस्था मिली है, से पटरी पर लाना ही अपने आप में चुनौती है। देश की जनता ने हमें हम पूरे बहुमत के साथ चुनकर भेजा है।

वास्तव में देश की जनता को डर था कि जिस तरह के आर्थिक हालात देश में पैदा हो गए थे, पॉलिसी पैरालिसिस, घोटालों पर घोटालें और हर घोटाला पिछले घोटाले से ज्यादा रकम का। कुछ सौ करोड़ नहीं, बल्कि हज़ारों-लाखों करोड़ रूपए के घोटाले। महंगाई से देश की आम जनता त्रस्त थी। गरीबों के लिए तो घर चलाने लायक पैसे कमाने का संकट था। ऊर्जावान युवा नए उद्योग शुरू करने की बात सोचना तो दूर एक अदद नौकरी मिल जाए, बस यही आस लगा रहा था। देश के बुर्जुगों को अपने जीवन का यह हिस्सा परेशानी भरा नज़र आ रहा था।

इसीलिए देश के आम मतदाता ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ""सबका साथ-सबका विकास"" नारे को अपनाया और देश को विकास की राह पर चलाने के लिए मोदी जी के हाथों को मजबूती प्रदान की, पूर्ण बहुमत देकर।

मात्र नौ महीने में हमारी सरकार ने केवल 100 दिनों में देश के 12 करोड़ 50 लाख लोगों को ""जन-धन योजना"" के जरिए देश की बैंकिंग सेवा से जोड़ा। इनमें करोड़ लोग वे भी हैं, जिनके पास आज़ादी के इन 68 साल में एक बैंक खाता भी नहीं था। ये वे लोग थे जो बैंकों की सीढ़ियां भी चढ़ने में संकोच करते थे। हमारे प्रधानमंत्री जी की इस योजना से लोग न केवल बैंकिंग सिस्टम से जुड़े, उनको बीमा का लाभ भी मिला। इतना ही नहीं, इस योजना से अब सरकार की ओर से दी जाने वाली मदद सीधे आम जनता तक पहुंचेगी। इससे भ्रष्टाचार कम होगा। देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिल्ली से आम जनता की मदद के लिए भेजे गए एक रूपए में से केवल 15 पैसे उस तक पहुंचते हैं। लेकिन पांच दशकों से ज्यादा समय तक देश में राज करने की बात करने वालों ने इसको सुधारने के लिए कुछ नहीं किया। हमारी सरकार ने ""जन-धन योजना"" के जरिए केंद्र से जनता को सीधे जोड़ने पर काम शुरू किया है।

पहले की सरकारों के घोटालों में से एक कोयला घोटाला में सी.ए.जी. ने कहा कि एक लाख 76 हज़ार करोड़ रूपए का घोटाला हुआ है। हमारी सरकार ने कोयला नीलामी की सारी प्रक्रिया को न केवल पारदर्शी बनाया, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में राज्यों को शामिल किया, जिससे राज्य सरकारों को अपनी सीमा में पाए जाने वाले कोल संसाधनों से लाखों-करोड़ों रूपए का फायदा होगा। इन रूपयों को राज्य सरकारें अपन प्रदेशों में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में लगा सकेंगी।

हमारी सरकार ने ""स्वच्छ भारत"" की बात की। देश में 6 करोड़ शौचालयों के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के अपने संकल्प को दोहराया है। आज स्वच्छता अभियान पूरे देश में एक लोक-अभियान बन रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब देश की बेटियों को स्कूल सिर्फ इसलिए छोड़ना नहीं पड़ेगा, क्योंकि उनके स्कूल में शौचालय नहीं है। देश की माता-बहनों को रात के अंधेरे का इंतजार नहीं करना होगा। हमारी सरकार ने आमजन से जुड़े इस मुद्दे को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

हमारी सरकारी ने देश की आम जनता को पिछली सरकार के वक्त की कमरतोड़ महंगाई से मुक्ति दिलाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को इस साल के अंत तक 5 फीसदी तक लाया जाएगा। सरकार को याद है कि पिछली सरकार के वक्त दाल-रोटी तक आम जनता को खरीदना मुश्किल हो गया था। शक्कर के दाम आसमान छू जाते थे। आलू-प्याज आम लोगों के किचन से गायब होने लगे थे।

मैं धन्यवाद देना चाहता हूं अपने वित्त मंत्री जी का,ो जिन्होंने देश के आम आदमी के बारे में सोचा, उनके बुढ़ापे के बारे में सोचा, उनकी बीमारी के दिनों के बारे में सोचा, उसके साथ होने वाली किसी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के वक्त के बारे में सोचा। इसीलिए हमारी सरकार सामाजिक सुरक्षा को लेकर काम कर रही है।

हमारी सरकार ने ""प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना"" का एलान किया है। इस योजना में देश के 18 से 50 साल आयु के हर नागरिक को एक रूपए प्रतिदिन से भी कम प्रीमियम के भुगतान पर बीमा का लाभ मिलेगा। फिर वे नैसर्गिक मृत्यु हो या कोई दुर्घटना में जनहानि, ऐसे कठिन वक्त में इस योजना के लाभार्थी को 2 लाख रूपए का बीमा लाभ प्राप्त होगा।

हमारी सरकार बस यही नहीं रूकी। ""प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना"" जल्दी ही शुरू करने का ऐलान किया गया। हमारे देश का नागरिक इस योजना का लाभ 12 रूपए प्रतिवर्ष के प्रीमियम के

भुगताने से ले सकेगा। इस योजना में लाभार्थी को 2 लाख रूपए का बीमा कवर प्राप्त होगा।

देश की आबादी में 10 करोड़ से ज्यादा लोग सीनियर सिटीजन हैं। हम सब जानते हैं कि इनमें से अधिसंख्य ऐसे हैं, जिनके पास सम्मानजनक जीवन जीने के लिए कुछ नहीं होता। हमारी सरकार की कोशिश इस देश के आम नागरिक को एक सम्मानजनक वृद्धावस्था जीने का अवसर प्रदान करना है। इसीलिए हमारी सरकार जल्दी ही ""अटल पेंशन योजना"" शुरू करने जा रही है।

सरकार ने तमाम जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के अनुसूचित जाति, जनजाति तबके की ओर खास ध्यान दिया है और इसके लिए इस बार के आम बजट में 50 हज़ार करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि के आवंटन का प्रस्ताव रखा है। सिर्फ अनुसूचित जाति के हमारे भाई-बहनों के कल्याण के लिए हमारी सरकार ने 30 हज़ार 851 करोड़ रूपए की राशि आवंटन का प्रस्ताव रखा है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति के लोगों से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 19 हज़ार 980 करोड़ रूपए के आवंटन का प्रस्ताव पेश किया है।

हमारी सरकार ने देश की नारी शक्ति को विकास की धारा में और सशक्त तरीके से शामिल करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। इस बार के आम बजट में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के लए 79 हज़ार 258 करोड़ रूपए की राशि के आवंटन का प्रस्ताव रखा गया है। इसी तरह महिला सुरक्षा के लिए निर्भया फंड के लिए 1000 करोड़ रूपए की राशि आवंटन का प्रस्ताव किया गया है। ""बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ"" योजना के लिए 100 करोड़ रूपए की राशि आवंटित की गई है।

इस देश का किसान न सिर्फ हमारे लिए अन्नदाता है, वे इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। हमारी सरकार ने हमारे देश के इस किसान के लिए, उसकी खेती के लिए, उसके सुखी जीवन के लिए ठोस कदम उठाने का फैसला किया है। हमारी सरकार ने ""मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना"" शुरू की है, जिससे किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाकर ये जान सके कि किस तरह वे अपनी पैदावार बढ़ा सकता है। इसी तरह सिंचाई को लेकर हमारी सरकार की ""प्रधानमंत्री ग्राम सिंचाई योजना"" शुरू की गई है, जिससे किसानों को सिंचाई को लेकर बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके लिए सरकार ने हमारे किसान भाईयों की खेती को लाभप्रद वाली इन दो योजनाओं के लिए 5000 करोड़ रूपए की राशि का आवंटन किया है।

इतना ही नहीं, हमारी सरकार हमारे किसान भाईयों के कर्जे को लेकर आ रही समस्याओं को समझती है। हमारे किसान भाईयों को खेती के लिए सुलभ और सस्ता कर्ज मुहैया हो सके, इसके लिए इस बार के आम बजट में हमारी सरकार ने 8 लाख 50 हज़ार करोड़ रूपए के कृषिगत कर्ज का लक्ष्य रखा है और इसके लिए बैंकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

अब बात हमारे देश के युवाओं की है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की युवा शक्ति को देश के विकास में साथ में लाने का ऐलान तो पहले ही कर दिया था। हमारी सरकार के इस आम बजट ने देश के युवा के उन सपनों को उड़ान देने का काम किया है। देश की 54 फीसदी आबादी 25 साल से कम युवाओं की है। हमारे इस बजट में इस युवा शक्ति को, उसके नए विचारों को, उसके जोश को, उसके कुछ नया कर गुजरने के जुनून को शक्ति प्रदान करने का काम किया है और इसके लिए हमारी सरकार ने ""स्किल इंडिया"" कार्यक्रम और ""मेक इन इंडिया"" कार्यक्रम के बीच गहरा तालमेल बैठाने का फैसला किया है। देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले युवाओं में कौशल विकास के लिए ""दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना"" शुरू की गई है और इसके लिए इस आम बजट में 1500 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है। यह सारे निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत देते हैं कि माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली इस एन.डी.ए. सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

आज का युग सूचना क्रांति का युग है, इंटरनेट का युग है और हमारी सरकार देश के आम आदमी को इससे जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए हमारी सरकार ने ""डिजीटल इंडिया"" कार्यक्रम के जरिए देश के ढाई लाख गांवों को जोड़ने का फैसला किया है। इसके लिए साढ़े सात लाख कि.मी. के ""राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क"" कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए 2510 करोड़ रूपए की राशि का आवंटन किया जा रहा है। जिससे आम जनता के लिए साइबर सुरक्षा, वर्चुअल क्लासरूम, नेशनल नॉलेज नेटवर्क जैसे कई कामों को अंजाम दिया जा सके।

इन तमाम विकासकारी कार्यों के अलावा हमारी सरकार देश में बेहतर वित्तीय अनुशासन लाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। काले धन को लेकर हमारी सरकार गंभीर है। इसीलिए हमारे वित्त मंत्री जी ने इस आम बजट में काले धन को लेकर सरकार के रूख को स्पष्ट और सुदृढ़ तरीके से रखा है। अब काले धन को छुपाने पर 10 साल तक सजा हो सकेगी। इतना ही नहीं ऐसे मामलों को सेटलमेंट कमीशन के सामने ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिससे ऐसे अपराधी बच नहीं सकें। इसके अलावा 300 फीसदी पेनल्टी भी लगाई जाएगी। यह पहले नहीं किया गया है। मैं यहां पूछना चाहूंगा कि क्यों पहले की सरकारें काले धन को लेकर कठोर कदम उठाने से बचती रही?

अंत में, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार के इस आम बजट में देश के विकास के लिए हर पहलू को देखा गया है। शहरी और ग्रामीण युवाओं के स्किल डेवलपमेंट की बात की गई है। डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से सूचना क्रांति को गांव-गांव तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

हमारी सरकार का यह आम बजट ऐसा है जो गंगा सफाई से लेकर स्मार्ट सिटी की बात करता है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से लेकर किसानों के लिए सस्ते और सुलभ कर्ज की बात करता है। गांव में सूचना क्रांति के लाभ पहुंचाने से लेकर काले धन को लेकर कठोर होने की बात करता है। मैं ऐसे प्रगतिशील आम बजट के लिए एक बार फिर से हमारे वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। साथ ही, हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी प्रति आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने देश के विकास के लिए पूरे देश को एक नई राह पर चलने के लिए प्रेरित किया है।

SHRI C.N. JAYADEVAN (THRISSUR): Sir, our great leader, V.I.Lenin has said, "The bourgeois Parliament is a talking shop. The bourgeois Parliamentary democracy always gives right to the majority of people to vote and the minority class to rule the country." That is continuing in India also now itself.

The first full-fledged Budget of the NDA Government has brought '*achche din*' to the rich and corporate sector and '*bure din*' to the common people. It has adopted a regressive taxation system reducing the direct taxes on the rich people, including the corporate sector. Despite the reported surge in economic growth rates, the share of the taxes has been low in relation to the GDP. The central tax ratio to the GDP for the next year is estimated at 10.3 per cent, significantly lower than the peak of 11.9 per cent in 2007-08. The corporate tax is proposed to reduce from 30 per cent to 25 per cent during the period of the next four years. Even when it was 30 per cent, the effective rate of taxation was only 23 per cent due to various exemptions enjoyed by the corporate sector. At the same time, indirect taxes have been increased, which will increase the burden on the common people.

The Finance Minister claims that the economy has achieved a turnaround. It is a fact that the inflation is down and current account deficit is under control. But it is mainly because the global crude oil price has fallen from 110 US dollar per barrel in June 2014 to 57 US dollar per barrel at present. In fact, rather than passing on the full benefits of the oil price decline to the domestic consumers, the NDA Government has hiked the excise duties on petrol and diesel by Rs.7.75 and Rs.6.50 per litre respectively since November, 2014, thereby mopping up thousands of crores of additional revenues.

The Government has adopted the slogan of 'minimum Government, maximum governance'. But there is substantial cut in Government expenditure which was done to reduce the current account deficit. Against the budgeted Plan expenditure of Rs.5.75 lakh crore in the year 2014-15, the actual expenditure was only Rs.4.67 lakh crore and has budgeted only Rs.4.65 lakh crore for 2015-16. Traditionally, greater Plan expenditure is considered as good Budget management because it implies that more funds are going towards asset creation that can multiply income and generate more jobs.

Growth and development seems to be the main orientation of this Budget. So, more importance is given on the infrastructure investment by increasing budgetary allocation by a whopping Rs.70,000 crore. Of course, it is necessary for promoting the Make in India programme. The corporate sector is counting on the public sector to provide it with world class highways and other infrastructure facilities at the expense of the tax payer. The experiment with the public-private partnership (PPP) mode of infrastructure development has not been found successful so far. It is stated that there are stalled PPP projects to the tune of Rs.18 lakh crore of which an estimated 60 per cent are in infrastructure. So, a new PPP model with 'rebalancing of risk' has been adopted where the Government will have to bear a major part of the risk.

Sir, growth can be an important tool of development only if the growth translates to the overall development of human being which depends on a great deal of public action in the fields of nutrition, education, safe water, health care etc. But the increased public investment in infrastructure has been done at the cost of allocation to the social sector. Budget allocation for Women and Child Development Ministry has been reduced by 51 per cent from Rs.21,193.88 crore to Rs.10,382.40 crore. There has been 29 per cent cut in budget for children this year. Funding for all flagship programmes of the Government like Sarva Shiksha Abhiyan, Mid-day Meals and Integrated Child Development Services (ICDS) health schemes and even allocation to key Ministries that implement them stand severely cut. The Finance Minister is talking about improving education in terms of quality and opening more schools. But the allocation of the Ministry of HRD is down by 17 per cent.

The worst victim of this budget squeeze is the health sector. Public expenditure on health is lower in India compared to other countries as a proportion to GDP. The allocation for health and family welfare has come down by 20 per cent.

Plan allocation for schemes under various Ministries and Departments that serve *dalits* and *adivasis* remain much below the targeted levels in the Budget. Scheduled Caste Sub Plan has got only 6.6 per cent against the targeted 16.6 per cent and Tribal Sub Plan has got only 4.3 per cent against the targeted 8.6 per cent.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude.

SHRI C.N. JAYADEVAN: Give me only one minute.

I was very much impressed with the speech of my colleague Shri Hukmdeo Narayan Yadav. I agree with him in all matters except the last sentence that he supports the Government. He said about the poor, peasants, about the dogs in the luxurious cars – in all matters I agree with him. The only thing in which I do not join him is that he supports the Government.

\

DR.K. KAMARAJ (KALLAKURICHI): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for allowing me to participate in the Budget discussion on behalf of All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam (AIADMK) founded by Puratchi Thalaivar M.G. R. on the ideals of Perarignar Anna.

"Eazhaiyin Sirippil Iraivanai Kanbom". Ondre Kulam Oruvane thevan.

That means: 'See God in the Smile of the Poor - One God One Religion'.

The AIADMK always works relentlessly striving for the betterment of the poor and downtrodden and endeavor to achieve equality for all, under the able leadership of People's Chief Minister hon. 'Amma'.

Sir, it is time to end extreme inequality. Addressing the gap between the richest people and the poorest and the impact this gap has on the other pervasive inequalities between men and women and between races which make life for those at the bottom unbearable.

What has caused inequality explosion? Market fundamentalism and the capture of power by economic elites are two powerful economic and political drivers of inequality. Noted economist Thomas Piketty demonstrated in *Capital in the Twenty-First Century,* without Government intervention the market economy tends to concentrate wealth in the hands of a small minority causing inequality to rise. Despite this, in recent years, economic thinking has been dominated by a market fundamentalist approach which insists that sustained economic growth comes only from reducing Government interventions and leaving markets to their own devices.

What can be done to end extreme inequality? Government can start to reducing inequality by rejecting market fundamentalism, opposing the interest of powerful elites, changing the rules and systems that have led to today's inequality explosion and taking action to provide level playing fields by implementing policies that redistribute money and power.

Health and education are strong weapons in the fight against inequality. It is a wake up call for the Finance Minister and this Government. The challenges India faces today are water scarcity and failed monsoon, falling agricultural income, increased urbanisation, increased import of oil, gold and electronic products and interest burden for paying the Government debts. Unless these issues are addressed, India cannot grow.

Sir, it is said in Tamil *neer inri amaiyadhu ulagam* which means world cannot exist without water. Ground water level in the country has reached dangerous level, resulting in water scarcity. What the country needs today is a plan to improve ground water level by interlinking rivers. Rivers must be nationalised so that the water sources of the country are optimally utilised. In the year 2014, Government of India had constituted a special committee for interlinking of rivers, as requested by our beloved leader and people's Chief Minister Amma.

I request the hon. Finance Minister to establish two water grids – one linking the South Indian rivers and the other linking the North Indian rivers. Ultimately, these two grids may be linked. I request the Finance Minister to consider the following river linking projects. Interlinking of peninsular rivers in South India may be done by interlinking of the rivers Mahanadi, Godavari, Krishna, Pennar, Palar, Cauvery and then the Gundar River. Interlinking of rivers within the State, as requested by the Tamil Nadu Government, must also be considered by the Centre.

Sir, the other factor which affects India today is migration. Migration is unabated and at current rate of migration from villages to cities, urban population will rise from 300 million to 600 million by 2020. According to a study by Michael Green Stone University of Chicago, life expectancy of urban people in India will decrease by 3.2 years.

Unfortunately, all the basic amenities, institutions and hospitals; and industries and employment opportunities are set up in major cities where they are already available whereas the rural areas are completely neglected. This is the main reason for the migration of people from rural to urban areas.

Sir, the oil prices in the international market crashed from $ 100 to $ 55 per barrel in the second half of 2014. This was due to increased shale oil production by North America and poor demand due to global economic slow down. It was not because of this Government. This Government made windfall gains and saved $ 60 billion to $ 70 billion in foreign exchange. Also, additional excise duty on petrol and diesel earned by the Government is about Rs. 20,000 crore in the year 2014-15. As a result, fiscal deficit and trade deficit also reduced. Imagine the state of finances of India, if the crude oil price had stayed very high!

Unfortunately, the Centre has increased the excise duty manifold on petroleum products which prevented the benefits of drop in the international prices of petroleum products reaching the consumers. The conversion of four rupees per litre out of specific duty on petrol and diesel into Road Cess implies that the State Governments are being deprived of their shareable income.

The goal of the Ministry of Renewable Energy is to increase their renewable energy capacity to 1,75,000 MW by 2020. It requires incremental installation of 19,000 MW of solar and 6,000 MW of wind energy annually, but at present, it is only about 1,150 MW annually. There is no roadmap for installation of this capacity. There is also no fund allocation for this project.

The 14th Finance Commission has increased the State's share of Central taxes from 32 per cent to 42 per cent, but the Centre has found numerous ways to claw back the State's share, affecting the spirit of co-operative federalism. Devolution to Tamil Nadu, according to 14th Finance Commission, is 4.023 per cent compared to 4.969 per cent as recommended by 13th Finance Commission. After higher devolution, nine States will lose revenue. In the case of Tamil Nadu, this amount comes to about Rs. 5,000 crore. So, the States have to be compensated.

The Finance Minister has planned to implement the GST from next year to have uniform tax pattern across the country. The implementation of GST affects the fiscal autonomy of the States. The manufacturing and exporting States like Tamil Nadu will permanently lose substantial revenue if it is implemented. There is no assurance of permanent compensation, and no method of compensation has been indicated. Commodities must be

excluded from GST. There is no enabling provision for the States to levy higher taxes on tobacco, tobacco-related products and alcohol. Bringing of petroleum and petroleum products under GST would result in higher revenue loss to the States. Due to implementation of GST, the Tamil Nadu Government will lose about Rs. 9,270 crore per year. I reiterate the demand of the Tamil Nadu Government for 100 per cent compensation for all the five years.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up your speech.

DR. K. KAMARAJ : I reiterate the stand taken by our beloved people Chief Minister, hon. Amma, about the implementation of GST that please do not implement the GST without resolving the issues raised by Tamil Nadu.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up your speech.

DR.K. KAMARAJ : Sir, please give me two more minutes to speak.

The reduction of corporate tax is regressive. At the same time, the decision of removing exemption given to industries appears to be regressive. Few countries have corporate tax less than 30 per cent. The promised reduction of 1.25 per cent every year beginning 2016-2017 will give relief of Rs. 20,000 crore every year, and at the end of four years the relief will be about Rs. 80,000 crore.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up your speech.

DR.K. KAMARAJ : Sir, I wholeheartedly thank the Finance Minister for setting up AIIMS-like institution in Tamil Nadu as requested by our people Chief Minister, *Puratchi Thalaivi,* hon. *Amma*. I welcome the proposal of the Finance Minister to set up many Central institutes in different parts of the country. I would request the Minister to set up a National Institute for Public Speaking and Communication in the Kallakurichi Constituency to sharpen their communication skills and public speaking skills of students and public at large.

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up your speech.

DR.K. KAMARAJ : Sir, in conclusion, hon. Finance Minister, Shri Arun Jaitley, has heightened our expectations. I reiterate the observation of our hon. People's Chief Minister Amma that the Budget eschewed a big-bang approach, but it has fallen short of expectations as the hopes and expectations of Tamil Nadu have not been fully met.

The Budget makes a lot of promises, but only time will tell whether the annual rigmarole, namely, the Budget has become a meaningless exercise with dicey figures and unkept promises or the Finance Minister is building castle in the air. Thank you, Sir.

*श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा): माननीय वित मंत्री श्री अरुण जेटली जी द्वारा देश की स्थिति सुधारने हेतु एक प्रभावी बजट प्रस्तुत किया गया है, मैं इसका समर्थन करती हूं।

हमारे सम्मानित वित मंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व सरकार के बजट को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करते हुए गाँव, गरीब, किसान व मजदूर की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु इस बजट में विभिन्न प्रावधान किये गये हैं।

हमारी सरकार का स्पष्ट मत है कि सभी लोगों के पास ऐसा रोज़गार हो, जिससे वह अपने परिवार हेतु शिक्षा, चिकित्सा, घर, रोज़गार की व्यवस्था कर सके तथा आर्थिक गारंटी प्राप्त हो सके।

भारत सरकार ने विभिन्न योजनाओं जैसे- जन-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सब पढ़े-सब बढ़े, सुकुन्या समृद्धि योजना, 12/-प्रतिवर्ष प्रीमियम पर दो लाख रूपए का दुर्घटना बीमा, 330/- वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रूपए का सामान्य बीमा तथा अटल पेंशन योजना के माध्यम से व्यक्तिगत व पारिवारिक आर्थिक संरक्षण देने के साथ, विभिन्न परियोजनाओं व मनरेगा में बजट बढ़ाकर सर्वहारा समाज की चिंता बजट में की गयी है।

मेरे लोक सभा में कोई गर्ल्स डिग्री कॉलेज नहीं है। मेरी मांग है कि मेरी लोक सभा धौरहरा में गर्ल्स डिग्री कॉलेज बनाने की कृपा करें।

मेरे लोक सभा में कोई बड़ा स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। मैं सरकार से मांग करती हूं कि मेरी लोक सभा धौरहरा में एक ट्रामा सेन्टर बनाने की कृपा करें।

मेरे लोक सभा धौरहरा में महिलाओं के लिए कोई उद्योग नहीं है। मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि कोई ऐसा उद्योग लगाया जाए जिससे महिलाओं की बेरोज़गारी दूर हो।

मेरे लोक सभा धौरहरा में कई रोड प्रधानमंत्री सड़क योजना से बननी है। मैंने पत्र द्वारा मंत्रालय को अवगत कराया, कृपा करके उन्हें बनवाने का कष्ट करें।

मेरे लोक सभा धौरहरा में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि एक केंद्रीय विद्यालय खुलवाने का कष्ट करें।

जब पिछला लोक सभा का चुनाव हुआ था, देश की ठीक स्थितियाँ नहीं थी। पूरे देश में अस्त-व्यस्त माहौल हमको विरासत में मिला था। यह हमारी सरकार के लिए बड़ी चुनौती थी, परंतु हमारी सरकार ने हमारे प्रधानमंत्री व मंत्रियों ने उक्त चुनौती को गंभीरता से लिया व कठिन परिश्रम करके विभिन्न योजनाएं देश में लागू की। उन्हीं योजनाओं को पूर्ण करने के संकेत आम बजट व रेल बजट में स्पष्ट हैं। सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने के साथ, लीकेज को रोकने के साथ खर्चों को कम करके आने वाले वर्ष में 7.5 प्रतिशत जी.डी.पी. का लक्ष्य तय ही नहीं किया है, हम लक्ष्य तक पहुंचेंगे ऐसा विश्वास इस बजट से होता है। मैं एक अच्छा बजट देश के लिए प्रस्तुत करने हेतु अपनी सरकार, माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय वित मंत्री जी को बधाई देती हूँ व बजट का समर्थन करती हूँ।

*श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर)ः मैं आम बजट 2015-16 का पुरज़ोर समर्थन करता हूँ। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने यह पूर्ण बजट जो पेश किया है इसमें सर्व जन हिताय:, सर्व जन सुखाय का भाव चरितार्थ करते हुए, इसे सर्वस्पर्शी बनाने का प्रयास किया है। इससे युवाओं को रोज़गार, किसानों की समृद्धि एवं गरीबों का उत्थान व देश की आर्थिक तरक्की को रफ्तार मिलेगी। यह बजट प्रत्येक देशवासी का अपना बजट है।

ऐसे समय में जब विश्व की अर्थव्यवस्था संक्रमण काल से गुजर रही है, निश्चित रूप से यह बजट विभिन्न वित्त विशेषज्ञों की नज़र में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी बना है। संसदीय इतिहास में पहली बार संघीय ढांचे को बढ़ावा मिला है, जिससे राष्ट्रीय विकास के कार्यों में राज्यों का आर्थिक सहयोग बढ़ाकर सहभागी बनाया है। मूल रूप स,ो यह बजट सबका बजट होकर प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का विजन, 125 करोड़ भारतीय जिसमें सबका साथ-सबका विकास का भाव परिलक्षित होता है, नःसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस बजट में अन्य बातों के अलावा युवाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया के तहत युवाओं को रोज़गार प्रदान करवाना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास होगा। नएं आई.आई.टी. मैनेजमेंट कॉलेज एवं संस्थान खोले जाना इसी का प्रमाण है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विद्यालक्ष्मी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रवृति एवं कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इस हेतु प्रत्येक 5 कि.मी. पर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल बनाना एक बहुत बड़ा कदम है। इस बजट से 7.9 प्रतिशत हिस्सा युवाओं के हितार्थ समर्पित है।

इस बजट में महिलाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। निर्भया कोष के लिए अतिरिक्त एक हज़ार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बेटी बचाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए सुकुन्या समृद्धि खाता योजना की शुरूआत की गई है जिसमें बालिका के जन्म से 10 वर्ष तक की आयु तक खाता खोला जा सकता है। ऐसे खाते में एक वित्त वर्ष में न्यूनतम एक हज़ार रूपए और अधिकतम 1.50 लाख रूपए की राशि जमा की जा सकती है। इस राशि पर 9.1 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ आयकर से भी छूट प्राप्त होगी और इस बजट का 3.9 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिए समर्पित है।

वित्त मंत्री जी ने इस बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा है। प्रत्येक किसान को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड प्रदान किया जाएगा। कृषि को परंपरागत तरीके से बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के अंतर्गत लघु सिंचाई, वाटरशेड डेवलपमेंट और सोलर वॉटर पम्प का प्रावधान है। किसानों की भलाई के लिए 8.5 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है, जो किसानों को सस्ते ऋण पर दिया जाएगा। यह पिछले बजट से 17 गुणा अधिक है।

इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने गरीब व्यक्तियों का भी ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना के अंतर्गत मात्र 12/- रूपए प्रीमियम पर 2 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा का प्रावधान है। जीवन ज्योति बीमा योजना में 330/- के सालाना प्रीमियम पर स्वाभाविक एवं दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख रूपए का रिस्क कवर होगा। अटल पेंशन योजना में 1000/- रूपए स्वयं द्वारा जमा करने पर 1000/- रूपए सरकार द्वारा जमा करवाया जाएगा। आधारभूत एवं ढांचागत विकास के लिए प्रत्येक गांव का विद्युतीकरण होगा। आम आदमी के उपयोग में आने वाले केरोसीन व किसानों को मिलने वाली खाद पर सब्सिडी में बढ़ोत्तरी की गई है। गाँवों और शहरों में 6 करोड़ आवास व शौचालयों का निर्माण एवं हर घर में निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रावधान है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से यह भरोसा दिलाया है कि संपूर्ण देश में समान टैक्स प्रणाली (जी.एस.टी.) 2016 से लागू होगी। कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विण्डो स्कीम लागू होगी और वेल्थ टैक्स का समाप्त किया जाएगा।

इन सभी बातों के अलावा, इस बजट में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थानों के संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा दिया जाएगा और ऑन लाईन बीजा प्रणाली से देशी-विदेशी पर्यटकों को आने-जाने में बढ़ावा मिलेगा। देश की विरासतों को विश्व मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य है। साथ ही साथ नमामि गंगे योजना से गंगा स्वच्छ कर धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य है।

अंत में मेरा मानना है कि यह बजट देश के आर्थिक विकास, औद्योगिक विकास, सामाजिक विकास और सबका साथ-सबका विकास का बजट है।

SHRI MALYADRI SRIRAM (BAPATLA): Thank you very much for giving me the opportunity to speak in this august House. This is the first time that I am making a speech, and I am grateful to my Chief Minister. I also thank him as without his support I would not have been here. He is a very dynamic and powerful Chief Minister, and I once again thank him very much.

As I told you, this is the first time that I am speaking. I am not confining myself to the financial statement 2015-2016, but to some of the issues, which are causing concern to society as well as the nation, which I want to rake up.

I am very happy with the speech made in the morning by Shri Hukmdeo Narayan Yadav who has reflected the position of society as well as the country, and the ills of rural India and problems faced by various communities of society. He has really brought to the notice of all of us and made us realize as to what is going to happen and what is to be done for the future of this country. Similarly, I am also bringing to the notice of this august House some of the major concerns like unemployment; rural India's plight, especially, farmers and farming community; and also the problems of the poor.

Sir, all is not well with rural India. Almost all the farmers are in debt. About 80 per cent of the farming community is in debt. Some time back, almost a week or 15 days back, I read in the newspapers that 80 per cent of the farmers in Punjab are in debts. If Punjab farmers are in debt, that means, one can think of the rest of the country and the farmers. Something has to be done for the betterment of the farming community and especially we will have to take care of the rural India.

I have been a keen student of the Annual Budget over the last 40 years, both as a citizen and also as a revenue official and also as a public representative. The intention of every Finance Minister is undoubtedly to do good for the country. But while there has been a vast improvement in many sectors over the last sixty years, the question to ask is whether this was the best we could have done and where there are other budgetary paths which might have secured a better life for all our citizens.

Yes, it is a good beginning that the Government has focused on infrastructure development. The move to raise funds through a cess on diesel and petrol and to ensure funds for infrastructure has been bold. India has the engineering skills to develop all forms of infrastructure. But the Government has to learn lessons from China that we should not have over-investment in infrastructure or building excessive capacities before they are needed. That would also be a national loss as the scarce resource must be invested carefully. It has to be very carefully calibrated both needs and development. But the Government is addressing the aspect of needs now.

It is a very positive development that the Budget has laid emphasis on the unemployment situation whereby nearly 11 crore people are unemployed or under-employed. In this context, I want to bring to your notice as well as to the notice of the august House that undivided Andhra Pradesh has got almost 700 engineering colleges. Out of the 700 engineering colleges, we are producing almost two and a half lakh engineers every year. Over the last ten years, we must have produced almost 25 lakh engineers. If that is the case of Andhra Pradesh, we have a minimum of 20 States and in the last ten years, we could have produced almost two and a half crore of engineers and we would have not provided employment to even ten per cent of them. We are making a lot of engineers unemployed. If this situation continues for another ten years, the future of this country and the future of the youth is at stake. So, I would also warn and remind our fellow friends to have this in mind and also have plans for the future of the youth.

I welcome the Government's effort to develop skills and find employment to our people. Employment and not doles will be the liberation of our people. More than any law, employment will add dignity to our people. The emphasis on employment, infrastructure and skills has to be lauded and I do that.

There is no doubt that the metro cities have benefited greatly from funding and intense Government's attention. Governments feel that if the metro cities are satisfied, then the criticism will be muted. Since most of the metro cities are also State Capitals, they get additional attention. If one were to go by the standard of life in cities, then India really has a thriving middle class. But when one leaves the metro cities, we find that we enter a different India. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude.

SHRI MALYADRI SRIRAM : This is the first time I am speaking. I am raking up a serious issue. There have been attempts to ensure that rural life is improved. There were various schemes announced at regular interval to bring urban facilities to rural areas. But that has never happened. When the Five Year Plans were formulated, it was felt that each Plan should focus on some sector. The First Plan focused on agriculture. The Second Plan on industry and so on. There was intense focus and perhaps that helped. Now, it seems that the Budget is too diffused to really have an impact.

Over 60 per cent to 70 per cent of India lives in rural areas, as I mentioned earlier. The first sign is that there is something terribly wrong with rural India as the cascading suicides refuse to stop. Suicides are a result of rural misery. They have become so common place that they do not find a mention in the media also. Sadly there is no mention of this rural scourge in the Budget Speech. It is true that in the last ten years the then Governments ignored the problem of farmer's suicides. I hope that this Government would initiate proper steps to help stop farmer's suicides.

The Government should have at least sanctioned some funds to alleviate the misery of rural people to prevent suicides and to identify the most suicide prone districts affecting the farmers. The Budget should have addressed the issue of agrarian suicides and rural misery. In fact there is no insurance scheme for the suicide victims. In what way shall an increase of FDI limit in insurance sector help suicide victims? ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude.

SHRI MALYADRI SRIRAM : Sir, t he Government has a very established scheme to give higher allowances for city dwellers, particularly Government servants. They do get city allowance. Why cannot they extend this scheme to rural areas also? There is also the shocking issue of levying the same rates of service tax. This is an unfortunate state of affairs. When a person buys a prepaid recharge card for mobile phone, he has to pay service charge. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: By 9 o'clock we have to complete all the speeches. I am sorry. Please take your seat.

*__SHRI DEVUSINH CHAUHAN (KHEDA):__ This Government has a vision and determination to fulfill the aspirations of the people of this country.

I am giving some points to support this Budget.

- The Government fiscal deficit is seen at 3.9% of GDP in 2015-16.
- Government will meet the challenging fiscal target of 4.1% of GDP and it remain committed to meeting medium term fiscal deficit of 3% of GDP and current account deficit below 1.3% of GDP.
- Cost has targetted growth, seen at both 8% and 8.5% year ending i.e. 2015-16 aiming double digit growth rate achievable soon.

To control inflation, Government expects consumer inflation to remain close to 5% by March opening room for more monetary policy easing and monetary policy framework agreement with RBI clearly states objectives of keeping inflation below 6%. One of the achievements of our Government has been to conquer inflation. Government planned for revenue by revenue deficit seen at 2.8% of GDP and non-tax revenue seen at 2.21 trillion and agricultural incomes under stress. Our government targets Rs.410 billion from stock sales in companies and total stock sale in 2015-16 seen at Rs.695 billion. Government also reformed market by proposing merging regular commodities with SEBI and try to bring new bankruptcy code.

Government has a determination to bring black money by enacting a comprehensive new law on black money.

Government proposes to create a universal social security system for all Indians.

Government has launched national skills mission soon to enhance employability of rural youth.

Government raised visa on arrival facility to 150 countries from 43 only.

Government allocates Rs.346.99 billion for rural Employment Guarantee Scheme.

Government plans to investment in infrastructure which will go up by Rs.700 billion in 2015-16 last year and plan a National Investment Infrastructure Fund.

Government proposes tax free infrastructure bonds for projects in roads, rail and irrigation projects.

Our Government propose 5 ultra mega power projects for 4000 MW each second unit of Kudankulam Nuclear Power Station to be commissioned.

Our Government plan to build additional 100000 km. of roads.

Government plans port in public sector which will be corporatised under Companies Act.

Government proposes to develop a sovereign Gold bond and introduce new scheme for gold holder in the country.

श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूँ क्योंकि आज फिर से आपने दूसरी बार यूनियन बजट पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

मैं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहती हूँ क्योंकि उन्होंने यूनियन बजट के पहले जब शपथ ग्रहण किया था, तो उसी समय वर्ष 2014 के 26 मई को उन्होंने देश को एक मूल मंत्र दिया था। मूल मंत्र सिर्फ "सबका साथ, सबका विकास" नहीं, बल्कि हर एक धारा में उन्होंने मूल मंत्र देकर कहा था कि मैं हर जगह का अलग-अलग रूप से विकास करूँगा, जिससे साथ में मिलकार "सबका साथ, सबका विकास" के रूप में हम आगे जा सकते हैं। उस मूल मंत्र में मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, श्रमेव जयते, डिजीटल इंडिया, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, pour drop, more crop, युवाओं के लिए स्किल इंडिया का विचार आदि इन सारी धाराओं को लेकर वे आगे बढ़े थे। यहाँ पर बैठे हुए हमारे अपोजिशन के सारे होशियार मित्र हैं, वे जब कहते हैं कि यह बजट कारपोरेट वर्ग के लिए है, यह बजट फलां के लिए है, इससे मुझे पीड़ा होती है क्योंकि इस बजट का नाम ही सबका बजट है। यह सबका बजट इसीलिए है क्योंकि इसमें हर धाराओं का विचार, जो प्रधानमंत्री जी ने किया था, वह सबके सामने दिया हुआ है। हर एक मूल मंत्र का विचार करके लोगों के सामने यह सबका बजट लाया गया है। वह विचार चाहे शिशु का हो, उसके स्वास्थ्य का हो, उसकी शिक्षा का हो, उसकी सुरक्षा का हो, उसकी नौकरी का हो, उसके सम्मान का हो या उसकी सेवा का हो, वह दरिद्र नारायण की सेवा हो, वह इस देश के युवाओं की सेवा हो, महिलाओं की सुरक्षा हो, उन सब मुद्दों को लेकर यह बजट सबका बजट के रूप में आज हमारे सामने आया है।

elections in 2014 brought a new dawn and hope for India under the leadership of hon. Narendra Modi Ji. Hopes are not only for us but also for one and all across the world. Everything started going upwards, namely, foreign exchange reserves, ratings, demands for goods and services. At the same, some other things have also started falling down, namely, crude oil prices, trade deficits, inflation, gold prices, repo rates, inflation, cross border fights, terrorism and naxalite attacks.

With all this, under the hon. Prime Minister Narendra Modi Ji, whether it is upward or downward, both have brought stability to the country. The banks were nationalized in 1969 and again in 1981 for the very purpose of financial inclusion and accessibility to all, but even now more than 40 per cent of the people have no access to bank accounts. Sir, 70 per cent of the rural population, mainly farmers have no access to formal or informal credit facility. But the hon. Prime Minister Narendra Modi Ji brought Jan Dhan Yojana in 2014 with zero balance accounts, minimum formalities, overdraft facilities, insurance coverage and debit card as part of financial inclusion. The scheme launched by the hon. Prime Minister has given hopes to the common man of this country. As Pandit Deendayal Ji stated, the last person of society should get the benefit. The aim of any political party is to uplift the common man of this country. That has been done by Shri Arun Jaitley and Shri Jayant Sinha under the leadership of Shri Narendra Modi.

Sir, over 12.5 crore people opened their accounts – which is a Guinness World Record – with an outstanding balance of over Rs.10,000 crore and above coming into the banking system. Why this has not happened earlier? So, the last person of society should get the benefit of this scheme.

I request the hon. Minister to extend the benefits, if not already extended, to all eligible accounts opened prior to the launch and after the closure of the scheme and keep it open till the last eligible person opens his account and gets the benefit of the Prime Minister Jan Dhan Yojana.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI SURESH C. ANGADI: Sir, please give me some more time to speak.

Sir, Direct Benefit Transfer (DBT) is aimed at eliminating corruption and middlemen from the country. It is a step in the right direction. All are buying LPG cylinders at uniform rates but eligible consumers get their subsidy amount directly credited into their accounts. The appeal from the hon. Minister has made several affordable people to surrender their subsidized LPG cylinders thus bringing down burden of subsidy on the Government.

In coming years, the Government may introduce DBT to credit subsidy amount instead of delivering foodgrains. The Government is incurring a loss of about Rs.25,000 crore in transportation, storage, staff, commission, wastage, pilferage, to name a few in order to deliver foodgrains to the BPL families. The amount thus saved can be utilized for giving more subsidies to the poor till their poverty is eliminated and they have the freedom to buy food grains of their choice from the shop of their choice and at their own convenience and not at the mercy of fair price shop owners. The DBT is possible only because of the Prime Minister's Jan Dhan Yojana.

Under the Prime Minister's Suraksha Bima Yojana and Jeevan Jyoti Yojana, poor people, farmers, SC/ ST and under-privileged people will get insurance cover for accidental and natural death for a small amount of premium. Similarly, under Atal Pension Yojana with a small monthly contribution, pension varying from Rs.1000 to Rs.5000 will be paid, which is a great thing. I conclude by saying that even after 67 years this could not be done.

Thank you.

*श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद)ः आज आम बजट 2015-16 पर मैं अपनी पार्टी शिव सेना की ओर से अपना पक्ष रखना चाहता हूं। इस बार के बजट से सभी को बहुत उम्मीदें थी। देश की जनता पहले ही महंगाई से परेशान है, बल्कि यह सरकार महंगाई के खिलाफ लड़ाई के लिए बनी थी। जनता ने अभूतपूर्व जन समर्थन भी इसीलिए दिया था। हालांकि इस बजट में बहुत सारी अच्छी चीज़ें भी माननीय वित्त मंत्री जी ने शामिल की हैं।

इस बार के बजट में सर्विस टैक्स और Education cess 12.36 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने क साथ ही मध्यम वर्ग के लोगों के लिए महंगाई का बोझ और बढ़ गया। सर्विस टैक्स बढ़ाने के सरकार के फैसलों को अधिकतम लोग नहीं समझ पाए, क्योंकि यह महंगाई की दरों पर तुरंत प्रभाव डालता है और सरकार महंगाई से लड़ने के लिए बनी थी।

Income Tax slab पर कोई बदलाव नहीं किया गया जबकि आशा थी कि छूट की सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 3.5 लाख अवश्य कर दी जाएगी। कई अवसरों पर हमने माननीय वित्त मंत्री जी को कहते सुना है कि आम जनता को और टैक्स में छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने यहां तक कहा है कि 2.5 लाख की छूट की सीमा को वे 5 लाख तक करना चाहते हैं, परंतु मध्यम वर्ग को महंगाई के अलावा कुछ नहीं मिला। एक नसीहत अवश्य मिली कि-मध्यम वर्ग अपना ख्याल खुद रखें।

इस बजट में overall deduction limits under personal saving बढ़ाकर 4,44,200 रूपए कर दी गई है, परंतु अधिकांश मध्यम वर्ग इस महंगाई से ही परेशान है तो फिर Personal savings किस प्रकार कर पाएगा। यह सिर्फ Face saving के लिए उठाया गया कदम दिखाई देता है।

14वें वित्त आयोग से पहले राज्यों को डैवुलेशन 32 प्रतिशत था। अब राज्यों को डेवुलेशन 42 प्रतिशत देने का प्रस्ताव है। यह अच्छी पहल है और सभी राज्यों को साथ लेकर चलने वाला कदम है, परंतु मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का विचार centrally sponsored schemes जो राज्यों को विकास के लिए दिया जाता है, वह जारी रहेगा या नहीं। जैसे JNNURM, UIDSSMT आदि योजनाएं। अब तक JNNURM के स्थान पर किसी स्कीम की घोषणा भी नहीं हुई है। इन सभी से राज्यों के विकास में बहुत फायदा होता रहा है। हम सभी चाहेंगे कि centrally sponsored shceme आगे भी जारी रहे। अब तक जो shcemes पुरानी सरकार के वक्त पास हुई है उन्हें बीच में अधूरे ही खत्म करने के सरकार के प्रस्ताव का हम विरोध करतें हैं। अगर आप सोचते हैं कि केंद्र सरकार की इन अधूरी योजनाओं को राज्य सरकार अपने बजट से पूरा करेगी तो यह गलत है, क्योंकि सभी राज्यों के पास सीमित संसाधन हैं। अतः मेरा निवेदन है कि जो योजनाएं शुरू हो गई हैं उन्हें उसे centrally sponsored shceme के तहत पूरा किया जाए उन्हें अधूरा न छोड़ा जाए।

रोज़गार एक बड़ी समस्या है। युवाओं को नई सरकार के आने से रोज़गार की आशा अवश्य जगी थी। इस बजट में रोज़गार के लिए क्या नीति बनाई गई है। उसका खुलासा आवश्यक करे। एक राज्य से दूसरे राज्यों में रोज़गार के लिए पलायन होता रहता है। यह युवाओं की मजबूरी है कि रोज़गार की तलाश में एक शहर से दूसरे शहर में पलायन करते हैं। सरकार अपनी नीति को इस प्रकार balance करे कि सभी राज्यों में रोज़गार सृजन पर थोड़ी समानता आ सके। मुझे पता है कि इसमें राज्यों का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है, परंतु अगर केंद्र सरकार की पहल होगी तो कोई भी राज्य रोज़गार सृजन के लिए आवश्यक सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नई पहल शुरू की है 'Skilled India' यह एक दूरदर्शी पहल है। हमें विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री जी का जो सपना है, '' India towards a skilled work force'' भारत वर्ष में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक अलग मंत्रालय की स्थापना की है और माननीय राजीव प्रताप रूडी जैसे सक्षम और काबिल मंत्री को

यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस बजट में Skill Development and Enterprises मंत्रालय के माध्यम से जो National Skill Mission की शुरूआत करने की घोषणा इस बजट में की गई है, वह प्रशंसनीय है। इससे उद्योग जगत के लोग भी काफी खुश हैं। सरकार की इस पहल का मैं स्वागत करता हूं, क्योंकि यह देश को नई दिशा प्रदान करने वाला मिशन है।

बैंकों में NPA एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। बड़ी-बड़ी कंपनियाँ सरकारी बैंकों से कर्ज लेकर उसे चुकाने की जरूरत भी नहीं समझती हैं। कर्ज हज़ारों करोड़ों रूपए में होता है। एक किंग फिशर एयर लाइंस पर बैंकों का कर्ज 10,000 करोड़ से ऊपर है। ऐसी कई बड़ी-बड़ी कंपनियाँ है, जिसका NPA है। सरकारी बैंक से लिए कर्ज को अब चुकाना नहीं चाहती है। कई बार देखा गया है कि किसान एक लाख रूपए कर्ज लेता है और इसे नहीं चुका पाने के कारण बैंक के कई लोग उसके घर आकर भयभीत करते हैं, धमकाते हैं। अंततः उसे इतना आतंकित कर दिया जाता है कि बेचारा किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाता है। क्या सरकार NPA से संबंधित कोई अलग नीति बनाएगी जिससे NPA या bad loan में कमी आए और जिनके पास बड़े-बड़े NPA हैं, उनके लिए आवश्यक दंड का प्रावधान हो।

बीते दिनों माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री जयंत सिंहा जी बोल रहे थे कि सरकार का सालाना खर्च 17 लाख करोड़ रूपए है और कमाई 11.3 लाख करोड़ रूपए है अर्थात् प्रतिवर्ष 5 लाख करोड़ का कर्ज सरकार के ऊपर आता है। सरकार के पास क्या योजना है, जो सरकारी खज़ाने पर होने वाले प्रतिवर्ष के घाटे को कम कर सके। क्या सरकार ने इस वित्तीय घाटे को कम करने के लिए कोई रोड मैप तैयार किया है। यदि हाँ तो सदन में अवश्य प्रस्तुत करें।

वित्त मंत्री जी ने इस बजट में बहुत सारी अच्छी बातें कहीं हैं। दूरगामी और भविष्य की काफी योजनाएं हैं। यह बजट सुशासन पर माननीय प्रधानमंत्री जी के वायदें को भी पूरा करने में कृत संकल्प दिखाई दे रहा है। यह एक अच्छा कदम है। सुशासन से ही देश प्रगति की ओर बढ़ता है।

जिस दिन बजट पेश किया गया, उसी दिन पेट्रोल और डीज़ल के भी दाम बढ़ा दिए गए। हम सभी को पता है कि पेट्रोल-डीज़ल के दाम इंटरनेशनल मार्किट पर निर्भर करता है, परंतु जब क्रूड ऑयल के दाम घटे थे तो उस अनुपात में पेट्रोल और डीज़ल के दाम नहीं घटाए गए थे। जनता को दोहरी महंगाई की मार एक ही दिन 28 फरवरी को लग गई थी। मुझे लगता है कि तेल की नीतियों में भी कुछ सुधार की आवश्यकता है। इस पर ही पूरे देश की आर्थिक व्यवस्था निर्भर करती है।

इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने National Institute of Pharmaceutical Education and Research की स्थापना का प्रस्ताव किया है और यह एक अच्छी पहल है। साथ ही मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आशा करता हूं कि यह नेशनल इंस्टीट्यूट मेरे संसदीय क्षेत्र संभाजीनगर (औरंगाबाद), महाराष्ट्र में स्थापित किया जाए। इसके कई कारण हैं- एक तो संभाजीनगर (औरंगाबाद) एक Pharmaceutical hub है। यहां सैंकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी दवा निर्माता कंपनी हैं। साथ ही संभाजीनगर बड़ा शिक्षण क्षेत्र भी है। यहां इस नेशनल इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संभाजीनगर (औरंगाबाद) के विकास को गति प्रदान करने में यह नेशनल इंस्टीट्यूट महत्वपूर्ण निभा सकता है। इसलिए मेरा निवेदन होगा कि यह संस्था संभाजीनगर में अवश्य स्थापित हो।

यह बजट अनेक खूबियों वाला और भारत वर्ष के भविष्य को संवारने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। काले धन पर सरकार दृढ़ संकल्प है। इसे सरकार द्वारा वापस लाकर गरीबों, किसानों, बुजुर्गों, जरूरतमंदों और महिलाओं की सुरक्षा पर वृहत् स्कीम चलानी चाहिए। सरकार ने निर्भया फंड की राशि को दो गुणा अर्थात् 2,000 करोड़ कर दिया है, परंतु इस फंड का उपयोग होना आवश्यक है। इस फंड से सरकार महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक उपाय करे। स्वयं योजनाएं चलाएं, महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करें और पुरूषों एवं युवाओं को महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने के लिए कार्यक्रम चलाएं।

पिछले UPA शासन के दौरान भारतीय महिला बैंक की स्थापना की गई थी। मेरे संसदीय क्षेत्र संभाजीनगर (औरंगाबाद) में इस बैंक की शाखा खोले जाने को लेकर कई बार निवेदन किया था। औरंगाबाद महानगर पालिका की महिला मैयर एवं अन्य अधिकारियों के साथ मैंने स्वयं भी बैंक की Chairperson से मिलकर इस बैंक की शाखा खोले जाने का अनुरोध किया था। हमारे यहां काफी बड़ी संख्या में उद्यमी महिलाएं हैं। इस बैं की शाखा खुलने से इन महिलाओं को काफी सुविधा मिलेगी। मैं आशा करता हूं कि भारतीय महिला बैंक की शाखा संभाजीनगर (औरंगाबाद) में जल्द खोली जाएगी।

मेरी वित्त मंत्री जी से यही मांग है। आशा है कि अपने जवाब में इन बातों का शामिल किया जाएगा।

श्री बदरुद्दीन अजमल **(धुबरी):** सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे सामान्य बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं देख रहा हूं कि आप ज्यादा वक्त नहीं दे पायेंगे, लेकिन हमारा कहना है कि हम माइनोरिटी कम्युनिटी से आते हैं। मैं सीधा प्वाइंट पर आता हूं। फाइनेंस मिनिस्टर साहब के पिताजी के साथ हमारा बहुत बड़ा अच्छा ताल्लुक था। यहां पर नायडू साहब भी बैठे हैं। हम यह उम्मीद रखते हैं कि माइनोरिटीज के लिए जो फंड दिया गया है, उसे आप सीरियसली देखिये। देश में 21 प्रतिशत माइनोरिटीज हैं, जिनमें मुसलमान भी हैं। इसलिए वह परसेंटेज बहुत कम है। हमारे साथ अब तक बहुत नाइंसाफियां हुई हैं। मैं उसकी डिटेल में नहीं जाऊंगा, लेकिन वह डाटा मेरे पास है।

सभापति महोदय, मैं असम से आता हूं। प्राइम मिनिस्टर साहब ने असम में एम्स के पांच सैंटर देने की बात कही है। मेरी उनसे सीरियसली रिक्वैस्ट है कि असम में भी एम्स का भी एक सैंटर दिया जाये। पावर के मामले में असम बहुत पीछे है। इस मामले में गवर्नमैंट बहुत सी जगह प्रौजेक्ट बना रही है। हमें उम्मीद है कि गवर्नमैंट असम के लिए भी कोई एक बहुत बड़ा प्रौजेक्ट देगी। अगर ऐसा नहीं होगा, तो पावर की कमी की वजह से क्या-क्या तबाही, बर्बादी होती है, वह आपको हमसे ज्यादा मालूम है।

सभापति महोदय, मैं सबकी तरफ से एमपीलैड फंड के बारे में कहना चाहूंगा कि यह फंड बहुत कम है और मैं समझता हूं कि सारा हाउस मेरी ताईद करेगा। एक एम.एल.ए. को दो करोड़ रुपये मिलते हैं, जबकि हमें पांच करोड़ रुपये मिलते हैं, जो हमें सात-आठ कांस्टीटूएंसी में देना पड़ता है। इसलिए हमारा कहना है कि यह फंड दस से बारह करोड़ रुपया होना चाहिए। मैं समझता हूं कि सारे लोग मेरी ताईद करेंगे। ...(व्यवधान) मेरी बात से सभी सहमत हैं। ...(व्यवधान) आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया।

मैं फाइनेंस मिनिस्टर का ध्यान दिलाना चाहता हूं, The amount for North East under the Ministry of Water Resources is reduced from Rs. 1,474 crore in 2014-15 to Rs. 361 crore in 2015-16. The amount for North East under the Ministry of Women and Child Development has been reduced from Rs. 2,110 crore in 2014-15 to Rs. 1,028 crore in 2015-16. The amount for North East under the Ministry of Textile has been reduced from Rs. 483 crore in 2014-15 to Rs. 352 crore in 2015-16. The amount for North East under the Department of Land Resources has been reduced from Rs. 375 crore to Rs. 157 crore. The amount for North East under the Ministry of Minority Affairs has been reduced from Rs. 368 crore to Rs. 250 crore. इसे और कम कर दिया गया है। मेरा नायडू साहब और जेटली साहब से गुज़ारिश है कि माइनोरिटी फंड की तरफ ध्यान दिया जाए।

माननीय प्रधानमंत्री जी सैनिटेशन और ड्रिंकिंग वाटर की तरफ बहुत ध्यान दे रहे हैं। The amount for North East under the Ministry of Drinking Water and Sanitation has been reduced from Rs. 1,526 crore to Rs. 623 crore. The amount for North East under the Ministry of Health and Family Welfare has been reduced from Rs. 3,064 crore to Rs. 2,455 crore. इसे हजारों करोड़ रुपए के हिसाब से कम कर दिया गया है।

I would like to draw the attention of the hon. Minister to the following long pending demands of the people of Assam. The Government should declare flood and erosion as a national calamity, sanction new projects and give special grant for setting up a dedicated fund to take up studies on the issues relating to flood protection and riverbank erosion management. The Government should put on track the fiscal package of North East Industrial and Investment Promotion Policy, 2007 which has been kept in abeyance since December last year.

The Government should help in rehabilitation of the flood and erosion victims. The Central Government should allocate funds for construction of Dhubri-Fulbari bridge over River Brahmaputra. The Government should allocate funds for establishment of a Special Campus of Aligarh Muslim University in Dhubri, my constituency. The Rupshi airport should be re-opened. There should also be re-opening of International River Port of Dhubri. The Government should also allocate funds for establishment of medical college, engineering college, agricultural college and fishery college in Dhubri, Barpeta, Gopalpara and Karimganj.

Thank you very much.

HON. CHAIRPERSON : Now, Shri Brijbhushan Sharan Singh will speak.

श्री बृजभूषण शरण सिंह **(**कैसरगंज**) :** माननीय सभापति जी, मैं दस मिनट के अंदर अपनी बात खत्म करूंगा।

माननीय सभापति **:** पांच मिनट में खत्म कीजिए।

श्री बृजभूषण शरण सिंह **:** अगर पांच मिनट का समय देंगे तो हमारी स्पीच ले करा दीजिए। मैं पांच मिनट में अपनी बात नहीं कह पाऊंगा।

HON. CHAIRPERSON: If you want to lay the whole speech, I will allow you, but there are so many Members to speak from your party. You have to adjust yourself. Otherwise, the time is very short and so many Members will be left out.

श्री बृजभूषण शरण सिंह **:** मैं अपनी तरफ से कोशिश करूंगा कि समय पर अपनी बात खत्म करूं।

माननीय सभापति, यह पक्ष कहेगा कि बजट अच्छा है, हम कहेंगे बजट अच्छा है और ये कहेंगे कि बजट खराब है। इसका फैसला तो आने वाले समय में होगा कि किसका बजट खराब है और किसका बजट अच्छा है। जब भी कोई सरकार बजट बनाती है तो देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति देखकर बजट प्रस्तुत करती है।

आपको भरोसा हो या न हो, लेकिन हम लोगों को और इस देश की जनता को इस सरकार के बजट पर भरोसा है। हमारे माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी यहाँ पर बैठे हैं, यह हमारा सौभाग्य है। पिछले बजट भाषण के दौरान मैंने एक सवाल उठाया था कि हमारी नीयत में कोई खोट नहीं है, लेकिन कहीं न कहीं क्रियान्वयन में दिक्कत है। जब यह सरकार बनी, वैसे हमारे उत्तर प्रदेश के अंदर, मैं केवल मनरेगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर दो बातें संक्षेप में कहूँगा। उत्तर प्रदेश में मनरेगा में जो लूट मची है, वह शायद कहीं नहीं है। कम से कम 10-15 जिलों में इससे संबंधित सी.बी.आई. जांच चल रही है। ...(व्यवधान) जब इस बार माननीय मोदी जी प्रधानमंत्री बने और जब मैंने सरकार की दृढ़ इच्छा-शक्ति को देखा, तो हमने भी मनरेगा के संबंध में कुछ पत्र-व्यवहार करना शुरू किया। भारत सरकार के मंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव तथा संबंधित विभाग का ऐसा कोई अधिकारी नहीं है, जिसे मैंने इस संबंध में पत्र न लिखा हो। मेरा सवाल था कि गोंडा जनपद में वर्ष 2010 से वर्ष 2014 तक किन-किन ब्लॉकों में क्या-क्या काम कराए गये हैं, मुझे केवल इसकी सूचना उपलब्ध करा दी जाए। मैं पूरे सदन के सामने अपनी यह पीड़ा रखना चाहता हूँ कि मैं नौ महीने में प्रशासन से यह सूचना नहीं पा सका कि कहाँ पर कौन-सा काम हुआ है। हमने निगरानी समिति की बैठक की, जो आपके द्वारा बनायी गयी है। इस बैठक में तय हुआ कि हम सात दिनों के अंदर सूचना दे देंगे, हमने कहा कि आप 15 दिनों के अंदर दे दीजिए, फिर कहा कि एक महीने में दे दीजिए और एक महीने के बाद भी आज तक हमको कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। तब अंत में, मैं उच्च न्यायालय की शरण में गया। उच्च न्यायालय ने हमारे गोंडा जनपद की मनरेगा से संबंधित सी.बी.आई. जांच का आदेश कर दिया, जो अभी चल रही है।

20.14 hrs. (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

इसी प्रकार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। हमारे जिले का पूरा विवरण मेरे पास है। उत्तर प्रदेश में यह कोई सौ-पचास करोड़ रुपये का घोटाला नहीं है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्यान्न का घोटाला भी कई हजार करोड़ रुपये का है, जो बसपा के शासनकाल में शुरू हुआ और अनवरत आज तक सपा के शासनकाल में भी चल रहा है। इस संबंध में भी मैं श्री रामविलास पासवान जी से मिला, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव आदि में किसी का भी दरवाजा मैंने नहीं छोड़ा और अंत में मैंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक टीम बनायी और उन्हें कहा कि आप लोग गोदाम पर बैठकर केवल यह देखें कि कोटेदार अनाज पा रहा है या नहीं? जिसका नतीजा यह निकला कि हमारा जो पी.ए. है, दलित समाज के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष â€¦ *इन सबके खिलाफ मुकदमा करने का काम किया गया है। मैं आपसे यही गुजारिश करना चाहता कि हम लोग चुने हुए लोग हैं, हमारे देश में लोकतंत्र है और हमारे लोकतंत्र की यह विशेषता है कि धर्म, जाति, मजहब, अमीर-गरीब की भावना से ऊपर उठकर इस देश के लोगों को बराबरी का दर्जा दिया गया है। हम 'लोक ' हैं, हम चुने हुए लोग हैं, हमारी जवाबदेही है और शायद इसीलिए भारत के संविधान ने प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक का कार्यकाल केवल पाँच साल तक के लिए किया, जिससे जनता के प्रति उनकी जवाबदेही बनी रहे। लेकिन लोक हम हैं, ये चुने हुए लोग हैं और तंत्र वह है जो ऑफिस में बैठा है। मैं सबकी आलोचना नहीं करता, ऐसा नहीं है कि तंत्र में सब लोग गलत हैं। यह कहना उचित नहीं होगा। लेकिन बहुमत गलत की ओर है और उत्तर प्रदेश का प्रशासनिक तंत्र सत्ता की कठपुतली बन गया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपनी पार्टी के लोगों से कहना चाहता हूं कि आपने निगरानी समिति बनाई, लेकिन उसको कोई अधिकार नहीं दिए। ये चुने हुए लोग आपके हैं, इनसे आप पूछ सकते हैं, इनसे आप सवाल-जवाब कर सकते हैं और ये सभी बहुत दुखी हैं। मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर विचार करने का समय आ गया है। प्रशासनिक सुधार के बारे में 67 साल में केवल दो-तीन बार चर्चा हुई। आज के तीन पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के एक प्रकरण में अपने निर्णय में कहा है कि उत्तर प्रदेश का कोई अधिकारी काम नहीं करना चाहता है। यहां तक की जो सीबीआई जांच चल रही है, उसमें उत्तर प्रदेश की पुलिस सहयोग नहीं कर रही है, सीबीआई को कागजात नहीं दे रही है तो आप स्वयं सोच सकते हैं कि हम लोगों का क्या हाल होगा। इसलिए आपसे निवेदन करता हूं। मनरेगा के बारे में मैंने पहले भी कहा है कि आपकी नीयत अच्छी थी, आप कह रहे थे कि हम उसे समाप्त करने वाले हैं, लेकिन हमने उसका बजट बढ़ाया है, उसे समाप्त नहीं किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली कहीं-कहीं अच्छी भी चल रही है। कई प्रान्तों में अच्छी भी चल रही है, लेकिन अगर मैं कहूं कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्या हाल है तो मैं एक लाइन में कहना चाहता हूं :

"आप मत पूछिए कि सफ़र में हम पे क्या गुजरी,

था लुटेरों का जहां गांव, वहां रात हुई।

मैंने सोचा कि मेरे देश की हालत क्या है,

एक कातिल से तभी मेरी मुलाकात हुई। "

वह कातिल है उत्तर प्रदेश सरकार। इसलिए आपसे हाथ जोड़कर विनती करता हूं, सभी सांसदों की तरफ से विनती करता हूं, उत्तर प्रदेश की जनता ने बहुत प्रबल समर्थन दिया है, लेकिन सब बहुत दुखी हैं, विशेषकर प्रशासनिक तंत्र से, इसलिए हमको दांत दीजिए, हमको नाखून दीजिए, हमको ताकत दीजिए। हम आपके लोग हैं। ये सभी लोग, चाहे उधर बैठे हों या इधर बैठे हों, आपके हैं। केवल प्रशासन पर भरोसा मत कीजिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

***SHRIMATI R. VANAROJA (TIRUVANNAMALAI):** At the outset, let me thank our beloved Leader Makkal Mudhalvar Puratchi Thalaivi Amma who has identified me to represent the people of Tamil Nadu in general and my Tiruvannamalai Lok Sabha Parliamentary Constituency in particular.

Budget is a statement of revenue and expenditure account of the Government with policy statements of Finance Minister's with the announcement of new financial packages and schemes meant for various stake-holders of our economy. With great expectations, we participate in the discussion on Budget hoping that the Finance Minister would have a rethink on his budget proposals from the point of view hon. Members and their political parties.

NITI Ayog that replaced the Planning Commission on the eve of Budget gave us some hope. We thought the requests and valid demands from the various Chief Ministers would be heeded. Our hopes have been belied. The Revised Estimates of 2014-15 plan expenditure was down from Rs. 5,75,000 crore to Rs. 4,75,532 crore. The plan expenditure for the year 2015-16 has been further reduced to Rs. 4,65,000 crore. When it comes to central assistance to States for implementing social schemes, we find a huge cut. For 2015-16, it is Rs. 2,04,000 crore. Whereas in 2014-15 the allocation was Rs. 3,38,000 crore. We expect the States to have a better say in managing economic development.

The 14th Finance Commission gave its recommendation to increase the share of the States from 32% to 42%. It is given with one hand and taken back by the other hand. The increased devolution is expected to be spent by States on fund strapped Central projects for which allocation has been stopped forthwith by the Union Government.

We find positive signals for business in the first full year Budget of our Union Finance Minister. Financial inclusion by way of introducing Jan Dhan Yojana making the beneficiaries part of he financial system has been done. I would like to point out that this will come in the way of Direct Benefit Transfer mechanism which has been effectively put in use in states like Tamil Nadu.

Basic amenities like housing, power, water and livelihood for all families in the country are to be provided. The budget touches upon them. This has come as a mere announcement. There is no road map. No specific allocations are there in this Budget. The Finance Minister seeks to provide refinancing of various micro-finance institutions. I would like to point out that our state, Tamil Nadu, guided by our Hon'ble Amma, is doing a pioneering work in making the best use of the Self-Help Groups Women Groups.

Tamil Nadu has the most number of micro, small and medium enterprises and so we look forward to the financing of trade receivables spelt out in the budget.

The Union Government proposes to cut the subsidies. Already the number of centrally sponsored schemes have been curtailed. The centrally sponsored schemes must continue as usual without cutting allocation. The states should not be made to bear the burden of the cost of the schemes above 25%.

While the Corporates have been given direct benefits, the poor are not getting any direct benefit. Instead the indirect taxes and also the railway freight rate increase add up to the burden on them. This will result in price rise and inflation.

In response to the request of our beloved Leader, an announcement to set up an AIIMS in Tamil Nadu is made in this Budget. I also request the Finance Minister to release the required funds in adequate manner.

Agriculture, Education and also Women and Childern development are not given due priority and get lesser allocation this year.

The Plan to severely penalize those holding illegal foreign accounts and assets is notable. At the same time, corporate tax is reduced and wealth tax is abolished. Such benefits are not forthcoming to the poorer sections of the society.

When sharing the central revenue with the states, the population control in progressive states like Tamil Nadu goes against its interest. New criteria have been evolved to treat Tamil Nadu in an unfairly manner. This has been point out my our beloved Leader Amma. This must be rectified.

Normally budgets are called either pro-poor or pro-rich, populist or dogmatic. This year's Union budget tries to put in all elements of all these but unfortunately it has ended as a disappointing exercise.

Considering the fact that local area development scheme is very popular among our constituents and they expect more from people's representative like MLAs and MPs. I request the Hon'ble Finance Minister and through him the Hon'ble Prime Minister to increase the MPLAD Fund to Rs.25 crore. For village adoption programme, separate fund may be allotted.

Social capital should not be ignored at the cost of growth. Some announcements regarding social welfare and security have been made in this budget. But they are cosmetic. Hoping that the Finance Minister may come forward with some corrective measures in his Finance Bill.

*DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Deputy Speaker Sir, thank you for giving me an opportunity to take part in the discussion of the General Budget 2015-2016. Sir, I oppose this budget. At the out-set, I would like to quote Hon. Prime Minister Modi Ji who made a remark on this budget. He said, and I quote "This budget is progressive, positive, practical, pragmatic and prudent." This is also PPP model and there are 5 Ps. This is rather super PPP model.

I would like to respond in a similar super PPP model. Sir, in my observation and perception this budget is highly prejudiced, partial, passive, paradoxical and pathetic.

The budgetary allocations for the poor, scheduled castes, scheduled tribes, women and children have been drastically reduced. Therefore, this budget is highly prejudiced against the poor, SCs, STs, women and children.

This budget has done away with the wealth tax and the corporate tax has been reduced from 30% to 25%. As a matter of fact this budget is very partial towards the corporates, industrialist and the rich.

Sir, when the global prices of crude oil and petroleum has come down considerably, the inflation is contained and we have a comfortable Foreign Exchange Reserves. In such a favourable situation the Finance Minister is not serious about fiscal consolidation. So, this budget is absolutely passive.

---

* English translation of the speech originally delivered in Manipuri.

The chasm between the haves and havenots is growing day by day. After

this budget the rich will become richer and poor will become poorer. We have a saying in Manipuri to explain the same, "making wealthy more wealthier and wretched more distressful". Finance Minister is giving more money to the rich and less money to the poor. So, this budget is symobically paradoxical.

Sir, in a welfare state development can not be measured only on the basis of high-rise buildings, smart cities, high-speed trains, digital India, make in India etc. In fact the yardstick of development should be on the basis of people's education, employment, health-care, fooding, housing etc. These things are not visible in this budget. Hence, this budget is dismal and pathetic.

Finance Minister is now silent on his last year's announcement of 'health for all' and free drugs and diagnostic service. This time the Ministry of Health has asked for 50,000 but given only 33,152 crores. When we are encountering dreaded diseases like H1N1, AIDS etc., this is unfortunate.

Deputy Speaker Sir, perhaps the whole country knows that BJP had spent a colossal amount of money in the last Lok Sabha election. Everyone knows where from those money came. Now, they have to pay back those money with interest. There are two things in the world which go on non-stop. One is the 'time' and other is the 'interest' on borrowed money. If repayment of money is delayed the 'interest' will be mounting. So, the BJP led Government has started giving the money back with interest. Now, the wealth tax is gone and corporate tax is reduced. In the next four years they will do more.

Now, this budget has nothing for the middle class. No tax rebate for the middle class, only some tax saving bonds for them. Finance Minister himself says, "Middle class will take care of themselves". If this is the attitude, time will tell us who takes care of whom? This is very important and to be noted.

As per the recommendation of the 14th Finance Commission the state's share of taxes and duties has been increased from 32% to 42%. But, what about the poor states and smaller states where the revenue realization is very low. On top of it, you are transferring many central schemes to the states. This is very unfortunate for the poor and small states. Sir, I am from the Northeast. It is going to be a huge financial burden for the Northeastern states. Please look into this matter seriously. Where has gone the NE industrial policy? This budget has completely neglected the NE India.

Thank God! MGNREGA is not killed. But Government is reluctantly funding it. 33,700 crore for MGNREGA is almost equal to last years Revised Estimate. Keeping in view the volume of backlogs and unpaid wages in all the states this allocation is very meager and impractical. With this reluctant funding MGNREGA will die in the near future. One minute sir, I am coming to the last point. If this is the will of the BJP led NDA Government let us see what happens next. The poor farmers will not pardon you.

Excuse me sir for taking more time. For changing the entire scenario we have to give emphasis on education. We msut continue with the Right to Education of the UPA Government. 6% of the GDP should be given to education.

Sir, finally I would say that this budget is a bonanza for the corporates and a punishment or fine for the poor people.

With these words I oppose this budget.

Thank you.

*SHRI R.K. BHARATHI MOHAN (MAYILADUTHURAI):At the outset, I would like to state that agriculture is the backbone of Indian economy. Today, almost 60% of the population depends directly or indirectly on agriculture. Although the share of agriculture in the total national income has been gradually decreasing, its contribution continues to be significant. Agriculture provides raw materials to leading industries such as cotton textiles and sugar industries etc. Agriculture also provides the market for a variety of goods. A number of the agricultural commodities like tea, coffee, spices and tobacco constitute our main items of exports. This amounts to almost 15% of our total exports. Our Agriculture sector generates sufficient amount of foreign exchange also. It also maintains a balance of payments and makes our country self-sufficient.

Various means of transport in our country get bulk of their business by the movement of agricultural goods. State governments get a major part of their revenue in terms of land revenue, irrigation charges, agricultural income tax, etc. Central government also earns revenue from export duties on the agricultural production. Our agriculture has brought fame to the country. India enjoys first position in the world as far as the production of tea and groundnuts are concerned.

It is heartening to note that India is the first in the world in terms of production of milk, pulses, jute and jute like fibers; second in rice, wheat, sugarcane, groundnut, vegetables, fruits and cotton production and is a key producer of spices and plantation crops as well as livestock, fisheries and poultry sector. Only due to hardwork of our farmers, we can continue to perform well in the agriculture sector. We have achieved milestone in the foodgrain production in the last few years despite some adverse weather conditions in some years.

However, in this regard I would like to make one submission. In our country, vegetables and fruits are grown in huge quantities. They are perishable in nature and cannot be stored for a longer period. Due to inadequate transport, lack of cold storage facilities, financial and other constraints, the farmers are facing lot of difficulties in keeping the harvested fruits and vegetables. They are also not getting adequate support price for their produce. Quite often, they are forced to sell their produce at much below the cost price and they are constantly cheated by the middlemen who are amassing huge profits. Generally, the prices of the above items are not fixed by the farmers, the middlemen and the commission agents are fixing the prices.

We need to help in bringing more than 67% population for distribution of subsidized foodgrains, which will reduce hunger, poverty and ensure food for all. Bringing green revolution to eastern India turns into a remarkable success and their share of contribution in agriculture output has also increased.

Steps should be taken promote the subject of agriculture in school and college curriculum. Number of colleges and universities based on agriculture as a primary subject should be opened up throughout the country and steps should be taken to produce large number of agricultural scientists. Steps should be taken to promote the use of organic farming rather than depending on chemical farming which is not healthy trend in the long run and it will gradually reduce the fertility of the land. Organic farming, though strenuous, will be cheaper and gradually improve productivity, quality and be healthier also.

Besides, agriculture- fisheries, horticulture and poultry sectors should also be given adequate importance. India is the largest producer of fisheries and poultry products. Besides, huge quantities of flowers are produced in the country. Apart from agri produces, fishing products, poultries, fruits are exported to various parts of the country and abroad in huge volumes and they fetch lot of revenue of foreign exchange. However, we are facing problem of adequate cold storage and transportation facilities. We have to seriously address these shortcomings, then only we can compete with the world market.

In the absence of adequate storage facilities, huge quantities of paddy, wheat, cereal are kept in open and become wasted, causing huge loss to the exchequer. Likewise, our processed goods like fruits and vegetables are also perished due to that reason. If the government cannot provide storage facilities on its own, it can involve private sector, otherwise all the toil of our farmers, labourers will be ruined.

We often suffer due to problem of food inflation. Our Government often takes corrective steps to contain food inflation and its rising trend is greatly reduced. We should also contribute in our government's efforts in stopping the food wastage which can feed millions.

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : उपाध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा में बहुत सारे माननीय सदस्यों ने भाग लिया है और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। अभी हमारे बृज भूषण भाई मनरेगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हो रहे घोटालों की चर्चा कर रहे थे। मैं किसान हूं और किसान तक ही बात केन्द्रित करूंगा। मुझे बहुत ाासन्नता हुई कि कई दिनों से यानि पिछले सप्ताह भूमि अधिग्रहण विधेयक पर जब चर्चा हो रही और अब जब बजट पर चर्चा हो रही है तो किसान पर काफी चर्चा हुई। हमारे पूर्व प्रधान देवेगौड़ा जी भी अपने भाषण में किसानों की बात कह रहे थे और अन्य साथियों ने भी कहा। यह बात ठीक है कि यह देश किसानों का देश है इसलिए मैं बहुत प्रसन्न हो रहा था जब किसानों की चर्चा हो रही थी।

यहां पर वित्त राज्य मंत्री जी बैठे हुए हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सर्वसम्मत किसानों पर आप चर्चा कराना चाहते हैं तो जैसे रेल बजट अलग से पेश हो सकता है, उसी तरह से कृषि का बजट क्यों नहीं अलग से पेश हो सकता! कृषि का अलग बजट पेश होगा तो चर्चा के लिए बहुत विषय नहीं रह पाएगा, मैं इस बात को किसान होने के नाते कह सकता हूं। वैसे कर्नाटक ने एक बार कृषि का अलग से बजट प्रस्तुत किया था।

उपाध्यक्ष जी, मुझे इस बात की खुशी हुई कि वे लोग भी किसान की चर्चा करने लगे हैं, जो चेहरे से कहीं से भी किसान नहीं दिख रहे थे। जो बाजरा, धान, ग्वार या गेहूं के पौधे या जब वह फूले तो उसकी फली नहीं पहचान सकते, वे किसान पर चर्चा कर रहे थे। मैं इसको लेकर हैरान हो रहा था और मुझे खुशी भी हो रही थी कि कम से कम ज्योतिरादित्य सिंधिया जी जैसे लोग भी किसानों की चर्चा करने लगे हैं। गांव के लोग जब ऐसे किसी शख्स को किसान की चर्चा करते हुए देखते हैं तो कहते हैं कि यह किसी फिल्म का हीरो है, यह कहीं से किसान नहीं दिखता है। मैं इसलिए इस बात की चर्चा यहां कर रहा हूं कि जो लोग कहते हैं, जिनकी आठ-नौ महीने पहले हिम्मत नहीं थी इस सरकार के बारे में बोलने की, वे आज कह रहे हैं कि यह सरकार किसान विरोधी है, गरीब विरोधी है।

उपाध्यक्ष जी, मैं जिस संसदीय क्षेत्र से आता हूं, उसके दो विधान सभा क्षेत्र इलाहाबाद में आते हैं, जहां से डॉ. राम मनोहर लोहिया जी चुनाव लड़ा करते थे और पंडित जवाहर लाल नेहर जी सांसद थे। एक सप्ताह पहले मैं वहां डॉ. राम मनोहर लोहिया जी के साथ काम करने वाले बहुत सारे लोग एक कार्यक्रम में जुटे थे, मैं भी वहां गया था। वहां पर बाबू रूप नाथ यादव जी की मूर्ति की स्थापना हो रही थी, जिन्होंने आरक्षण का प्रपोजल सबसे पहले तैयार किया था। बाद में बी.पी. मंडल आयोग के नाम से वह जाना गया, लेकिन सबसे पहले उत्तर प्रदेश में आरक्षण की व्यवस्था बहुगुणा जी और

नारायण तिवारी जी के समय लागू हुई थी। वहां पर जुटे लोगों ने मुझसे कहा कि वीरेन्द्र सिंह जी जाकर बता देना देश के प्रधान मंत्री को और अपने दल के नेता को कि अब उन लोगों पेट में पेटबथी हो रही है, पेटबथी का मतलब उधर के लोग इतना नहीं जानते, जितना यहां बैठे हुए समझते हैं, उन लोगों के पेट में पेटबथी हो रही है, जिन्हें गरीब का बेटा, वहां बैठा हुआ प्रधान मंत्री बना हुआ नहीं सुझाता है, उनके पेट में पेटबथी हो रही है। जिसके खून में किसान का अन्न पैदा हुआ, जिसके खून में किसानों द्वारा दूध पैदा करके अपना खून बनाया है, क्या वह किसानों के विरोध में काम करेगा! अगर वह किसान विरोधी होता तो मैं बताना चाहता हूं कि यह पहली सरकार है, जिसने अपने बजट में यह प्रावधान किया है कि हम हर खेत को पानी उपलब्ध कराएंगे। यह किसान ही है जो अपने उत्पादन का दाम स्वयं तय नहीं करता है बाकी सारे लोग अपने उत्पादन का दाम स्वयं तय करते हैं। यह पहली सरकार है जिसने किसानों द्वारा पैदा हुए अनाज के लिए बाजार का स्थान तय किया है, जहां जाकर किसान अपनी फसल का दाम खुद तय करेंगे और बेचेंगे।

जब इस सदन में भूमि अधिग्रहण बिल पर चर्चा हो रही थी, उस समय मुझे उस पर बोलने का अवसर नहीं मिला। क्या इन लोगों को मालूम है कि गांव में कहां भूमि है? पहले से किसानों ने सर्वे के आधार पर सर्वे और चकबंदी के लिए दस फीसदी जमीन देता है जो बचत की जमीन होती है। वह बचत की जमीन किसकी होती है? वह चकरोट, चकनाली, तालाब, स्कूल, खेल के मैदान या चारागाह के लिए होती है, लेकिन इन को यह पता ही नहीं है कि चकबंदी और सर्वे विभाग क्या होता है। ये लोग तो दिल्ली में चुनाव जीत कर चले आए हैं। दिल्ली में एक सेक्शन बन जाता है, कुछ उधर के लोग हो जाते हैं, हमारे तरफ के लोगों को भी लगता है, हीन भावना हो जाती है और बाजारू लोग हो जाते हैं। मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि ध्यान रखना आजादी के बाद यह पहले सरकार है जो बाजार के खिलाफ सीना तान के खड़ी है और पहली सरकार का वित्त मंत्री है जो जयप्रकाश नारायण जी के आंदोलन से निकला है और जिसका नाम है अरुण जेटली।

महोदय, मैं बहुत ही कम समय में अपनी बात को समाप्त करूंगा। ये लोग कह रहे थे कि हम लोगों ने किसान का 60 हजार करोड़ रुपये इन लोगों ने माफ कर दिया। किस का कर्ज माफ हुआ है? उन लोगों का कर्ज माफ हुआ जो सरकारी पैसे को हड़पना चाहते थे। उनका कर्ज माफ नहीं हुआ, जो अपना पैसा चुकता कर रहे थे। जिन लोगों ने एक पैसा भी नहीं दिया था, उनका कर्ज माफ नहीं हुआ। बैंकों ने अपने नुकसान की भरपायी की। उनका कर्ज माफ हुआ है। किनके राज में एक लाख करोड़ रुपये सरमाएदारों का माफ कर दिया गया था। यहां बैठे हुए लोगों के शासन काल में एक लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए गए और किसी को कानों-कान पता नहीं चला। आप कहते हैं कि पूंजीपतियों की सरकार है। क्या पूंजीपति इस देश से बाहर चले जाएंगे। इसी देश में आजादी की लड़ाई के दिनों में गांधी जी के साथ घनश्याम दास बिड़ला जी भी बैठते थे और जमना लाल बजाज जी भी बैठते थे। स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हमारे ग्रामीण विकास मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह यहां बैठे हैं। वे लोग आजादी की लड़ाई में सहयोगी होते थे। उन लोगों का व्यापार भी चलता था, लेकिन वे आजादी की लड़ाई में भागीदारी भी करते थे और गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम भी करते थे।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please conclude.

श्री वीरेन्द्र सिंह: महोदय, मुझे अपनी बात कह लेने दीजिए, इसके बाद मैं समाप्त कर दूंगा। वे लोग कहां चले जाएंगे। घनश्याम दास बिड़ला की प्रथम पंचवर्षीय योजना में रिहंग थर्मल पावर प्लांट बना था, रेणु सागर डैम बना था। मुझे इस बात की जानकारी है कि इस पार्टी की सरकार जब वहां होती थी तो रेणु सागर डैम की बिजली को कम पैसे में दिया जाता था। ये लोग हमें बता रहे हैं कि हम पैसे वालों के हिमायती हैं। खेती की जमीन कम हो रही है। 54 लाख हेक्टेयर खेती की जमीन कम हुई है। इन लोगों से मैं पूछना चाहता हूं कि वर्ष 1991 के बाद से किसानों आत्महत्या क्यों शुरू की? उसके पहले तो किसान आत्महत्या नहीं करता था। नरसिम्हा राव जी और मनमोहन सिंह जी वहां बैठते थे और हम लोग इधर बैठते थे। वही नीति लायी गयी तो उसके पहले किसानों ने आत्महत्या शुरू की, उसके बाद उन आर्थिक नीतयों पर समीक्षा रिपोर्ट बनी, जिसमें यह कहा गया कि इनकी आर्थिक नीतियों में दोष के कारण लाखों लोगों ने आत्महत्या की।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Y.V. Subba Reddy.

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, मैं अपनी बात एक मिनट में समाप्त करता हूं। आप एक मिनट के लिए बैठ जाइए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: I am conducting the House. You can not ask him to sit down. You do not dictate me like this.

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, विश्वनाथ गहमरी गाजीपुर से सांसद हुआ करते थे। आजकल गाजीपुर से मनोज सिन्हा जी सांसद हैं। इसी मंच से और इसी संसद में उन्होंने भाषण दिया था, उस समय पंडित नेहरू प्रधानमंत्री थे, कि हमारे जिले में पशुओं के गोबर से अनाज निकालकर के लोग जीवनयापन करते हैं तो पंडित नेहरू रोने लगे थे, तब पटेल कमीशन बना था पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के विकास के लिए, लेकिन आज तक पटेल कमीशन पर क्रियान्वयन नहीं हुआ। मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए धन का आवंटन होना चाहिए।...(व्यवधान)

***SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL):**I begin by congratulating the Hon'ble Finance Minister for presenting a reform oriented, progressive and game changing budget.

Enough have been mentioned in the budget regarding curbing practice of money laundering and black money and this has caught the imagination of all the Indians. It may be difficult to get back the money stashed in foreign locations but looking at the entire gamut of activities of money laundering from fresh perspectives is a laudable effort. There are many steps suggested in the budget for achieving the dream of a making India as a manufacturing hub and with right investment climate and thrust on ease of doing business this may not be a dream far from realization.

Increase in corpus of Nirbhaya Funds and launch of Sukanya Samridhi Yojana for financial security of girl child is again a noteworthy initiative. Exemption on health insurance premium has been hiked from Rs. 15,000 to Rs.25,000 and for senior citizens, it has been hiked to Rs.30,000 the notable features we all will like to support. The utilization of unclaimed corpus of EPFO for securing lives of old age people is a noble thought.

An all time high allocation of over Rs.3.3 lakh crore towards health sector and hike of Rs.5000 crore in MNREGA is commendable. Again pucca houses for all by 2022 is praiseworthy. Money to spend on meeting basic needs, housing and healthcare need being taken care of by the State is any poor person would dream of and I sincerely hope that Government keeps up the promises made on these fronts.

But, there has been no change in individual income tax rates and slabs and that will prove to be burden on the common man. Average person on the streets is keen to know that gradual reduction in corporate tax from 30% to 25% for the well to do and no reduction in tax rates for middles class is beyond comprehension. Add to this is increase in the service tax rate to 14%, the common man is eager to know the reasons for economic and social logic for this imposition.

I am a big votary of Swachch Bharat Abhiyan and have, time and again made my stand clear on the floor of the House. But imposing cess for this initiative is again going to burden the common man more than the rich. Government can possibly think of innovative ideas of waste management, commercial biogas production, etc to generate revenues for this purpose and prove that its intent is backed by sound and efficient planning and rigorous implementation.

Government of India's focus on generating renewable sources of energy and focus on cleaner automobile is again encouraging signs. Proposals for setting up of new IITs, IIM, AIIMS like national institutes and ensuring justice to all sates is a big morale booster and indicator to show that

Government values the often talked about principle of cooperative federalism.

As is apparent by now that Andhra Pradesh has suffered huge financial loss on account of the reorganization of the State, General Budget 2015 was one of the chances for the course correction and proving the intent of the Central Government to rectify the injustice done to the people of Andhra Pradesh. However, we are highly disappointed once again. Every house in my state was eagerly awaiting the announcement of special package to Andhra Pradesh and recognizing it as Special Category State. We have time and gain said that the reorganization has left a dent in our finance and therefore financial stimulus was the way forward we keenly anticipated. As I said we are dejected and are still hopeful that our earnest pleas would be heard sooner than later.

SHRI Y.V. SUBBA REDDY (ONGOLE): Mr. Deputy-Speaker, Sir, after presentation of the first full-fledged Budget by the hon. Finance Minister, the mood in the country seems to be one of pragmatic optimism. It is a Budget which has measures to propel India to a new trajectory of growth on the one hand and aims to provide support to the weaker sections of society on the other. So, on behalf of YSR Congress Party and our Party President Jaganmohan Reddy we welcome this Budget whole-heartedly.

Sir, with Rs. 17.77 lakh crore, this Budget is the largest one since Independence. Even though the Budget Estimate of 2014-15 was Rs. 17.94 lakh crore, yet at the RE stage it was brought down to Rs. 16.81 lakh crore. Due to measures taken by the Government since it took over office it has been able to bring down revenue deficit from 3.1 per cent in 2013-14 to 2.9 per cent this year and has aimed to bring it down to 2.8 per cent in the coming fiscal. The same is the case with fiscal deficit. It has been able to bring down fiscal deficit from 4.4 per cent in 2013-14 to 4.1 per cent this year and 3.9 per cent is proposed for the next year. This small picture shows that there is a lot to like and admire about the Budget.

I congratulate the hon. Finance Minister and the hon. Prime Minister for their vision and commitment towards the social sector. The travel from *Jan Dhan* to *Jan Suraksha* is incredible and taking cue from this, the hon. Finance Minister announced a slew of measures for the poor and the under-privileged. The PM *Suraksha Bima Yojana* to provide Rs. 2 lakh for accidental death by paying a premium of just Rs. 12 per annum or Atal Pension Yojana which provide pension after one becomes old by Government itself contributing 50 per cent of premium of Rs. 1000 for the first five years or PM *Jeevan Jyoti Bima Yojana* which gives Rs. 2 lakh for natural and accidental death with less than Re.1 premium per day will provide BPL families social security and give solace to their kith and kin.

Sir, I would now come to some of the important issues relating to Andhra Pradesh after its bifurcation. It is welcome that Government of India has devolved 42 per cent of taxes to States as recommended by the 14th Finance Commission, but it has not taken into account the provisions of AP Reorganisation Act. Proviso to Section 46(1) says, 'the 14th Finance Commission makes a separate award to the successor States'. But look at what the 14th Finance Commission has done. Instead of giving separate award to AP, the Commission has treated AP on par with other States. When it comes to the State of Andhra Pradesh we will be struggling even after five years from now. So, I would like to plead with the Finance Minister to give special category status to Andhra Pradesh and it is only then that we will be able to stand on our own legs. Otherwise, we will be a failed State for no fault of ours.

Sir, I wish to mention a point about the policy decision taken by the Government of India in 2011 to set up NIMZs (National Investment and Manufacturing Zone) in the country. Two NIMZs have been identified in the State of Andhra Pradesh – one is at Chittoor and another is in my constituency in Prakasam district in Ongole. Now we have acquired about 14200 acres of land in two Mandals in Prakasam district since the earlier land was not amenable to NIMZ. Prakasam is one of the backward districts of Andhra Pradesh and so the people are finding it extremely difficult to get job opportunities. They are eagerly waiting for the NIMZ in anticipation that once it is set up, estimates show that nearly 5 lakh jobs can be created – 2.05 lakh direct and about 2.95 lakh indirect employment. It is also estimated that Prakasam NIMZ is going to get an investment to the tune of Rs. 43,500 crore. The Government of Andhra Pradesh has allocated a sum of Rs. 250 crore as advance towards land acquisition. So, I would like to request the hon. Finance Minister to personally look into the matter and give it a push.

In spite of so much criticism over MNREGA, the hon. Finance Minister has given Rs. 34,700 crore with a promise of giving more. I do not want to dwell upon the merits and demerits of the scheme. There is no doubt that there are some slippages and I am confident that this regime would curb them with its iron fist and ensure that the poor really gets 100 days work and tangible assets are created instead of digging holes in the road as said by the hon. Prime Minister.

Sir, skill development is something on which we have to lay emphasis. We have the world's largest youth population totaling to about 360 millions and more than 10 millions are added every year. The highest level of skilled people that we need is in infrastructure with 105 million followed by auto and auto components (35 millions), building and construction (33 millions) and textile industry (28 millions). To train 360 million workforce, we need 4200 billion dollars by 2020 and what we are spending now is just Rs. 6000 crores. So, this needs to be increased and industry, service sector, PSUs have to be roped in and utilize their resources for skill development.

The Budget has provided Rs. 1500 crore for Deen Dayal Upadhyay Grameen Kaushal Yojana. This amount has to be increased.

I congratulate the hon. Finance Minister for setting an ambitious target of Rs. 8.5 crore for agriculture credit. For small and marginal farmers, an

amount of Rs. 25,000 crore have been provided to Rural Infrastructure Development Fund. And Rs. 15,000 crore have been given for Long Term Rural Credit Fund. These are welcome measures.

Coming to health sector, I fail to understand as to why the Finance Minister reduced the allocation for health and family welfare from Rs. 35,163 crore in 2014-15 to Rs. 33,152 crore for 2015-16. Secondly, the Finance Minister also changed the funding pattern of major health sector schemes such as National Health Mission, AIDS Control, ICDS, etc. I only request him that our aim is to spend 2.5 per cent of GDP on health, I think, by 2020. I do not know how we can reach this goal at this pace. So, I request him to increase the allocation.

Lastly, I request the hon. Finance Minister to increase the MPLAD funds to Rs. 15 crore at least as already suggested by our hon. Deputy-Speaker in his speech.

I request the hon. Finance Minister to give a small clarification regarding Andhra Pradesh. Recently, we saw a statement given by the hon. Minister for State, Shri Choudhary that Andhra Pradesh will be given Rs. 10,000 crore very shortly as a total package. I need a clarification in this direction. It is a welcome move. We are definitely happy for this move. Kindly give it as early as possible to the State of Andhra Pradesh.

I conclude my speech congratulating the Finance Minister for keeping a balance between all the sections of the society and request him once again to announce Special Category Status to Andhra Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल **(मेरठ):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। जो अर्थव्यवस्था हमें मिली, आंखन की देखी भी और किताब की लेखी भी, वह बीमार अर्थव्यवस्था थी और उसमें से इस प्रकार का बजट निर्माण करने के लिए मैं अपने वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं थोड़ा पीछे जाना चाहूंगा। 1991 में श्री नरसिंम्हराव जी प्रधान मंत्री बने और डा. मनमोहन जी वित्त मंत्री बने। 29 जून,1991 को न्यूयार्क टाइम्स का एक आर्टिकल है, जिसका मैं उद्धरण देना चाहूंगा -

> "Facing a grave economic crisis, the newly elected Indian Government has begun urgent talks with the International Monetary Fund seeking emergency aid of several billion dollars. What makes the nation's plight especially delicate is the realization that, without bowing to Western conditions for economic change, India could slide into collapse.
> The new Finance Minister, Manmohan Singh, said that India must face the 'harsh realities' of a changed world, that excessive bureaucracy and controls had damaged the nation's economy, that foreign investment would be sought and that India must face the realities of failed policies."

और आखिर का एक पैरा जो बहुत महत्वपूर्ण है,

> "The IMF has indicated that it wants to see the Government's budget, to be issued next month, as well as how India deals immediately with its problems, before agreeing to a major loan."

यह मैंने इसलिए कोट किया है कि आज जो बीमारी हमको दिखाई देती है, उसकी जड़ें बहुत पुरानी हैं। मैं बहुत ज्यादा विस्तार में नहीं जाऊंगा, लेकिन सन् 1991 में मनमोहन सिंह जी ने एक बात कही थी कि सन् 1956 के अंदर दक्षिण कोरिया और भारत की पर कैपिटा इनकम बराबर थी। आज मुझे इस बात का दुख है कि दक्षिण कोरिया बहुत आगे बढ़ गया है और हम बहुत पीछे रह गए हैं। यह स्थिति इसलिए आई क्योंकि सारी अर्थव्यवस्था के अंदर प्रारंभ से ही एक दिशाहीनता थी। स्वदेशी या देश की जो क्षमता है, जो मेधा है, उसके ऊपर भरोसा नहीं था। मैं इधर जाऊं या उधर जाऊं, बड़ी मुश्किल में हूँ कि किधर जाऊं। इस अनिश्चितता में से जो दिशा बनती चली गई, उसके कारण से अर्थव्यवस्था का बिगाड़ हुआ और इसलिए मैं ऐसा कह सकता हूँ अर्थव्यवस्था का जो यह रोग है, यह क्रोनिक डिसीज़ है।

उपाध्यक्ष जी, अगर खांसी किसी को होती है, तो घर के अंदर हल्दी और दूध से उसका इलाज हो जाता है। लेकिन खांसी यदि क्रोनिक हो, तो उसके इलाज के लिए बड़ी मेहनत करनी पड़ती है। प्राकृतिक चिकित्सा की बड़ी लंबी प्रक्रिया का भी अनुभव लेना पड़ता है और यही स्थिति इस अर्थव्यवस्था की है कि खांसी का इलाज बड़ा लंबा चलने की जरूरत है। जो फिस्कल इंडिसिप्लेन हुआ है, उसको ठीक कर के उस इलाज को करते हुए अर्थव्यवस्था को ठीक करने का प्रयास माननीय अरूण जेटली जी ने किया है, इसके लिए मैं उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। लेकिन इस रोगी को एकदम से दौड़ाया नहीं जा सकता है, थोड़ा धैर्य रखना पड़ेगा। हमारे जो मित्र यह कहते हैं कि 9 महीने हो गए, 10 महीने हो गए, अभी कुछ वैसा परिणाम दिखाई नहीं दे रहा है। उनके लिए मैं यह कहना चाहता हूँ कि वे थोड़ा सा धैर्य रखें, जिस प्रकार की योजनाएं लायी गई हैं, वे बहुत फलदायी होने वाली हैं, उनके परिणाम आने वाले हैं और उसका जो प्रभाव है, वह बहुत जल्दी दिखाई देगा।

माननीय उपाध्यक्ष जी, मै दो-तीन छोटे-छोटे आंकड़े देना चाहता हूँ, क्योंकि आंकड़ों के संबंध में बहुत विद्वान लोग बैठे हुए हैं। मैं थोड़ा सा बताना चाहता हूँ कि हमारी जो ब्याज की देनदारी है, हमारी जो कुल उधारी है, वह जीडीपी का 46.01 प्रतिशत है और हमारी इस उधारी के ऊपर ब्याज की देनदारी 38.31 प्रतिशत है, पूरे नॉन प्लान रेवेन्यु एक्सपेंडीचर का। यह जो दो छोटे से आंकड़े मैंने दिए हैं, ये इंडिकेटर हैं कि किस दबाव के अंदर हमको सारे इंतजाम करने हैं। हमारे मित्रों ने कहा, हम सब जानते हैं और चाहते हैं कि शिक्षा के ऊपर अधिक व्यय हो, हम चाहते हैं कि अन्य जो जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनके ऊपर और अधिक व्यय हो, हमको चिकित्सा के लिए अधिक धन उपलब्ध हो, हमको विकास के लिए और अधिक मात्रा में धन उपलब्ध हो। लेकिन कुल मिला कर जो हमारी कुल आय है, 12 लाख 21 हज़ार 828 करोड़ की, उसी में हमको सारे इंतजाम करने हैं। या तो हम अपनी चादर के अनुसार काम करें या इस चादर को थोड़ा सा लंबा करें। मैं समझता हूँ कि इन मर्यादाओं के बीच में वित्त मंत्री जी ने जो प्रयास किए हैं, वे बहुत अद्भुत हैं। आय को बढ़ाने का केवल एक ही उपाय है कि इकॉनमिक एक्टिविटी को बढ़ाया जाए। मैं बचपन में यह कहावत अपने घर के अंदर सुना करता था कि "बालक भये सयाने और दिलहर हुए बिराने। " इस देश के अंदर 10 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। हम आज तक उनका उपयोग नहीं कर पाए? बेरोजगारों को रोजगार देने की योजना, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने की योजना, इन सबका परिणाम यह होगा कि हमको रेवेन्यु की अर्निंग ज्यादा होगी और इस देश की प्रगति को हम आगे ले जाएंगे। मैं विषय को समाप्त करता हूँ। मेरे शहर के ही एक कवि हैं डॉ. ईश्वर चंदू गंभीर, मैं उनका छोटा सा कपलेट कोट कर के अपनी बात समाप्त करता हूँ -

" बिजली, पानी और सभी सुविधाएं, जन-जन को मिलें।

स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के स्रोत गांवों तक खुलें।

गांव की पगडंडियों को राजपथ तक जोड़ दो।

चरमराई इस व्यवस्था को नया अब मोड़ दो। "

* **DR. A. SAMPATH (ATTINGAL):** The Union Budget 2015-16 envisages for a total receipts of Rs. 17,77,477 Crores and a Fiscal Deficit of Rs.5,55,649 Crores. As the Economic Survey Report points out the the present day NDA Government is trying its best to avoid or bye pass all democratic processes including accountability. The Finance Ministry is trying to generate a set of numbers for projected revenues that are unlikely to be met. Then they find it as an excuse for reducing certain expenditure below the allocated amounts. The end result is that every succeeding year, the Parliamentary discussions on General Budget as well as discussions on the Demands for Grants for various Ministries become a futile exercise. The centralised and secretive manner for the eventual spending below the budgeted amount is not at all a healthy practice for a developing nation like India.

Around November 2014, the Finance Minister announced that the tax revenues and other revenue collections including proceeds from disinvestment were well below the projected levels- and claimed that this was unexpected. As a result, because he was determined to observe fiscal discipline and maintain the fiscal deficit to GDP ratio at the projected level, he would be forced to cut down on various items of public expenditure. It is a pity that the government does not need to go back to Parliament for spending less than it has allocated- only for spending significantly more, in which case it has to make a supplementary demand. So cuts in spending can be and were made at the whim of the Finance Ministry and the Prime Minister's Office, with no public accountability or even knowledge. The most significant cuts were in social spending that directly affect the basic living conditions of the majority of the citizenry.

As Dr. Jayathi Ghosh has pointed out immediately after this year's Budget presentation, the gross tax revenues were round 9 per cent lower than had been projected in the Budget- but it could be argued that this was largely because the Budget projections were over-optimistic in the first place. Similarly, disinvestment receipts were less than half the anticipated amount. So the non-tax revenues were also lower than projected. But spending in certain areas was cut by much more. Budgetary support to the Central Plan was slashed by around 20 per cent, as was Central assistance for State plans.

Capital spending by the Health Ministry fell to half its budgeted level. Expenditure of the Rural Development Ministry, Rural Drinking Water Mission, rural roads, etc. was around 17 per cent lower than the budget allocation. The Tribal Affairs Ministry was allowed to spend only around two- thirds of the budget allocation, while water resources including the much hyped Ganga Rejuvenation Scheme also spent less by around 30 per cent. The worst off were the Women and Child Ministry and the Ministry of Housing and Urban Poverty Alleviation which were allowed to spend only 55 per cent and 45 per cent of their budgetary outlay respectively.

The most cynical treatment has been reserved for the MNREGA. It was capped at Rs. 33,000 crores, even though the law explicitly states that this is a demand-driven programme for which funds must be provided, and the Centre currently owes around Rs.6,000 crore to the states in unmet claims for money already spent. This behaviour of the Central Government is clearly illegal and anti-people, since this year's allocation once again suggests that the Centre will continue to try and kill the employment programme by starving it of necessary funds. It can be seen that the Finance Minister has once again happily overestimated revenues from various sources. Thus total tax revenues are estimated to increase by 15.8 per cent even when nominal GDP is assumed to grow at only 12.7 per cent. Income taxes are supposed to rise by 17.5 per cent, Union excise duties by 24 per cent and service tax collections by 25 per cent. Service tax rates have been increased but even so this is unlikely buoyancy in tax collections. Proceeds from disinvestment have once again been pitched at an unlikely level of Rs. 69,000 crores.

Such overestimation of revenues may well be deliberate. But what is likely in any case is that once again after the middle of the financial year the Finance Minister will announce that since revenue collections are below expectations, he has no choice but to reduce public spending. Once again, this will be done in an arbitrary manner with no wider accountability. And once again the sectors to suffer most will be those that directly impinge upon the living conditions and socio-economic rights of ordinary citizens.

As the CPI(M) has commented on the Budget that the stated allocations to the social sector and various other heads in Budget 2015-16 are not likely allocations at all, and perhaps not even genuine statements of intent, rather they should be seen as ceilings- and that too, ceilings that are likely to fall upon those underneath because the scaffolding to hold them up has been made fragile on purpose. This makes the already low allocations to many crucial areas of public spending an even greater cause for alarm.

Instead of strengthening the Planning Commission on the basis of cooperative federalism, the GOI has gone for its dissolution and for the creation of a NITI Ayog. Even the Chief Ministers are wondering in the wild to find out its true objectives and aims. Without planning how are we going to achieve the recently hyperbole of " ACHCHHE DIN?" The poverty alleviation and skill development along with "music to the ears' slogans will remain only in the paper, I fear.

The principles of economic and social justice are still rainbows far away in the horizon, but I fear even its colours lack the vibrancy. Quite recently, the existing vacancies of 1.2 million jobs under the departments and PSUs needs to be filled up at the earliest. Job reservation should be constitutionally guaranteed to the SCs, STs, OBCs and the weaker sections. Why the social justice is a forgotten agenda in this year's Budget also? Why is the GOI still hesitant to give constitutional status to the National Commission for Backward Classes? The GOI should implement the recommendations of the Justice Rangnatha Mishra Commission. The ICDS under the Ministry of Women and Child Development, Health and Family Welfare, HRD, Drinking Water and Sanitation, Higher Education Environment and Forests should be provided with more funds.

The Minister is proud to say that the Current Account Deficit has been reduced; but we all know it was a benefit from the decreasing international prices of crude oil. This NDA Government is lucky; but the common people are not that much lucky. The prices of petroleum products do not come down-the relief is not 'trickling down at all! This is the pity of the neo-liberal regime.

The Union Budget has made a compositional shift by delinking 8 Centrally sponsored schemes and changed the sharing pattern of another 24

schemes. This is another type of 'neo-liberal colonialism ' putting more burdens upon the shoulders of the states and mounting "indirect tax pressures and cases etc... I demand a thorough discussion on the Centre-State relations.

The rhetoric on black money is still at full volume. But with no results. The names being made, public actions against the law breakers, money impounded and brought back, etc. are still dreams, when banks go after common man's hard earned money, the NPA rises only because of the swindling of the " crorepatis " and not because of "gareebpatis". The government is afraid of whom may I ask?

Why the GOI has not yet constituted a Welfare Board of the Non-Resident Indians? Kerala is a state from where alone about 3 million people have gone abroad to work. Last year, they have made a remittance of about the Rs.70,000 crores in foreign exchange. This is the fruits of their sweat, blood and toil. But the Government is talking about Foreign Portfolio Investment of the same amount to our Capital market since this year. Please hear the voice of the people, see the difficulties of their family members. Money is made for man and not vice versa. Now the GOI goes for GST. But the apprehensions of some of the states are not catered with.

There is no provision for upliftment of traditional industries like coir, handloom, fisheries, bamboo, cashew, etc.. so as to protect the small and marginal farmers. Coconut and rubber cultivators are being pushed in to extinction. The decrease of farm lands due to conversions, lying barren or used for mining etc. is alarming. We should have comprehensive strategy to bear the social cost of protecting the water resources and water banks.

Without strengthening the PDS, we cannot fight the inflation. The network items included, number of beneficiaries are increased and pilferages checked, the curse of malnutrition will prevail as a shame to the nation. This Budget does not take into account the pivotal role of the FCI.

Without any provision for SAGY, the scheme declared by the Prime Minister, and increase of MPLADs to at least to Rs. 10 crores, even the 'Swachch Bharat' slogan will also sleep like Ripvan winkle.

I oppose the anti-people policies of the NDA Government and hence this budget. With neither any objective not any proper tools to check the just farmer suicides, the budget has become just " money talk" of corporate and for corporates.

* **SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR):** The General Budget presented by Shri Arun Jaitley, the Finance Minster, is a Budget which has focused on infrastructure. If one sees the moves of the minister in the Budget, it indirectly caters to the needs of the corporate. It would be a difficult preposition to tax corporates in order to provide more relief to the poorest of the poor, who struggle to make a living on a day to day basis?

The Finance Minister has provided a meager Rs. 5,000 crore for the National Rural Employment Guarantee Scheme. This amount should be enhanced. More importance should be given to agriculture.

People of Tamil Nadu are with our revered leader*, Puratchi Thalaivi, Dr. Amma,* for her excellent and outstanding welfare schemes and for providing good governance over the last 3 years in every conceivable field. under Dr. Amma, Tamil Nadu Government would redouble our efforts. We strive further to make poor and disadvantaged people happy and secured.

I appreciate the much- needed reforms push to the economy. Some of the bold steps announced are 100 per cent exemption for contribution to Swachch Bharat, encouraging tax-free bonds for projects in rail, road and irrigation sectors, use of Rs. 900 crores of unclaimed funds in PPF for the benefit of Senior Citizens Fund, etc.

I would like to strongly urge the Finance Minister to pay more attention towards middle class, common man and agriculture sector. It looks like this Budget is not meant for common man.

Allocations under SC-ST Sub-plan should be increased. In this Budget, it has been reduced. Likewise, Government should strive to ensure welfare of the people, common people, particularly the disadvantaged and deprived sections of society. Allocations should be increased for integrated Child Development Services and integrated Child Protection Scheme. In this Budget, there is a reduction of allocations on these two counts. More schemes should be implemented for the benefit of people of rural areas and children.

More jobs should be created. Bridge between haves and have nots should be bridged. Equality should be the mantra. Efforts to reduce allocations of schemes which aim at benefiting Dalits, Adivasis and children, women, rural poor should be stepped forthwith.

Education and health should get plum allocations. Quality of education should be increased. At present, quality of education has come down. Welfare of SCs, STs and OBCs should be given prime importance. Women should feel safe. Security to women should be enhanced. More allocations should be made for ensuring safety and security of women.

While appreciating the recommendations of the latest Finance Commission, I urge and demand from the Centre that Tamil Nadu Government should be extended with every possible financial assistance to serve the people of Tamil Nadu in a better way under our tallest leader, *Dr. Puratchi Thalaivi Amma*.

श्री मोहम्मद असरारुल हक (किशनगंज) : मोहतरम डिप्टी स्पीकर साहब, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूँ। इज़्ज़तमाब मोदी सरकार की

तरफ से यह पहला फुल बजट है, जिसे हमारे मोहतरम वज़ीरे मालियात, अरूण जेटली साहब ने बड़े बुलंद बाग दावों के साथ पेश किया है। समाज के हर तबके को यह उम्मीद थी कि इस बजट के आने के बाद, उनकी जिंदगी में खुशी की लहर पैदा हो जाएगी। लेकिन जब इस बजट का पिटारा ऐवान में खोला गया तो आम आदमी को मायूसी के सिवाय कुछ हाथ नहीं आया। अगर अकलियतों के हवाले से इसको देखा जाए तो अकलियतों को इस बजट ने सबसे ज्यादा मायूस किया है। सबका साथ और सबका विकास का नारा लगाकर इक्तिदार की दहलीज तक पहुँचने वाली मोदी सरकार ने इस बजट में अकलियतों को नजरंदाज करके अकलियतों के ताल्लुक से अपनी सोच का पूरी तरह इजहार कर दिया है। "कैसी है जिसके दम से जमाने में रोशनी, अफसोस वह चिराग हवाओं की ज़द में है।"

इज़्ज़तमआब, मुझे इत्मिनान हुआ यह देखकर कि इस बजट के अन्दर मुल्क के सबसे कमजोर तबके एस.सी. और एस.टी. के लिए कुछ खुसूसी इंतजामात किए गए हैं, लेकिन मुसलमान जो यहाँ की सबसे बड़ी अकलियत है और जो अपनी गुरबत और जेहालत की वजह से खस्ताहाल होकर आज एस.सी. और एस.टी. की सफ में शामिल हो गए हैं, उनकी तरक्की के लिए इस बजट के अन्दर किसी हौसले और हिम्मत का मुजाहिरा नहीं किया गया है। यही नहीं, बल्कि अकलियती-उमूर की वजारत का जो बजट है, उसमें बहुत मामूली सा इजाफा किया गया। मंजिल के नाम से जिस स्कीम का ऐलान किया गया है, उसके लिए बहुत कम रकम मखसूस की गई, जो ऊँट के मुँह में जीरा के बराबर है। अकलियती मालियाती कारपोरेशन के लिए कोई बजट जारी नहीं किया गया। बिहार मदरसा एज्जामिनेशन बोर्ड से मुल्हक मदरसों में जो एम.एस.डी.पी. के फंड से तामीरात हो रही थी, उसे रोक दिया गया। यही नहीं, बल्कि एक तरफ मुल्क के अन्दर कुछ लोग खड़े होकर कभी घर वापसी के नाम से, कभी लव जेहाद के नाम से, कभी बेटी बचाओ और बहू लाओ के नाम से, कभी मुस्लिम नौजवानों को दहशतगर्द बताए जाने के नाम से और इश्तेआल अंगेज़ बयानात देकर एक तरफ मुल्क के अन्दर माहौल को खराब कर रहे हैं और हुकूमत खामोश तमाशाई बनी हुई है और दूसरी तरफ इन कमजोर और अकलियतों की तरक्की के लिए बजट के अन्दर फंड फराहम करने के लिए हुकूमत बेरूखी का मुजाहिरा कर रही है।

मैं आपके जरिए हुकूमत से पूछना चाहता हूँ कि आखिर ऐसा क्यों है, आखिर हुकूमत क्या पैगाम देना चाहती है? तारीख बनती है बनाई नहीं जाती, इस मुल्क की जंगे आजादी में मुसलमानों ने बेपनाह कुर्बानी दी है और मुल्क की आजादी के बाद से आजाद हिन्दुस्तान की तामीर और तरक्की और दिफा में भी बहुत अहम किरदार अदा किया है। आज मुसलमानों को हाशिये पर डालने की कोशिश की जा रही है। मैं आपके जरिए से हुकूमत से मुतालिबा करता हूँ कि इनके लिए बजट के अन्दर एस.सी. और एस.टी. की तरह इजाफा किया जाए।

इज़्ज़तमआब, मैं सिर्फ एक मिनट और लूँगा। मेरा जो हलका-ए-इंतखाब चुनाव क्षेत्र किशनगंज है, वह बहुत ही गुरबत, जेहालत और बीमारियों का शिकार है। अभी बिहार के लिए जो एम्स की दूसरी ब्रांच का ऐलान किया गया है, मैं आपके जरिए से हुकूमत से मुतालिबा करता हूँ कि उस ब्रांच को मेरी कांस्टीट्यूएंसी में बनाया जाए। वहाँ पर तालीम को बढ़ाने के लिए एक मैडिकल कॉलेज दिया जाए। यूपीए सरकार ने वहाँ ए.एम.यू. का सेन्टर कायम कर दिया है, उसमें तालीम हो रही है और उसका कंस्ट्रक्शन भी शुरू होने जा रहा है। मैं आपके माध्यम से हुकूमत से मुतालिबा करता हूँ कि पूरा फंड देकर उस प्रोजेक्ट को मुकम्मल किया जाए। इन्हीं बातों के साथ मैं शुक्रिया के साथ अपनी बात इस शेर के साथ खत्म करता हूँ कि "गुल फेंके हैं औरों की तरफ और समर भी, ऐ खाना बरनदाजे चमन कुछ तो इधर भी।" बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री कौशलेन्द्र कुमार **(**नालंदा**) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

माननीय वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2015-16 के लिए जो बजट पेश किया है, वह पिछले साल जैसा ही बजट प्रतीत होता है। मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने बिहार के लिए एम्स की घोषणा की है। माननीय वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, उसमें 4 लाख 77 हजार करोड़ रूपए का योजना व्यय है। इस देश का विकास पहले जिस रफ्तार से चल रहा था, इससे वह घटेगा। आपका गैर-योजना व्यय, योजना व्यय से दोगुणा से भी ज्यादा है। एक रूपए का विकास करने के लिए प्रबन्धन के दो रूपए खर्च हो रहे हैं तो फिर आप देश को तरक्की के रास्ते पर कैसे ले जा सकते हैं। आपने सेवा कर में दो प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि कर दी है। इससे मध्यवर्गीय लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा, न कि कम होगा। अब विद्यार्थियों को कोचिंग में पढ़ाई करने पर भी अधिक पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अस्पतालों में इलाज कराने पर आम लोगों के अधिक पैसे खर्च होंगे। आपने कारपोरेट जगत के टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया है।

21.00 hrs.

आपने चंद पूँजीपतियों को लाखों करोड़ों रुपये लाभ पहुँचाने का काम किया है। इससे साफ पता चलता है कि यह बजट पूँजीपतियों का है, आम गरीबों का बजट नहीं है। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: It is 9 o' clock now. What about further extension of the time of the House?

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: We have to conclude this debate today. Tomorrow, hon. Minister has to reply. If the Members are willing to sit for long, and conclude it today, there is no problem. Otherwise, other Members will not get the opportunity. So my suggestion is, please extend it further; let those Members who are interested take part. Budget is important that way.

SHRI K.C. VENUGOPAL(ALAPPUZHA): That is not the point. We have to expand it for tomorrow also. If we have to continue for further one hour, it is okay for us.

HON. DEPUTY SPEAKER: First one hour, we will extend.

SHRI K.C. VENUGOPAL: No, some Members want to speak tomorrow also. ...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Reply would be tomorrow. There are two Bills coming up; we also have a Call Attention Motion; and also some Members have come up with Discussion under Rule 193. All these things have to be given priority. We should also keep in mind the requirement of other Members, who have given notices, on various aspects. Already we are behind schedule. Please cooperate.

HON. DEPUTY SPEAKER: The House is extended for one hour first. Afterwards, we would decide.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: You have only ask the Presiding Officer or the Minister of Parliamentary Affairs, not others.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: We would extend the time of the House by one hour. Afterwards, you would see.

...(*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I have no problem, you can take time, and call Members who are interested in speaking. Let them come here; complete

their speeches today. We can sit as long as they want. Tomorrow, reply has to be given.

HON. DEPUTY SPEAKER: Time of the House is extended by one hour.

श्री कौशलेन्द्र कुमार: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी ने अर्थव्यवस्था में गंभीर चुनौतियों की बात की है। वित्त व्यापार में विकास के पुनर्निर्माण के आधार पर भारत को भी जोड़ते हैं, फिर भी 2014-15 में जीडीपी का अनुमान 7.4 प्रतिशत और 2015-16 में 8 से 8.5 प्रतिशत उन्होंने बताया है। लेकिन हमारी कृषि विकास दर अभी 3 प्रतिशत के आसपास है। ऐसी परिस्थिति में 8.5 प्रतिशत विकास दर हासिल करना मेरी समझ से परे है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि किसानों के लिए उत्पादन लागत मूल्य का डेढ़ गुना लाभांश दिया जाएगा, लेकिन इस बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। यह बजट खासकर उद्योगपतियों के लिए लाया गया है। जब तक गाँवों का विकास नहीं होता है, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। हम किसान परिवार से आते हैं और किसानों की चिन्ता अभी वीरेन्द्र बाबू ने विस्तार से की, हुक्मदेव बाबू ने भी की। महोदय, हम बिहार से हैं। बिहार में अगर कोई सबसे ज्यादा परेशानी है तो वह यह है कि उत्तरी बिहार बाढ़ की चपेट में आता है और दक्षिणी बिहार सुखाड़ की चपेट में आता है। चुनाव के वक्त माननीय प्रधान मंत्री जी ने वायदा किया था कि बिहार में जो बाढ़ आती है और सुखाड़ होता है, मैं नेपाल सरकार से बात करके उसके स्थायी निदान का प्रयास करूँगा, लेकिन उसके लिए बजट में कोई चर्चा नहीं है।

महोदय, इस बजट में गरीबों के लिए जो मध्याह्न भोजन होता है, उच्च शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, इंदिरा आवास, इन चीज़ों में भी कटौती की गई है। स्वास्थ्य पर भी कटौती की गई है जबकि जीवन की रक्षा करना मकसद होना चाहिए, लेकिन इन तमाम जन-कल्याण योजनाओं पर भी कटौती की गई है। मनरेगा में भी कटौती की गई है, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में भी पैसे की कटौती की गई है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि बिहार में लगभग 15000 किलोमीटर प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना लंबित है। निश्चित रूप से इस पर ध्यान देने की ज़रूरत है।

महोदय, सदन में एक दिन माननीय वित्त मंत्री जी बजट पेश करते हैं और दूसरे दिन डीज़ल और पेट्रोल का दाम तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ जाता है।

महोदय, चुनाव के समय माननीय प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश में घूम-घूम कर काला धन, जो विदेशों में पड़ा है, उसे लाने की बात कही थी और प्रत्येक व्यक्ति के खाते में पन्द्रह से बीस लाख रुपये आने की भी बात की थी। आज 'प्रधान मंत्री जन-धन योजना' के बारे में ढोल पीटा जा रहा है। हम तमाम लोग जन-प्रतिनिधि हैं। जब हम गांवों में जाते हैं तो सभी लोग हम से एक ही सवाल करते हैं कि 'प्रधान मंत्री जन-धन योजना' के तहत हम लोगों का खाता खुला है, लेकिन हमारे खाते में पन्द्रह से बीस लाख रुपये कब तक आएंगे, इसका पता नहीं है। हम लोग उन्हें बताते हैं कि आपके खाते में पन्द्रह लाख रुपये और बीस लाख रुपये नहीं आएंगे, बल्कि इसमें दुर्घटना बीमा मिलेगा। अगर आपकी एक्सीडेंटल मौत हो जाती है, तब यह पैसा आपको मिलेगा। तब वे आश्चर्य करते हैं और कहते हैं कि यह योजना तो बहुत पहले से चल रहा है।

महोदय, युवाओं को रोज़गार की बात की गयी थी, लोगों को नौकरी देने की बात की गयी थी। पर, इस बजट से लगता है कि न तो बेरोज़गारों को रोज़गार मिलेगा और न ही लोगों को नौकरी मिलेगी। यह किसान विरोधी बजट है। खासकर, हम लोग किसान परिवार से आते हैं।

महोदय, मैं एक बात और कह देना चाहता हूं। बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा दिए जाने के सवाल पर बिहार की दस करोड़ जनता पांच-छः सालों से लगातार आंदोलन पर उतारू है। माननीय नेता नीतीश कुमार जी ने चाहे पटना का गांधी मैदान हो, चाहे दिल्ली का जन्तर-मन्तर हो, सारे ज़गहों पर उन्होंने इसके लिए आंदोलन किया। इस देश के जो प्रधान मंत्री हैं, उन्होंने यह वायदा किया था कि बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा अगर कोई देगा, तो हम देंगे। हम उनसे इसके लिए आग्रह करेंगे। वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं। उनसे आग्रह करेंगे कि बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा देने का प्रयास करें।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' शुरू किया गया है। इस पर सारे माननीय सदस्यों का विचार आया। माननीय उपाध्यक्ष जी ने भी कहा कि सांसद निधि को बढ़ाया जाना चाहिए। वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं। चाहे स्थायी रूप से सांसद विकास निधि को बंद कर दीजिए, नहीं तो प्रत्येक सांसद को 50-50 करोड़ रुपये दीजिए, ताकि वे गांवों में जाकर लोगों को विकास का रास्ता दे सके। संसदीय कार्य मंत्री जी सुन रहे हैं। मैं कोई आश्चर्य की बात नहीं कर रहा हूं। जब हम लोग गांवों में जाते हैं और वहां नालियों और गलियों की जो दुर्दशा है, तो हम लोगों को लोग गली में नाली में घुसा देते हैं और कहते हैं कि यह कब बनेगा। वे मुखिया से पैसा नहीं मांगते हैं, जिला परिषद् से पैसा नहीं मांगते हैं, वे सांसद से पैसा मांगते हैं और कहते हैं कि आप पूरे जिले के राजा हैं। इसलिए हम आपसे विनती और निवेदन करेंगे कि चाहे आप इसे स्थायी रूप से समाप्त कर दीजिए, नहीं तो 25-30 करोड़ रुपये हर सांसद को मिनिमम दीजिए, जिससे कि 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' चले और लोगों का विकास भी हो।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इस आम बजट के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, हालांकि, इस आम बजट में किसी बड़े प्रस्ताव की घोषणा नहीं की गयी है, फिर भी इसमें सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश की गयी है। यह देश की जरूरत है। इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। यह बजट एक प्रकृतिवादी, व्यावहारिक और विवेकपूर्ण है। इस वज़ह से देश को एक नयी दिशा मिलेगी। यह बजट खुशहाल भविष्य की ओर संकेत देता है। इस बजट में किसान, मज़दूर, गरीब, महिला, दलित, पिछड़े वर्ग के हितों के ऊपर विशेष तौर से ध्यान दिया गया है। यह बजट हमारे सरकार की रेल बजट की तरह ही राजनीति से प्रेरित नहीं है। यह बजट देश को एक नयी दशा और दिशा देने वाला है। इससे रोज़गार के अवसर मिलेंगे। इस बजट में बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करने और समस्याओं का समाधान करने की पूरी कोशिश की गयी है। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सामाजिक सुरक्षा हो, युवाओं के लिए रोज़गार हो, कृषि विकास हो, आर्थिक सुधारों की बात हो या समाज कल्याण की बात हो, इस बजट का सीधा संबंध देश के लोगों से है।

देश में 97औ लोग आयकर नहीं देते हैं। इस बजट में खास बात यह है कि इसमें वर्ष 2022 तक का एक खाका, एक ढांचा बनाया गया है और उसमें यह तय किया जाएगा कि इसमें क्या किया जाना चाहिए। बेरोज़गारों को रोज़गार देना है, बेघरों को घर देना है, पानी की सुविधा देनी है, बिजली की सुविधा देनी है। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में करीब चार करोड़ आवासों का प्रबंध किया गया है और शहरों के लिए दो करोड़ का किया गया है। इसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी धन्यवाद के पात्र हैं।

मेरे दूसरे साथी कहते हैं कि खेती के लिए उन्होंने प्रावधान नहीं किया है। मैं भी एक किसान का बेटा हूं, गांव से आता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि उनके लिए काफी किया है। अनुसंधान के लिए 30,322 करोड़ रूपए दिए हैं और उन्नत खेती के लिए 30,257 करोड़ रूपए दिए हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और उसमें इसके लिए काफी कोशिश की है।

दूसरी बात, हेल्थ स्वाइल कार्ड, मिट्टी की सेहत के लिए 19 फरवरी को आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने राजस्थान में जाकर सूरतगढ़ में जो श्रीगंगानगर में किया, उसके लिए बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। इस स्कीम से यह पता लग जाएगा कि उस मिट्टी की कैसी सेहत है, उस मिट्टी में किस तरह की खाद डालनी चाहिए। उससे उसकी उपज अच्छी होगी और साथ-साथ खाद की भी बचत होगी। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

मुद्रा बैंक की स्थापना की गई है। आज हिंदुस्तान में 6 करोड़ छोटी कारोबारी इकाइयां हैं, जिनके पास लैंड होल्डिंग नहीं है, जिनको कोई बैंक लोन नहीं देती है, उनके लिए बीस हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इसके लिए वित्त मंत्री जी धन्यवाद के पात्र हैं। मैं इस मौके पर कहना चाहता हूं कि यदि यह योजना सफल होती है और जरूर सफल होगी, तो इसकी राशि बीस हजार करोड़ से ज्यादा बढ़ाना चाहिए। मैं कहना चाहूंगा कि हिंदुस्तान में करीब 62 परसेंट ऐसे लोग हैं, जो एससी, एसटी और ओबीसी हैं। मैं इसके अलावा धन्यवाद देता हूं कि खेलकूद के लिए प्रावधान किया गया है, हालांकि हमारी 125 करोड़ की आबादी है, परन्तु हम खेलकूद में अभी भी काफी पीछे हैं। इसमें करीब 383 करोड़ रूपए की जो बढ़ोत्तरी की गई है, इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं।

कौशल विकास, युवाओं खासकर ग्रामीण युवाओं के रोजगार के लिए नया विभाग खोला है और विभाग के मंत्री राजीव प्रताप रूडी जी बने हैं, जो पहले भी सिविल एविएशन मंत्री रहे हैं, उन्होंने नाम कमाया है, बहुत कांपिटेंट हैं, बहुत ही डॉयनमिक हैं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले टाइम में युवाओं के रोजगार के लिए और खासकर ग्रामीण युवाओं के रोजगार के लिए आप जो स्कीम बना रहे हैं, उसमें बढ़ोतरी होगी। इसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं। अगर इस बजट को ध्यान से पढ़ें तो यह बड़ा इनोवेटिव है, एक तरह से रिसर्च में फोकस है, एक थिंक टैंक है। आने वाले वर्ष 2022 तक आप देखेंगे, इसके बहुत अच्छे रिजल्ट मिलेंगे।

मैं एक बात कहना चाहता हूं, मंत्री जी यहां उपस्थित हैं, हिंदुस्तान में करीब 650 जिले हैं। उनमें कुछ जिले ऐसे हैं, जो बहुत पिछड़े हुए हैं। वहां पर पानी नहीं है, बिजली नहीं है। उनके लिए कुछ अलग से प्रावधान होना चाहिए। कुछ साथी स्टेटवाइज मांग कर रहे हैं। इस मौके पर मैं कहना चाहता हूं कि जैसलमेर, बाड़मेर जिले में करीब साठ हजार स्कवायर किलोमीटर एरिया है, वहां पानी की बहुत दिक्कत है। हालांकि वहां इंदिरा गांधी नहर है, नर्मदा नहर है, हालांकि स्कीमें बनी हुयी हैं, उनके लिए तीस हजार करोड़ रूपए चाहिए।

वहां करीब पचास प्रतिशत जगह पर लोग अंधेरे में रहते हैं। इस मौके पर कहना चाहता हूं कि बिजली और पानी के लिए विशेष पैकेज देना चाहिए। हालांकि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अन्दर पैसे दिए गए हैं, लेकिन फिर भी बहुत कुछ वहां करना है। मैं कहना चाहता हूं कि बाड़मेर के अन्दर हिंदुस्तान की खपत का 30 परसेंट क्रूड आयल निकलता है, परन्तु अभी भी वहां बहुत कुछ काम करना है। आज मैं कहना चाहता हूं कि पिछले पचास साल के अंदर चालीस साल बाड़मेर में अकाल पड़ा है। अगर आप अभी जाएं तो देखेंगे कि वहां कई जगह एक बूंद तक नहीं गिरी है। लोग वहां 10-15 किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं। वित्त मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं, मैं उनसे निवेदन करता हूं। ग्रामीण विकास मंत्री जी भी सदन में उपस्थित हैं, वहां सर्वे कराकर लोगों को पानी उपलब्ध करवाना चाहिए।

मैं आखिर में यही कहता हूं कि जो मेरी मांगें हैं, खासकर वे पानी, बिजली और सड़क की हैं, जिसमें बाड़मेर बहुत पिछड़ा हुआ है। इसके लिए कुछ प्रावधान करना चाहिए। हालांकि हमारी मुख्यमंत्री साहिबा बहुत अच्छा काम कर रही हैं, मगर बजट की कमी है। मुझे उम्मीद है कि ये अलग से पैकेज देंगे। धन्यवाद।

*श्रीमती रीती पाठक (सीधी)ः काले धन के खिलाफ नए कानून लाने का एलान करके सरकार ने अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसमें 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया और अब हर विदेशी खातों की जानकारी देनी होगी। भूमि अधिग्रहण अध्यादेश पर किसान विरोधी होने का इस सरकार पर आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इसी सरकार ने बजट में मजदूरों व किसानों के लिए एक के बाद एक योजनाओं की झड़ी लगा दी है। इसमें इलाज, पेंशन, मृत्यु बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अलावा, देहात में मजदूरी बढ़ाने के लिए मनरेगा की रकम बढ़ाना शामिल है। इस सरकार ने 150 देशों के नागरिकों को वीजा आगमन पर (ऑन अराइवल) की सुविधा देकर टूरिज्म की दिशा में एक अच्छी पहल की है।

इस आम बजट में वित्त मंत्री जी ने खाद्यान्न महंगाई का ध्यान रखा है। फल व सब्जियों की कीमत से महंगाई का सीधा नाता है। देश में रेफ्रिजरेशन यूनिट की भारी कमी है। इसकी वजह से हर साल भारी मात्रा में फल- सब्जियां व खाद्यान्न खराब हो जाते हैं। इसको ध्यान मे रखकर वित्त मंत्री जी ने फल सब्जियों के लिए रेफ्रिजरेशन यूनिट को सस्ता किया है।

इस बजट में लोगों की सेहत पर खर्च को भी नज़रअंदाज नहीं किया गया। खासकर आपातकालीन (इमरजेंसी) जैसी स्थिति में एम्बुलेंस सेवा और कृत्रिम हृदय सस्ता हो गया। यही नहीं जम्मू-कश्मीर, पंजाब, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और असम में नए एम्स खोले जाएंगे व इसके अलावा बिहार में एम्स जैसा एक और अस्पताल खुलेगा।

इस बजट में वित्त मंत्री जी ने देश में स्कूली शिक्षा को सभी बच्चों तक पहुंचाने के लिए हर 5 कि.मी. पर एक सीनियर सेकेंड्री स्कूल खोलने की घोषणा की है।

मैं सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुद्रा बैंक बनाने की पहल का स्वागत करती हूं। फंड आवंटित किया गया है। इसमें एस.सी./एस.टी. उद्यमियों को कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। कुल मिलाकर मुझे लगता है कि ये बजट पूरी तरह सधा हुआ बजट है। इस बजट से भविष्य की मजबूती का संदेश मिलता है। भारत के प्रति दूसरे देशों का नज़रिया बदलेगा। इस बजट की छोटी-मोटी कमियों को नज़रअंदाज करना होगा।

बजट में खास बातें यह हैः एक रूपया प्रतिमाह में दो लाख का बीमा; 60 साल से ऊपर के लिए अटल पेंशन योजना; वैज्ञानिक प्रयोग के लिए 150 करोड़ की अटल नवोन्मेष (इनोवेशन) योजना; महिला सुरक्षा पर निर्भया फंड में 1000 करोड़ रूपए; कर्नाटक में आई.आई.टी. का खुलना; जम्मू-कश्मीर, पंजाब, असम, तमिलनाडु में एम्स; स्वच्छ भारत कोष में दान पर 100 फीसदी (TAX) कर रियायत; 150 देशों के नागरिकों को वीजा आगमन पर (ऑन अराइवल) की सुविधा; एक लाख रूपए से ऊपर के प्रत्येक सौदे पर पेन (PAN) जरूरी; तथा कर्मचारी ई.पी.एफ या पेंशन स्कीम चुन सकेंगे।

* **SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL):**First, I would like to thank the Hon'ble Prime Minister and Hon'ble Finance Minister for announcing the long standing demand for an IIT in Karnataka. I also express my thanks to the Government for announcing additional funds for further development of tourism infrastructure at the World Heritage site of Hampi, Karnataka. Both of these initiatives are welcomed by Karnataka, but these has to be clarity on how much funds have been allocated.

The Union Budget presented by the Hon'ble Finance Minister is pro-rich, pro-corporate but anti-poor and anti rural. The budget clearly is a thank you for the rich and the corporate who helped the NDA come to power. The vast masses of people who had voted expecting " Achche Din" have been left thoroughly disappointed. Shri Arun Jaitley has made a good speech using fine words and may have good intentions, but there is no clear road-map on how the goals will be achieved. Both the Railway Budget and Union Budget are just cleverly worded futuristic vision documents which talks of 2022 as the target date for most deliverables thereby assuming NDA will come back to power in 2019. The budget is a complete disappointment as it does not address several initiatives to boost agriculture, and infrastructure investments.

The pro-corporate budget has lowered corporate tax from 30% to 25% to help big industries, but on the other hand, has given no respite to the common man either in lowering personal taxes or increasing the minimum income tax bracket. The Hon'ble Finance Minister himself when he was in the opposition had demanded that minimum income tax brackets be raised to 5 lakh rupees, but as the Finance Minister himself, he is unable to satisfy his own earlier demands. The people of this country especially the salaried class are highly disappointed with the double speak of the Finance Minister and the Union Government.

In addition to not providing any relief to the common man, this budget has increased the service tax from 12% to 14% which will indirectly impact the common man. The hike in service tax will increase the cost of eating out, raise airline ticket costs, increase telephone and internet charges and many other services. The hike in services tax will be passed on to the customers directly thereby increasing the burden further on the common man. In addition to the service tax, the railway budget's decision to increase freight rates will also have an indirect impact on the cost of services and goods for the common man. The cumulative effect of services taxes is expected to be around 16% thereby resulting in additional burden on the common man.

For the marginalized poor and the farmer, this budget holds nothing positive for them. The MGNREGA which was hailed by none other than BJP's Shri L.K. Advani at international forums as one of the best Social Sectors Schemes in the world initiated by the earlier UPA Government finds itself stagnated with funds. There is no increase in the funding of the program. The FM has only mockingly promised an additional Rs.5000 Crores and that too only if it collects enough taxes. instead of making changes to MGREGA, the Union Government should focus on ways to plug leakages and provide better efficiency in delivering MGNREGA services to the rural poor instead of strangling this flagship program which has helped millions of poor people all over the country to come out of poverty.

The Farm sector has not received any special space in the budget. The budget is so focused on providing for the rich and the corporates that it has completely ignored 70% of its constituents. The importance of agriculture is not reflected at all in this budget. There is no mention of Minimum Support Price (MSP). Raising MSP is important for the marginalized farmers. Farmers in India receive only 25% to 30% of the price the consumer pays for the farm product. The difference goes to losses, inefficiencies and to middlemen. In Western countries, farmers receive 75% of the price the consumer pays. The Govt. has not taken any initiatives to minimize losses, to remove inefficiencies and to eliminate middlemen in order to ensure the farmer benefits the maximum. Without addressing the issue of MSP based on scientific findings, the farmer will continue to be marginalized. The Govt. has failed to address this issue in the budget.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, 2015-16 का जो बजट माननीय वित्त मंत्री जी ने पेश किया है, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बहुत बहुत मुबारकवाद देता हूं कि उन्होंने जिस तरह का यह बजट पेश किया है, भारत की बिगड़ी हुई अर्थ-व्यवस्था को सुधारने के लिए एक आधार रखा है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि 'सबका विकास, सबका साथ' उसके आधार पर सभी वर्गों को आगे ले जाने के लिए जिस तरह से इसमें प्रावधान किये गये हैं चाहे वह हमारे नौजवानों के लिए हों, जिससे उनको रोजगार मिले और उसके लिए आधार Make in India, Skilled India, Digital India आदि की जो बात कही गई है, वह इस बजट में पूरी तरह से प्रदर्शित की गई है। मैं वित्त मंत्री जी का बहुत आभार इस कारण से भी व्यक्त करना चाहता हूं कि वह जो एक योजना इसमें लाए हैं जिसके तहत हमारे किसानों के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सिंचाई योजना का प्रावधान किया गया है और उसमें 5300 करोड़ रुपया रखा गया है, इसके माध्यम से जो वन ड्रॉप मोर की बात कही गई है, सॉयल हैल्थ की बात कही गई है, उसके माध्यम से हमारे देश के जो करोड़ों किसान हैं, जिनके खेत सूखे हैं, उनके खेतों को इसके तहत पानी मिलेगा और इसके लिए ऐसा प्रावधान किया गया है। मैं इसके लिए वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं। साथ ही जन धन योजना के द्वारा जो जन सुरक्षा की बात कही गई है, इसमें हाल ही में आजकल आईएमएफ की चीफ क्रिस्टन लेगार्डे ने पिछले दिनों कहा था। India is in D-Day, bright spot in global economy and economic development hold much promise. I believe India has an opportunity to become one of the most dynamic economies and my message during my visit here will be

seized. जो माननीय नरेन्द्र मोदी जी की यहां की योजना है या जिस तरह से फाइनेंशियल मैनेजमैन्ट हो रहा है, वह आई.एम.एफ. की चीफ जो आजकल इंडिया में आई हुई हैं, उन्होंने इस बात को माना है और उन्होंने आगे कहा - She also lauded the Government's financial inclusion plan *Jan Dhan* and said that JDM trinity, the *Jan Dhan, Aadhar* and Mobile is an important step towards overhaul of the scheme. ये सारी बातें आज सारे विश्व में डिस्कस हो रही हैं। इसके लिए मैं समझता हूं कि जो योजनाएं हमारे इस बजट में आई हैं, वे बेहतर हैं, चाहे वह मुद्रा की बात कही गई है, जिसमें बीस हजार रुपये का कोरपस और तीन हजार करोड़ रुपये का क्रेडिट गारंटी का कोरपस रखा गया है और इसके माध्यम से हमारे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लोगों को लाभ मिलने वाला है।

महोदय, चूंकि समय कम है, मैं वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश के लिए आपने जो एम्स दिया है, उसके लिए मैं आपको पुनः धन्यवाद देता हूं और अंत में तीन बातें मैं कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री ग्राम सिंचाई योजना के लिए अगर आप इसमें ज्यादा पैसा बढ़ायेंगे तो अच्छा रहेगा। एम.पी.लैड का पैसा भी बढ़ायेंगे तो अच्छा रहेगा और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए यदि एलोकेशन बढ़ायेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

4

SHRI G. HARI (ARAKKONAM): Sir, I would like to first of all thank our Puratchi Thalaivi Amma and also the Chair for giving me this opportunity to speak on the Budget. The Budget outlines what the Government intends to do in a particular financial year and every Finance Minister tries to make some popular announcements together with tough measures. Our beloved leader hon. Puratchi Thalaivi Amma has welcomed some of the initiatives of the Budget and said that the Budget has fallen short of expectations as our hopes and expectations have not been fully met.

Our beloved leader hon. Puratchi Thalaivi Amma thanked the Finance Minister for having responded positively to the request of our leader by announcing the setting up of an AIIMS in Tamil Nadu. The Tamil Nadu Government had offered land at three alternative sites for the AIIMS in Tamil Nadu and requested that it may be set up in the current year itself. However, the allocation of Rs. 33,152 crore for the health sector is not enough. Last year the allocation was Rs. 30,645 crore. There are concerns as to how the Government could tackle the outbreak of diseases as the Budget has no provision for free drugs. It is not clear how the marginal allocation will take care of the family planning agenda and the new AIIMS. In the Revised Estimates, the allocation was pruned to Rs. 24,400 crore, bringing the total health spend in the first three years of the 12th Five Year Plan to Rs. 70,000 crore, way below the Rs. 2,68,000 crore budgetary allocation targeted. The under-utilisation of the health Budget is a cause of concern as India spends just 1.04 per cent of its GDP in health care, worse than that of Afghanistan.

Our beloved leader hon. Puratchi Thalaivi Amma has also welcomed the increase in deduction of health insurance premium from Rs. 15,000 to Rs. 25,000 and further increasing the limit to Rs. 30,000 in respect of senior citizens. Our hon. leader Puratchi Thalaivi Amma has also welcomed the increase in deduction of subscriptions to the new pension scheme to Rs. 15,000.

The benefits extended to the middle class in terms of income tax benefit are modest and not of much significance and it seems to be directed at supporting the financial service industry. It is disappointing to note that there is no indication of any increase in the thresholds for personal income tax and whereas the corporate tax rate is proposed to be reduced over four years to 25 per cent.

The children constitute 39 per cent of India's population, making the country home to 20 per cent of the world's child population, but children received the lowest share in the Budget this time. Not only this time, but children have been neglected for the last 15 years as allocation has not been for more than 5 per cent of the total allocation. The allocation of little over three per cent this year, it is a mere 29 per cent from last year. Funds for women and child development stand reduced by 51 per cent from Rs. 21,193.88 crore to Rs. 10,382.40 crore. There has been a 29 per cent cut in the Budget for children this year. Funding for all flagship programmes like the Sarva Shiksha Abhiyan, Mid-Day meals and Integrated Child Development Scheme, health schemes and even allocation to key Ministries that implement them stand severely cut. The other day somebody was telling that the Government is investing in smart cities and those cities will be smart only if children are smart.

There has been a demand for universal coverage of public distribution system with inclusion of children under the age of six in ration cards.

The Government of Tamil Nadu, under the guidance of our people's former Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma, has been allocating funds for social schemes in spite of financial crunch. This is with a motive that no one should sleep without food. Every ration card holder in the State of Tamil Nadu is given 20 kilograms of rice free of cost every month and 35 kilogram of rice free of cost for the people below the poverty line. All essential commodities are given at subsidized prices. It is the only State in India which provides gold and money for the marriage of girls. Students were provided with laptops, cycles, text books, school uniforms, etc. This is the reason why every Minister in the Union Government agrees that Tamil Nadu Government, under the guidance of our hon. Amma, performs very well and is much ahead of all other States in the country.

Therefore, it is urged that the Union Government may extend financial support to the Government of Tamil Nadu to implement such schemes and to come out with much popular schemes.

Tamil Nadu is a State with many culturally and historically important monuments and sites but it is unfortunate and disappointing to note that no cultural heritage site of Tamil Nadu has been selected for assistance under the World Heritage Site.

Therefore, I urge upon the hon. Finance Minister to look into the above points and take appropriate action.

*श्री धर्मवीर (भिवानी-महेन्द्रगढ़)ः ऐसा पहली बार हुआ है कि वोटरों को आकर्षित करने वाले लुभावने वायदे करने के बजाय देश के हित को ध्यान में रखते हुए देश के सर्वांगीण ढांचागत विकास अर्थात् सड़कों, रेल के विकास तथा रक्षा सेवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक विकासशील बजट पेश किया गया है।

इस बजट में कॉरपोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे देश में नए-नए बड़े उद्योगों की स्थापना होगी तथा परिणामस्वरूप हमारे देश के शिक्षित, कुशल, अर्द्धकुशल तथा अकुशल बेरोज़गार लोगों के लिए रोज़गार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध होंगे और देश की बेरोज़गारी की समस्या काफी हद तक सुलझ जाएगी।

पहली बार ऐसा हुआ है कि इस बजट में ऐसी नीति लागू की गई, जिससे लोगों में काम करने की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हमारे नौज़वान देश के निर्माण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। देश की मजबूती में देश के हर वर्ग और हर आदमी को योगदान करने की प्रेरणा इस बजट से मिलेगी। सरकार ने ऐसे प्रयास किए हैं, जिससे स्वच्छ भारत अभियान तथा देश को सुदृढ़ बनाने के सरकार के काम में हर वर्ग को शामिल किया गया है।

आदरणीय मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि उनकी नीतियों तथा लोकप्रियता के कारण पूरे विश्व में, चाहे वह यूरोपीय महाद्वीप हो, अमेरिकी महाद्वीप हो अथवा मध्य पूर्व के देश, सभी देशों में भारत को बड़ी इज्जत से देखा जाने लगा है। आपको याद होगा कि पहले हमारे देश को पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ अविकसित देशों की पंक्ति में गिना जाता था, परंतु मोदी जी की सरकार आने के बाद उन्होंने छोटे तथा अविकसित देशों की आवाज़ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उठाने के साथ-साथ उनके विकास में भी हर तरह का सहयोग देने का प्रयास किया है। इससे भारत का विश्व मंच पर दर्जा बढ़ा है।

अभी हाल ही में वित्त आयोग की सिफारिशों को मानते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को किए जाने वाले धन आवंटन में भारी बढ़ोत्तरी की है। सरकार के इस कदम से राज्यों को न केवल अतिरिक्त पैसा मिलेगा, अपितु उन्हें उस धन को अपनी जरूरतों के मुताबिक खर्च करने की भी आज़ादी मिलेगी। राज्यों, स्थानीय निकायों तथा पंचायतों को अधिक मात्रा में सीधे अधिक संसाधन मुहैया करवाने की कोशिश हमारी सरकार की नीति से त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था मजबूत होगी तथा देश के सभी हिस्सों का एक समान विकास सुनिश्चित होगा।

सरकार की खान व खनिज़ों की नीलामी की वर्तमान नीति से राज्यों को कोयले तथा अन्य खनिज़ों की रॉयल्टी के रूप में मिलने वाली राशि में हज़ारों करोड़ रूपए की बढ़ोत्तरी हुई है। इससे खनिज संपदा से संपन्न राज्य आत्मनिर्भर होंगे तथा उनका तीव्र गति से विकास सुनिश्चित होगा।

ड्रिप इरीगेशन को बढ़ावा देने की सरकार की नीति से न केवल देश का उत्पादन बढ़ेगा, अपितु कीमती जल संसाधन का भी संरक्षण होगा। हम सभी जानते हैं कि भविष्यवाणियों के अनुसार तीसरे विश्व युद्ध का कारण होगा पानी। पूरे देश में किसानों को ड्रिप इरीगेशन के बारे में प्रशिक्षित करने तथा इसका ढांचा निर्माण करने हेतु, मेरी सरकार से मांग है कि इस कार्य के लिए आवंटित धनराशि में बढ़ोत्तरी की जाए तथा इस पर तेजी से तथा समयबद्ध तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

हमारे समक्ष एक बड़ी समस्या भंडारण की है। हमारे देश का किसान कड़ी मेहनत करके देश की करोड़ें जनता का पेट भरने के लिए अनाज़ उगाता है तथा जब यह पता चलता है कि लाखों टन अनाज भंडारण की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी में भीग कर खराब हो गया, तो उसक दिल पर क्या बीतती होगी, यह आप समझ सकते हैं। इस बारे में मेरा एक सुझाव है कि जब तक सरकार के पास भंडारण की पर्याप्त क्षमता नहीं होती, तब तक यह काम किसान को ही सौंप दिया जाए। उससे पहले उसके पहले उत्पादन का भुगतान कर दिया जाए तथा उसे यह कहा जाए कि वह उस खाद्यान्न को अपने पास ही संभाल कर रखे। जो पैसा सरकार भारतीय खाद्य निगम में लोडिंग और अनलोडिंग पर खर्च करती है, यदि उसका आधा पैसा भी किसान को दे दे तो किसान उस खाद्यान्न को बड़े जतन से सरकार के लिए संभाल कर रखेगा तथा जरूरत के समय सरकार की अमानत उसे सौंप देगा। ऐसी व्यवस्था से न केवल कीमत खाद्यान्न का संरक्षण सुनिश्चित होगा, अपितु सरकार द्वारा इसके रख-रखाव पर खर्च की जाने वाली भारी धनराशि की बचत भी होगी।

सरकार इस समय केवल कुछ कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है। मेरी सरकार से मांग है कि प्रमुख सब्जियों जैसे आलू, टमाटर, प्याज आदि का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाना चाहिए, जिससे आढ़तियों और मुनाफाखोरों की मिलीभगत से सब्जियों के दामों में अचानक भारी वृद्धि या कमी न हो सके। किसान को भी उनके उत्पादन का उचित मूल्य तथा आम उपभोक्ता को उचित मूल्य पर सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

हमारी सरकार ने नदियों को जोड़ने के लिए जिस नीति को कार्यान्वित करने का निश्चय किया है, उससे पूरा देश लाभांवित होगा। मेरा सरकार से अनुरोध है कि शारदा गंगा परियोजना पर जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए। क्योंकि यह कई राज्यों से होकर जाती है अर्थात् इस परियोजना से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र को लाभ मिलेगा। जब तक यह काम पूरा नहीं होता तब तक हरियाणा को सतलुज यमुना लिंक नहर से उसके हिस्से का पानी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। वास्तविकता यह है कि चालीस साल पहले पंजाब से हरियाणा केवल इस वजह से अलग हुआ था क्योंकि हरियाणा के इलाकों में न तो कोई विकास कार्य होता था और न ही उसके किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाता था। रावी, व्यास से हरियाणा को पानी का बढ़ा हुआ हिस्सा भी नहीं मिल रहा। हालांकि हरियाणा ने पानी की आपूर्ति हेतु अपने क्षेत्र में वाटर कोर्स, नहर, माइनर आदि 40 साल पहले ही बना दिए था तथा पंजाब को भी उसके क्षेत्र में इन सबके निर्माण के लिए 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया था तथा 90 प्रतिशत काम पंजाब वाले हिस्से में भी हो चुका है, परंतु कतिपय राजनीतिक कारणों से हरियाणा को पानी का समान हिस्सा दिया जा रहा है।

हरियाणा प्रदेश के काफी बड़े हिस्से में सतलुज और व्यास का पानी भाखड़ा मेन केनाल से आता है। उस पानी का प्रदेश के अंदर समान बंटवारा सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा ने हांसी बुटाना नहर का निर्माण 5 साल पहले ही कर दिया, परंतु हमारे अपने पानी का समान बंटवारा किए जाने में अड़चने डाली जा रही हैं। केवल दादागिरी की वजह से हमें पानी की आपूर्ति नहीं होने दी जा रही और हमारा महेन्द्रगढ़ का बहुत-सा इलाका सूखा रह जाता है। जहाँ पीने का पानी तक भी उपलब्ध नहीं है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप कर सेंट्रल वाटर कमीशन के माध्यम से अड़चने हटवा कर प्रदेश में पानी के समान बंटवारे हेतु आवश्यक व्यवस्था करे ताकि हरियाणा के किसान अपने प्यासे खेतों की सिंचाई कर देश के लिए खाद्यान्न का भरपूर उत्पादन कर सके।

एक और महत्वपूर्ण समस्या की ओर मैं सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र महेन्द्रगढ़ का अधिकांश हिस्सा राजस्थान की खेतड़ी स्थित कॉपर माइंस से सटा हुआ है। वहां खानों के काम के लिए अत्याधिक मात्रा में भूमिगत जल के दोहन के कारण इस क्षेत्र में भूमिगत जल पूरी तरह समाप्त हो गया है। पानी के अभाव में इस क्षेत्र की लाखों एकड़ उपजाऊ जमीन पर खेती नहीं हो पा रही है और किसान पूरी तरह बर्बाद हो गया है। पीने के पानी तक की भारी किल्लत हो गई है। किसान तथा यहां के आम आदमी इस क्षेत्र से भारी संख्या में पलायन कर रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस ओर तुरंत ध्यान दिया जाए तथा एक विशेष योजना बनाकर इस क्षेत्र में सिंचाई तथा पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कार्यवाही की जाए ताकि इस उपजाऊ क्षेत्र को उजड़ने से बचाया जा सके।

हरियाणा में यमुना तट पर जमीनों के मालिक किसानों की एक और महत्वपूर्ण समस्या की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। दिल्ली और हरियाणा की सीमा का निर्धारण यमुना के बहाव पर निर्भर है। यमुना की अपनी कोई जमीन नहीं है, सारी जमीन काश्तकारों की है। बारिश व बाढ़ के दौरान 5 से 9 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, जिससे काश्तकारों की जमीन में 8 से 10 फीट तक की रेत जमा हो जाती है। जिसके कारण किसान अपनी जमीन में खेती नहीं कर पाते। दूसरी ओर पर्यावरण विभाग की अनुमति नहीं होने के कारण किसान उस रेत को अपनी जमीन से हटवा भी नहीं पाते। इसके कारण भवन निर्माण सामग्री भी महंगी हो जाती है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों को अपनी खेती की जमीन से रेत हटवाने की अनुमति दिए जाने हेतु तत्काल आदेश दिए जाएं ताकि किसानों की जमीन से न केवल रेत हटाया जा सके बल्कि वे अपनी जमीन पर खेती कर सके तथा साथ ही साथ उचित मूल्यों पर रेत सहित सारी भवन निर्माण सामग्री भी उपलब्ध हो सकेगी।

सब जानते हैं कि बजरी, रेत व रोड़ी के बिना भवन निर्माण का कार्य नहीं हो सकता। इन सबकी कमी के कारण दिल्ली, हरियाणा सहित पूरे उत्तरी क्षेत्र में भवन निर्माण हेतु महंगी दरों के साथ-साथ घटिया स्तर की निर्माण सामग्री उपलब्ध होती है। हरियाणा की सूखी पहाड़ियों में न तो कोई खेती का काम होता है और न ही ये पहाड़ियां रिहायश के काम आती है। पूर्तिबंध होने के कारण इस क्षेत्र में उत्खनन कार्य नहीं हो पा रहा है। अतः बहुत जरूरी है कि हरियाणा की सूखी पहाड़ियों में उत्खनन की इजाज़त दी जाए। इन सूखी पहाड़ियों में उत्खनन की इजाजत देने से दिल्ली, हरियाणा सहित पूरे उत्तरी भारत में अच्छी गुणवत्ता की भवन निर्माण सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगी।

सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम पर आवंटित धनराशि पिछले साल की 9190.50 करोड़ रूपयों की तुलना में घटाकर 2500 करोड़ रूपए कर दी है। सारी बीमारी की जड़ पीने के

लिए शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता है। यह जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस योजना के लिए आवंटित धनराशि को बढ़ाया जाए।

इसी प्रकार सरकार ने मनरेगा पर आवंटन की धनराशि में मामूली वृद्धि की है। इसे पिछले साल के 32456 करोड़ रूपए की तुलना में बढ़ाकर 33,700 करोड़ रूपए किया गया है। यह बहुत बड़ी योजना है तथा इससे पूरे देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को रोज़गार मुहैया होता है। मनरेगा का पैसा उचित ढंग से खर्च हो, इसके लिए मेरा मानना है कि इस योजना को अन्य बड़ी योजनाओं के साथ संबद्ध किया जाए। उदाहरण के तौर पर मनरेगा के तहत जो रोज़गार दिया जाता है, वह नदी लिंकिंग प्रोजेक्ट, सड़क निर्माण, एप्रोच रोड़ निर्माण आदि योजनाओं पर काम करवाने में लगाया जाए। इसी प्रकार किसान के खेतों में होने वाले काम, सरकारी गोदामों में होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग के काम को भी मनरेगा के तहत करवाया जा सकता है। इससे मनरेगा के तहत खर्च हो रही भारी धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित होगा।

सरकार ने जो भूमि अधिगृहण विधेयक पेश किया है, वह देश के विकास की गति तेज करने में मील का पत्थर साबित होगा। मैं तो गांव का आदमी हूं। मैं जानता हूं कि इस विधेयक से ग्रामीण किसान कितने खुश हैं। इसके प्रावधानों के कारण किसानों को उनकी जमीन का चार गुणा मुआवजा मिलेगा तथा साथ ही साथ उनके परिवार के सदस्य को रोज़गार भी मिलेगा। बिना जमीन उपलबध करवाय देश का कोई भी विकास कार्य नहीं किया जा सकता, न तो नये उद्योग-धंधे लगाए जा सकते हैं और न ही जरूरी सड़कों का निर्माण हा सकता है। उदाहरण के लिए आज दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दक्षिण दिल्ली, गुड़गांव आदि में कई जगह उबड़-खाबड़ बंजर जमीन होने पर भी जमीन की कीमत 10 करोड़ प्रति एकड़ है, जबकि इसके आस-पास नजफगढ़, बुवाना आदि में उपजाऊ जमीन होने पर भी आवश्यक ढांचागत सुविधाओं की कमी के कारण जमीन का रेट 10 करोड़ प्रति एकड़ की तुलना में मात्र 2 करोड़ रूपए प्रति एकड़ रह गया है। इस क्षेत्र के लोग कम पैसे लेकर भी अपनी जमीन बेचने के लिए तैयार है। बशर्ते वहां पर रोज़गार मुहैया करवाने वाले ढांचे का निर्माण हो जैसे कामर्शियल हब, इंडस्ट्रियल हब आदि। इस भूमि अधिगृहण विधेयक के प्रावधान लागू होने से न केवल किसानों को उनकी जमीन की चार गुणी कीमत मिलेगी बल्कि इससे इस क्षेत्र के लोगों को रोज़गार भी मुहैया होगा।

सरकार ने हरियाणा से गुजरने वाले कतिपय मार्गों को नेशनल हाईवे घोषित किया है। मैं इसके लिए सरकार का धन्यवाद करता हूं, परंतु अभी तक इन नये घोषित राष्ट्रीय राजमार्गों पर उनके स्तर की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। न तो इन्हें चौड़ा किया गया है और न ही उन पर अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। इनमें से मैं कुछ मार्गों का यहां उल्लेख करना चाहूंगा। ये हैं सोनीपत-झज्जर-चरखी दादरी-लोहारू (एन.एच. 334बी), रोहतक-भिवानी-लोहारू (एन.एच. 709 का विस्तार) तथा रेवाड़ी-नारनौल-विड़वा-झुंझनू (एन.एच. 352)। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन नये घोषित सभी नेशनल हाईवे पर जल्द से जल्द समयबद्ध तरीके से विकास कार्य किया जाए।

माननीय रेल मंत्री जी ने रोहतक से भिवानी तक की रेल लाइन का दोहरीकरण व विद्युतीकरण किया जाना अनुमोदित किया है, इसके लिए मैं तहदिल से धन्यवाद करता हूं। मेरा अनुरोध है कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

पुरानी दिल्ली व भटिण्डा के बीच वाया भिवानी, हिसार व सिरसा 14519/14520 किसान एक्सप्रेस चलती है, इसमें सिर्फ 10 डिब्बे हैं जबकि इसके लिए 18 डिब्बे लगाए जाने का अनुमोदन है। इस गाड़ी में अत्यधिक भीड़ होने के कारण मुसाफिरों को असुविधा हो रही है। अतः रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इसमें डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 18 की जाए।

भिवानी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, परंतु भिवानी क्षेत्र रेलवे के बीकानेर डिजीजन के अंतर्गत आता है। मेरा अनुरोध है कि भिवानी क्षेत्र को दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत लाया जाए। दिल्ली मे चारों ओर से रेल आती है तथा इस कारण इसके यार्ड में गाड़ियों को खड़ी करने तक की जगह नहीं है। भिवानी दिल्ली से मात्र 100 किलोमीटर की दूरी पर है तथा इस क्षेत्र को गाड़ियों के रख-रखाव व अन्य सुविधाओं हेतु यार्ड के रूप में विकसित कर काम में लाया जा सकता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि भिवानी को यार्ड के रूप में विकसित किया जाए ताकि दिल्ली डिवीजन को गाड़ियों के रख-रखाव के लिए जरूरी यार्ड की समस्या भी हल हो पाएगी।

मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए विकासकारी बजट का समर्थन करता हॅू।

6

श्रीमती रमा देवी **(**शिवहर**):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो समझती हूँ कि बजट महिलाओं के लिए सबसे जरूरी चीज है। वह घर चलाने में सबसे ज्यादा दिक्कतें महसूस करती है, इसलिए उसको बजट की जरूरत पड़ती है। लेकिन यहां पुरूषों को जितना समय मिला, जगह मिली, लास्ट में हम लोगों को कहा जा रहा है, जैसे खिला-पिला कर थोड़ा खाया जाता है, उसी तरह से मैं पांच मिनिट का समय लूंगी और बहुत ही मन से बोलना चाहती हूँ और जल्दी जल्दी पढ़ कर बोलूंगी। मैं यह कहना चाहती हूँ कि किसी मजबूर की मजबूरियों को सोच कर देखो। प्रेम को इन झोंपड़ियों के बीच खोज कर देखो, इंसानियत को फिर से धरती पर बुलाना है तो किसी रोते हुए के आंसुओं को पोछ कर देखो, तब पता चलेगा कि बजट का मतलब क्या होता है और बजट किसके लिए बनता है। उन गरीबों के लिए बनता है, उन मजलूमों के लिए बनता है, उन दलित और पिछड़ों के लिए बनता है, जिनकी स्थिति में आज तक सुधार नहीं हुआ है। इतने वर्षों राज चलाने वाली पार्टी ने किस तरह का राज चलाया, जो आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। लेकिन हमारे माननीय मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का यह पहला पूर्ण बजट है जो इस बजट के द्वारा माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने देश के सामने गंभीर चुनौतियों एवं पिछली सरकार के द्वारा लिए गए गलत फैसलों के बावजूद हिंदुस्तान के 125 करोड़ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया है।

इस बजट में सबसे महत्वपूर्ण बात है फेड्रल स्ट्रक्चर का ध्यान रखना। इसके अंतर्गत माननीय वित्त मंत्री जी ने राज्यों को चाहे वह भाजपा शासित हो या गैर भाजपा, सभी राज्यों को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके परिणाम भी अभी से दिखने शुरू हो गए हैं। हमारे महान देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने को तैयार है। महंगाई दर नियंत्रण में है एवं 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है, यह हमारी सरकार की मुख्य उपलब्धि है। अगले साल 8 प्रतिशत ग्रोथ का लक्ष्य, बजट दहाई के ग्रोथ पर फोकस करेगा इसके लिए बेहतर वित्त प्रबंधन किया जा रहा है। रिज़र्व बैंक को और अधिक सक्रिय किया जा रहा है, ताकि बेहतर मनी मैनेजमेंट के द्वारा तेजी से देश विकसित हो सके। मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से नीचे, एवं जीडीपी 7.4 प्रतिशत रखने का प्रयास वित्त मंत्रालय करेगा और इसमें कामयाबी भी मिलेगी। इसका मुझे पूर्ण भरोसा है। जब हम पिछले 9 महीनों का मूल्यांकन करते हैं तो हमें सुखद अनुभूति हो रही है। जन-धन योजना को देश में ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। मोदी जी के आवाह्न एवं वित्त मंत्री जी के नेतृत्व में बैंकों के सहयोग से अब तक 12 करोड़ से अधिक गरीबों के खाते खुल गए हैं। जन-धन योजना के माध्यम से पिछड़े व वंचित समाज में जो चेतना जगी है, उससे आने वाला समय हमारे देश के लिए उज्जवल ही दिखता है। इस योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने गरीबों को भी देश की मुख्यधारा में लाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। आज इस योजना के कारण गैस की सब्सिडी हो या मनरेगा का पारिश्रमिक हो, पेंशन हो या किसी प्रकार की सरकारी सहायता हो, सब के सब डी.बी.टी.एल. की तर्ज पर सीधे खाताधारियों तक पहुँच जाएगा, जिससे बिचौलियों की संलिप्तता एवं भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। कोयला आज हमारे देश में अपनी ऊर्जा के कारण कम जाना जाता है और घोटाले के कारण ज्यादा जाना जाता है। पिछली कांग्रेस सरकार ने कोल घोटाले को अंजाम दिया और इस कारण हमारा पूरा देश दुनिया में कलंकित हुआ। परन्तु जब हमारे मोदी जी ने देश की बागडोर अपने हाथ में ली एवं कोयले की नीलामी में पारदर्शिता की नीति अपनायी तो कोयले से देश को इतना ज्यादा मुनाफा मिला, जिसके कारण कई राज्य मालामाल हो गए एवं देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होनी शुरू हो गई है।

पिछले 11-12 महीनों में देश को स्वच्छता के क्षेत्र में आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। केन्द्रीय सरकार के सहयोग से पचास लाख से अधिक शौचालय बनाए गए। साफ पानी सबको मिले, इसकी व्यवस्था की जा रही है। भारत के गाँवों को विकसित करने के उद्देश्य से कृषि सेक्टर को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसा लगता है, जैसे हमारे प्रधानमंत्री जी कह रहे हों, चलो गाँव की ओर। गाँव में ही भारत की आत्मा बसती है। चाहे वह ब्राड बैंड कनेक्टिविटी देने की बात हो या अस्पताल खोलने की बात हो, पशुओं की बेहतरी के लिए कार्यक्रमों की बात हो या गाँवों के डाकघरों को जन योजना से जोड़ने की बात हो, लगभग सभी के सभी केन्द्र सरकार के कार्यक्रम गाँवों को फोकस कर रहे हैं। इससे निश्चित रूप से गाँव में खुशहाली आएगी। यही कारण है कि माननीय मोदी जी ने हम सांसदों को आवाह्न किया है और उन्होंने गांव को गोद लेने की बात कही है। सांसद आदर्श ग्राम योजना सिर्फ एक गाँव को गोद लेने की योजना नहीं है अपितु यह तो सांसदों की सहभागिता से पूरे देश के गाँवों को विश्व में प्रतिष्ठित करने का प्रयास है।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER: You have asked me five minutes and I have given you five minutes. Please conclude.

श्रीमती रमा देवी **:** महोदय, मुझे एक मिनट का समय दिया जाए। हम आपसे घबराकर कि आप घंटी बजा देंगे, हम बहुत जल्दी-जल्दी अपनी बात कह रहे हैं।

आदरणीय जेटली जी सीनियर सिटीजन्स के लिए भी पेंशन कवर देने जा रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है कि गाँवों में चार करोड़ घर निर्मित होंगे, छह करोड़ और अधिक शौचालय बनेंगे, किसानों के खर्च के लिए साढ़े आठ लाख करोड़ रूपए उपलब्ध होंगे, मेक इन इंडिया से करोड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। पी.एम. बीमा सुरक्षा योजना के तहत बारह रूपए वार्षिक के प्रीमियम पर दो लाख का बीमा कवर होगा।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Please try to cooperate. You have asked for five minutes and I have given you five minutes. Please wind up. Please conclude.

श्रीमती रमा देवी **:** महोदय, हमें अन्तिम लाइन बोलने दीजिए। पी.एम.जी.एस.वाई. की सड़कों के लिए समुचित राशि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर सहित पूरे बिहार राज्य को उपलब्ध कराई जाए। सीमा सड़क को जल्द निर्मित कराने के लिए मैंने माननीय गृह मंत्री जी को कई बार पत्र लिखा है। आदरणीय गडकरी जी आगामी 26 मार्च को मेरे संसदीय क्षेत्र में आकर एन.एच. 104 का शिलान्यास करने जा रहे हैं। हम लोग इसके लिए बहुत लम्बे समय से इंतजार कर रहे थे। मैं इसके लिए आदरणीय गडकरी जी का आभार प्रकट करती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र में बैरगनिया से चकिया एवं शिवहर से कांटी तक राष्ट्रीय राजमार्ग बनने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है, उसके लिए शिवहर लोक सभा की जनता की तरफ से आभार प्रकट करती हूँ। अंत में मैं यही कहूँगी कि मोदी जी ने जिस प्रकार गुजरात को मॉडल गुजरात बना दिया, उसी प्रकार भारत को भी विश्व में अपने विकास के दम पर ख्याति प्रदान करें। मैं इस बजट का तहे दिल से भरपूर समर्थन करती हूँ। धन्यवाद।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: The lady Member belonging to the most backward class community. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: I have allowed her time.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Of course, I am not questioning you.

The way she spoke shows the type of talent that is available in the House and also their enthusiasm, one has to appreciate that. That is all.

7

श्रीमती संतोष अहलावत **(**झुंझुनू**):** महोदय, वर्ष 2015-16 का आम बजट एक सुनहरे भारत के निर्माण के लिए माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति को स्पष्ट रूप से दिखाता है। इस बार का आम बजट केन्द्र सरकार के समावेशी विकास की नीतियों को और ज्यादा मजबूती प्रदान करने वाला है।

महोदय, माननीय अरूण जेटली जी मेरे और अन्य सभी सदस्यों द्वारा बधाई के हकदार हैं। क्योंकि उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति के लिए वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की नीतियों को भी इस बजट में शामिल किया है। कृषि के विकास के लिए इस बार के बजट में महत्वपूर्ण कदम केन्द्र के द्वारा उठाए गए हैं। वर्ष 2015-16 के लिए कृषि ऋण का लक्ष्य 8.5 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो किसानों के हित में है। फसलों की गहन सिंचाई के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सिंचाई योजना का प्रावधान किया गया है तथा प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना की मद में 5300 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे पूरी उम्मीद है कि ये कदम कृषि के लिए विकास में बहुत सहायक सिद्ध होंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे साथ सदन में बैठने वाले मेरे साथी जब बजट के विपक्ष में बोलते हैं तो उनको कहने के लिए मेरे पास बहुत कुछ है, पर मैं जानती हूँ कि आप मुझे कुछ समय ही बोलने देंगे तो अपनी बात को मैं बिल्कुल थोड़े शब्दों में कहूँगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस बार का बजट अत्यंत प्रशंसनीय है क्योंकि मरीज़ों के उपयोग में आने वाले वाहनों का उत्पाद-शुल्क 24 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। कृत्रिम हृदय को पाँच प्रतिशत की बुनियादी सीमा शुल्क दी गई है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास के लिए दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना का ऐलान एक सराहनीय कदम है। निर्भया निधि में 1000 करोड़ रुपये का आबंटन महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की सतर्कता को दर्शाता है। मनरेगा की मद में सरकार के द्वारा आबंटित की गई राशि अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है जो इस योजना के प्रति केन्द्र के सकारात्मक रुख का समर्पण तथा विपक्ष द्वारा चलाए जा रहे नकारात्मक प्रचार की पोल खोलने वाला है। काला धन के विरुद्ध में कठोर सज़ा के प्रावधान को बजट में शामिल करना, केन्द्र सरकार का काला धन के विरोध में केन्द्र की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी का मेक इन इंडिया कार्यक्रम भारतीय अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। माननीय प्रधान मंत्री जी के विचार से शुरू की गई प्रधान मंत्री जन धन खाता योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। बहुत ही कम समय में इस योजना की लोकप्रियता इस बात को प्रमाणित करती है। इस बजट में सरकार के द्वारा अटल पेंशन योजना के नाम से नई योजना का ऐलान बुजुर्गों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकती हूँ कि 2015-16 का बजट संपूर्ण भारत के लिए जन-कल्याणकारी बजट है और माननीय वित्त मंत्री जेटली जी की प्रत्येक लाईन से यह बात उद्घोषित होती है कि -

"तुम अंधेरों को मेरे घर का पता बताते रहना,

मैं उन्हें उजालों में तब्दील करता रहूँगा।"

8

ओश्री अनिल शिरोले **(**पुणे**) :** पुणे में 2014-15 म एंग्री बायोटेक केन्द्र तथा देहली, मुम्बई इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर के लिए सुसुत्रीकरण समिति की स्थापना का प्रयोजन था । किसी कारणवश उसे मूर्तरूप में नहीं दिया जा सका । इन कार्यों को 2014-15 बजट में समाविष्ट किया जाए ऐसी मेरी प्रार्थना है ।

घरेलू एवं कम्युनिटी बायोगैस संयंत्र बड़े पैमाने पर स्थापन करने से स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा । ग्रामीण एवं झुग्गी-झोपड़ी वासी गरीबों को अपनी जरूरत के ऊर्जा स्रोत पर नियंत्रण प्राप्त होगा । खनिज तेल आयात करने की जरूरत में कमी तथा अन्य बहुविध लाभ होंगे । इसलिए इस कार्यक्रम को इस बजट में अहम स्थान दिया जाए, यह प्रार्थना है । इस विषय में एक टिप्पणी सादर कर रहा हूं ।

साधारणतः अनुभव होता है कि शासकीय कार्य के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर प्राप्त न होने से दुरूस्ती नहीं हो पाती जिसके फलस्वरूप कार्य में बाधा आती है । हर एक प्रोजेक्ट में प्रोएक्टिव व्यवस्थापन जानकारी व्यवस्था (एमआईएस) का प्रावधान होने से संबंधित वरिष्ठों को प्रत्येक रूकाव की जानकारी तुरंत प्राप्त होगी । इससे समस्या का निवारण होगा, कार्यान्वयन अच्छा होगा । अतः मेरा प्रस्ताव है कि प्रत्येक संकल्प के बजट में ऐसी एमआईएस का प्रावधान प्राथम्य से किया जाए । जरूरत होने पर ऐसी व्यवस्था निर्माण करने में निजी क्षेत्र का सहभाग प्राप्त किया जाए । यह कार्य कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम अंतर्गत भी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस हेतु सीएसआर के प्रावधानों को जरूरतनुसार बदलाव किया जाने से कार्य सुलभ होगा । इस विषय में एक टिप्पणी प्रस्तुत कर रहा हूं ।

नीति आयोग के कार्य को पूरक एक किफायती यंत्रणा का निर्माण होना अनावश्यक है। इस हेतु देश में निर्माण होने वाली सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सर्वत्र उपलब्ध होनी चाहिए। देश में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक संयंत्रों को इंटरनेट ऑफ थिंग्ज (Internet of Things) जैसी यंत्रणा में बांधकर एक Info Highway (सूचना महामार्ग) का निर्माण करने से जरूरी सूचना संबंधितों को तुरंत (In real time) प्राप्त होगी। शासकीय एवं अन्य कार्यों में उत्पन्न होने वाले गतिरोध पर तुरंत उपाय योजना होगी। विविध कार्यों का मूल्य मापन समय पर होगा। कार्यान्वयन में किए गए सुधार से संबंधितों को समय पर अवगत किया जाएगा। केन्द्र एवं राज्य सरकारों को एक साथ कार्य करने की सुविधा प्राप्त होगी तथा विकास कार्य गतिमान होगा। इसके लिए बजट में प्रावधान होने से कार्य को चालना प्राप्त होगी। इस विषय में एक टिप्पणी प्रस्तुत कर रहा हूं।

---

* Speech was laid on the Table

महाराष्ट्र के विदर्भ-मराठवाड़ा क्षेत्र में अनियमित वर्षा, सिंचाई का अभाव जैसे कारणवश होने वाली कृषकों की आत्महत्या एक चिंता का विषय है। इस क्षेत्र की काली मिट्टी (Black Cotton Soil) गीली होने पर जलावरोध निर्माण होता है। इस गुण को लेकर उसका मिट्टी के बांधों में कोअर (Core) बनाने में उपयोग होता है। इस क्षेत्र के भूजल का रासायनिक पृथक्करण समुंदरी जल जैसा है। इस क्षेत्र में औद्योगिक प्रदूषण नाममात्र है। इन्हीं विशिष्टताओं का उपयोग कर शिंप उत्पादन (Shrimp cultivation) बड़ी मात्रा में हो सकता है। पर्याप्त रूप के (Appropriate size & shape) गड्ढे खोदकर निकलने वाली माटी की दिवालों से उन्हें घेर लिया जाए तथा उनमें क्षारयुक्त भूजल भरने पर शिंप उत्पादन हो सकता है। दिवालों पर शेवरी (Sestania grandiflora) बबूल (Acacia nilotira) आदि लेगुमिनस (Leguminous) प्रजाति लगाई जाए। फलस्वरूप उनसे गिरने वाले पत्तों का विघटन होकर कुछ मात्रा में शिंप का खाद्य जगह पर (in situ) तैयार होगा। इस तरह अत्यंत किफायती उत्त्व प्रतीके शिंप की पैदावार होगी। यह उत्पाद देश-विदेशों में बेचने से बड़ी मात्रा में धन (कुछ विदेशी मुद्रा के रूप में) उपलब्ध होगा। कृषक अर्थ-संपन्न होंगे। वर्षा की अनियमितता से उत्पन्न होने वाली विवचना से मुक्त होंगे। यह कार्य पर्यावरणपूरक भी होगा तथा व्यापक रूप से किया जा सकता है। अतः मेरी प्रार्थना है कि इस कार्य के लिए किमान प्रयोग के रूप में (Pilot Basis) बजट में पांच करोड़ रूपयों का प्रावधान कर इस कार्य का आरंभ आने वाले दो माह में किया जाए। यह कार्य विदर्भ की पूर्णा घाटी से शुरू करना उचित होगा।

कंपनी स्थापना करते समय उदयोजकों को विविध प्रावधानोनुसार शासन को शुल्क देय होता है। ऐसे समय उदयोजक को निधि की तुटि का सामना करना पड़ता है। यह कठिनाई निवारण हेतु ऐसा प्रावधान किया जाए कि ऐसे सभी शुल्क कंपनी की स्थापना होने के पश्चात पांच साल होने पर या पर्याप्त मुनाफ होने वाले वर्ष (जो भी बाद में हो) देय होंगे।

9

SHRI ABHIJIT MUKHERJEE (JANGIPUR): Sir, I thank you very much for giving me the chance to speak on the General Budget 2015-16. I am also thankful to our leader for giving me this chance.

I rise not just to merely criticise the Union Budget, but to point out that through a decision taken in the Budget, the Union Government has jeopardised a few schemes which could have grave repercussions on our security.

I am referring to two specific schemes – Backward Region Grant Fund and Border Area Development Programme.

The first, the BRGF, was meant to build infrastructure in the districts which were extremely backward and potential targets for anti-Indian extremist groups such as the Naxalities.

This was done to connect these very poor districts to the rest of India, to help people have a better life and have faith in the idea that India is not just for the rich and those who live near big cities like Delhi, Mumbai, Kolkata and Chennai but for all.

The second scheme, the BADP, was meant to build infrastructure in remote areas, sensitive border areas to give security to our local people as well as the security forces which can maintain the border areas, particularly the Indo-Bangladesh border, the Punjab Border, etc. That road was to be built under this particular scheme. Other infrastructure could be used by your Defence Forces in times of need. Unfortunately, the Government seems to have made up its mind to throttle these well-meant schemes.

In previous years 2011-2012 and 2012-2013, the UPA Government had allocated approximately Rs.6,000 to Rs.7,000 crore for the BRGF Scheme. Now, it was cut down in the last financial year to Rs.3,450 crore; and currently it has been referred to the State.

HON. DEPUTY SPEAKER: After Shri Mukherjee's speech, Shrimati Priyanka Singh Rawat would be the last speaker. Till then, we are extending the time of the House.

SHRI ABHIJIT MUKHERJEE : This year the scheme which has a national priority has been transferred to the States. We are not sure whether the States would spend on the backward areas or not. As for the Border Area Development Programme, it seems this would have a slow death because of the said reason. Money for this has remained static for the last three years or so. You would appreciate that those who live in border areas suffer a lot of problems which many of us may not be aware of. Like in the border areas, particularly constituency bordering Bangladesh, cattle lifting, smuggling of cattle is rampant. Smugglers are practically holding the locals to ransom. We are facing problems from our own border police because they are unable to differentiate between the locals and Bangladeshi smugglers. These border area people deserve at least better living, connectivity, etc.

The constituency I represent is basically in the border area and also a very backward area. The BRGF and the BADP funds are required for this particular constituency. Not just my constituency, many MPs who are representing backward areas have to face the same kind of problems. So, I would request the hon. Minister to look into this and to allocate the requisite funds.

Our hon. Finance Minister, last year, visited our constituency in February, 2014. A new Military Station is coming up. I would request the hon. Minister to allocate funds so that work would start. This would act as an air defence mechanism of Indian Army for the whole of eastern part of India, and it extends up to the China border.

There was announcement to set up a Jangipur Mega Food Park to be run by the IFCI, the State Government and a few private partners. It has not been taken up. This commitment of the Central Government should be fulfilled by providing funds so that work would start forthwith. As you know, Ganges get bifurcated in the Jangipur constituency. One stream flow which is named as Padma from Bangladesh and the other is Ganges, the Bhagirathi. We could see land erosion here. The time has come to take immediate action to protect these embankments. Both the rivers are inching towards each other. In between, there is a distance of four to five kms. At one point of time, it has come close to 1.5 kms. only. In that case, the whole Farakka Barrage Authority project will get jeopardized; and Ganga would get dried. In view of that, I once again request the hon. Minister to allocate funds. Thank you very much for giving me time.

0

श्रीमती प्रियंका सिंह रावत **(बाराबंकी) :** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे आम बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा अभी जो आम बजट पेश किया गया है, उसकी जितनी भी तारीफ़ की जाए, वह कम है। इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देती हूं। बजट न केवल सरकार की आय-व्यय का लेखा-जोखा है, बल्कि एक आईना है, जो कि हमारी सरकार के द्वारा आगामी वर्षों में देश के समग्र विकास के लिए उठाए जाने वाले कार्यक्रमों का एक समग्र विवरण है।

महोदय, पिछले वर्ष मई माह में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी। उस समय देश की अर्थव्यवस्था अनेक कठिनाइयों से गुजर रही थी। नवम्बर, 2012 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार मुद्रास्फीति 11.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2013 की पहली तिमाही में चालू खाता का घाटा जीडीपी के 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गया था। मार्च, 2014 तक सामान्य विदेशी निवेश अन्तर्प्रवाह 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। देश में दुर्भाग्य एवं निराशा की भावना थी और निवेशक समुदाय का भरोसा सरकार पर से प्रायः खत्म हो चुका था। एक के बाद एक घोटाले एवं प्रशासनिक शिथिलता की वजह से आम जनता में सरकार को लेकर गुस्से की भावना भर गई थी।

जब से माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी, तब से हमारी सरकार ने दिन-रात काम किया, जिससे देश के समक्ष बने निराशाजनक वातावरण को दूर किया गया और देश की आम जनता तथा निवेशक वर्ग में एक विश्वास पैदा हुआ है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है तथा प्रशासन में गतिशीलता आई है। जो बजट पेश किया गया है, वह इस बात का प्रमाण है कि देश की जो स्थिति पिछले वर्ष थी, उसमें उत्साहजनक सुधार हुआ है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार मुद्रास्फीति 11.2 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत हो गई है और थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार देखें तो पिछले वर्ष की तुलना में मुद्रास्फीति ऋणात्मक हो गई है। जीडीपी की वृद्धि दर 7.4 हो गई है और यदि यही गति जारी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब जीडीपी वृद्धि दर दहाई अंक में होगी। देश में विदेशी मुद्रा अन्तर्प्रवाह 55 बिलियन डॉलर बढ़ा है, जिससे विदेशी मुद्रा भण्डार 340 बिलियन डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रूपया विश्व के अन्य प्रमुख देशों की तुलना में पहले से 6.4 प्रतिशत मजबूत हुआ है। अर्थव्यवस्था में हुए इन सुधारों को दुनिया के देश भी मानने लगे हैं कि यह समय भारत के लिए प्रगति के पथ पर उड़ान भरने का समय है।

महोदय, सरकार के पिछले 6 माह के अनवरत अथक प्रयासों के बजट से न केवल देश का आर्थिक विकास हुआ है, अपितु सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक क्षेत्रों में भी अनेक उपलब्धियां हुई हैं। प्राकृतिक संसाधनों के आबंटन, वित्तीय समावेशन, आम आदमी के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, बालिकाओं की शिक्षा, युवाओं के लिए रोजगार, निवेश एवं रोजगार सृजन, श्रमिकों के कल्याण, युवाओं का कौशल विकास, उत्तर-पूर्वी राज्यों को मुख्यधारा में लाने और हमारे राष्ट्रीय गौरव तथा संस्कृति के पुनरूद्धार के लिए कार्य किए गए, जो कि अत्यन्त सराहनीय हैं। इसके लिए पूरी सरकार बधाई की पात्र है।

महोदय, मैं अंत में इतना ही कहना चाहती हूं कि विपक्ष के जो लोग सरकार की आलोचना करते हैं, कमियां गिनाते हैं, यदि वे गौर से देखें तो हमारी इस बात से सहमत होंगे कि सरकार ने पिछले तीन महीने में समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र पर ध्यान दिया और आगे भी इसी दिशा में कार्य कर रही है। अतः मैं विपक्ष में बैठे सदस्यगण से निवेदन करती हूं कि अनावश्यक सरकार की आलोचना करने के स्थान पर अच्छे कार्यों के लिए सरकार का साथ दें। इस संबंध में मैं दो लाइन कहना चाहती हूं - "जिन्दगी की अभी असली उड़ान बाकी है, अभी तो कई इम्तिहान और बाकी हैं, अभी तो नापी है मुट्ठी भर जमीन, अभी तो सारा आसमान बाकी है। "

इसी के साथ मैं अपनी वाणी को यहीं विराम देती हूं, जयहिन्द, जयभारत।

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 17th March, 2015 at 11.00 a.m.

22.39 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, March 17, 2015/Phalguna 26, 1936 (Saka).

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Treated as laid on the Table.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the T able.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* Speech was laid on the Table